राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खंबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 189 | रांची, मंगलवार, 15 सितंबर 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




### आज का दिन

आज डिजिटल और इंटरनेट के दौर में भले ही दूरदर्शन नई पीढ़ी के लिए उतना परिचित न हो, लेकिन पिछली पीढ़ियों की यादों में इसका खास स्थान है। भारत में टेलीविजन प्रसारण की शुरूआत से लेकर देश के कोने-कोने तक इसकी पहुंच बनने की कहानी दूरदर्शन के साथ जुड़ी हुई है। 15 सितंबर 1959 को सरकारी प्रसारक के रूप में दूरदर्शन की स्थापना हुई।

# एमएमडीआर संशोधन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी हेमंत सरकार : वित्त मंत्री

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के विरोध के बावजूद खान एवं खनिज विकास (एमएमडीआर) संशोधन अधिनियम 2026 राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानूनी रूप में आ गया है. इस नये कानून के आने के बाद झारखंड सरकार को दोहरी क्षति हुई है. पहला हेमंत सरकार के द्वारा लगातार केंद्र पर कोयला रॉयल्टी और जमीन लगान का 1.36 लाख करोड़ का बकाया होने का दावा खत्म हो गया है। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार कोई सेस नहीं लगा पायेगी. क्योंकि इस कानून में स्पष्ट है कि कोई भी राज्य खनिज पर कोई सेस नहीं लगाएगा और न ही किसी पिछले बकाए का भुगतान होगा. ऐसे में अब हेमंत सरकार ने इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है।



### झारखंड के परिपेक्ष्य में एमएमडीआर है काला कानून : वित्त मंत्री

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्र के खान एवं खनिज विकास (एमएमडीआर) संशोधन अधिनियम 2026 को झारखंड के संदर्भ में काला कानून बताते हुए एक बार फिर कड़े शब्दों में निंदा की है. उन्होंने कहा कि यह संकल्प लिया है कि किसी भी हालत में सेस की राशि लेते रहेंगे और इस कानून के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगायेगी. उन्होंने कहा कि इसको लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वीकृति दे दी है। ईटीवी भारत से बात करते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इस संशोधन अधिनियम के लागू हो जाने से झारखंड सरकार का केंद्र पर कोयला रॉयल्टी और जमीन लगान का बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपए का दावा खत्म हो गया है. झारखंड सरकार इसके खिलाफ दोनों फ्रंट पर लड़ेगी पहला इस मुद्दे को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे और दूसरा रास्ता सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का है।

### राज्य सरकार को होगी करीब 14 हजार करोड़ की क्षति : वित्त मंत्री

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जमीन हमारी, खनिज हमारा और उससे होने वाली आमदनी केंद्र का हो, यह नहीं चलेगा. माइनिंग के बाद ट्रांसपोर्टेशन में सड़कें खराब होती है तो राज्य सरकार बनाए, लोगों का स्वास्थ्य खराब हो हम ठीक करें, पर्यावरण प्रदूषित होता है उसपर हम ध्यान दें और खनिज केंद्र लेकर जाए, ऐसा नहीं होगा. उन्होंने कहा कि जहां तक सेस की बात है तो हमने सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश पर झारखंड विधानसभा से पास कराकर इसे लागू किया था. इससे जो हमारी करीब 14000 करोड़ की क्षति होगी, उसे हम किसी भी हालत में लेकर रहेंगे।

## झारखंडी का हक और अधिकार छिनने वाला है एमएमडीआर कानून : विनोद पांडेय

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**रांची।** नए एमएमडीआर बिल के कानून का रूप लेने के बाद झामुमो ने इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन और अदालती लड़ाई लड़ने की घोषणा की है. पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने झामुमो के केंद्रीय कैंप कार्यालय में मीडिया से बातचीत में इसकी घोषणा की. उन्होंने बताया कि एमएमडीआर कानून हर झारखंडी का हक और अधिकार छिनने वाला कानून है और हर मोर्चे पर झामुमो इसका विरोध करेगा।

### काले कानून को बर्दाश्त नहीं करेगा झारखंडी!

झामुमो नेता विनोद पांडेय ने केंद्र सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करने की घोषणा करते हुए बताया कि कोई भी झारखंडी इस काले कानून को बर्दाश्त नहीं करेगा. पार्टी के केंद्रीय महासचिव ने कहा है कि राज्य सरकार और झारखंड की जनता, अपने हक और अधिकार के प्रति पूरी सजग है. उन्होंने कहा कि जिस तरह से एमएमडीआर कानून बनाया गया है, उससे झारखंड के लोगों का हक और अधिकार प्रभावित होते हैं, इसलिए पार्टी हर स्तर पर इसकी लड़ाई



लड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक मंच या पार्टी तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि झामुमो सड़क से लेकर सदन तक और जरूरत पड़ी तो न्यायपालिका तक अपने संघर्ष को आगे बढ़ाएगा. विनोद पांडेय ने साफ शब्दों में कहा कि चाहे सड़क में हो, सदन में हो या न्यायपालिका में हो, हर जगह इस राज्य के लोगों के हक और अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी।

### भाजपा सरकार कुचल रही है हक और अधिकार

झामुमो केंद्रीय महासचिव ने आरोप लगाते हुए कहा कि जहां-जहां भाजपा की नीतियों का विरोध करने वाले दलों की सरकारें हैं, वहां के लोगों का हक और अधिकार इसी तरह केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा कुचला जा रहा है. केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार पर हमारा बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ की राशि, अब ब्याज के साथ बढ़कर 1 लाख 50 हजार करोड़ हो गया है।









## गणेश चतुर्थी की धूम, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री के घर लगा गणपति बप्पा मोरया का जयकारा



**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**रांची।** विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव पर सोमवार रांची सहित देशभर में धूम है. बुद्धि, समृद्धि व सौभाग्य के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाला गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर पारंपरिक रूप से भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की गई और लोगों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए। गणेश चतुर्थी के मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की. उन्होंने लोगों को गणेश चतुर्थी की बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि हमारे देश की पहचान यही है कि हम कोई भी पर्व मनाते हैं तो पूरे देश की कल्याण के लिए मंगलकामना करते हैं. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में यह वृहद रूप से मनाया जाता है. इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची की मेयर रोशनी खलखो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे. 14 से 20 सितंबर तक आयोजित श्री गणपति के पूजन उत्सव पर भारी भीड़ जमा होती है और कई कार्यक्रम का आयोजन होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार गणेश चतुर्थी भाद्रपद शुक्ल पक्ष के चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है. मान्यता यह है कि इनकी आराधना से सुख समृद्धि, अच्छी सेहत और तरक्की होती है. इस मौके पर मोदक जो गणेश जी को खास पसंद है उसे चढ़ाया जाता है और लोगों के बीच प्रसाद के रूप में बांटा जाता है. कहा जाता है कि भगवान श्री गणेश को मोदक सबसे ज्यादा पसंद है. यही वजह है कि इस अवसर पर लोग उन्हें मोदक भोग लगाते हैं।

## प्रिंस खान का भाई बंटी खान कोलकाता से गिरफ्तार

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने वासेपुर के कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई बंटी खान को पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से कोलकाता से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बंटी खान फर्जी दस्तावेजों के सहारे दुबई भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के बाद धनबाद लाए जाने पर पुलिस ने उसका सड़क पर परेड कराया। इस दौरान वासेपुर में कुछ लोगों ने उस पर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे सुरक्षित वहां से निकाल लिया। पुलिस के अनुसार, बंटी खान के खिलाफ हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और आपराधिक साजिश समेत एक दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। गुप्त सूचना मिली थी कि वह कोलकाता में छिपा हुआ है और अंतरराष्ट्रीय उड़ान के जरिए दुबई भागने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद धनबाद पुलिस की विशेष टीम



कोलकाता भेजी गई। पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान तलाशी में उसके पास से वैध पासपोर्ट के अलावा फर्जी पासपोर्ट और वीजा भी बरामद किए गए। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी दस्तावेज किसने उपलब्ध कराए और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। धनबाद लाए जाने के बाद पुलिस ने बंटी खान को हथकड़ी लगाकर और कमर में कानून का रस्सा बांधकर सड़क पर परेड कराई। उसके साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी चल रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई को देखने के लिए कुछ देर के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई। कई लोगों ने वाहन रोककर कार्रवाई देखी।

# UCC को लेकर बीजेपी-जेडीयू में ठनी, किसी हालत में इसे बिहार में लागू नहीं होने देंगे : श्याम रजक

**एजेंसी**

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2029 से पहले देश के 21 राज्यों में वउउ लागू करने की बात कही है. केंद्रीय गृह मंत्री की घोषणा के बाद जदयू की बेचैनी बढ़ गई है. जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा केंद्रीय गृह मंत्री से इस मामले में बातचीत करेंगे. इधर जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा है कि बिहार में वउउ को कभी लागू नहीं होने देंगे. केंद्र में हमने जरूर समर्थन दिया था, लेकिन हमारे नेता शुरू से इसके विरोध में रहे हैं। फुलवारी शरीफ से जदयू के विधायक श्याम रजक ने कहा कि बिहार में गठबंधन की सरकार है. बीजेपी के मुख्यमंत्री सम्राट




चौधरी जरूर हैं लेकिन सरकार गठबंधन की चल रही है. इसलिए हम लोग बिहार में इसे लागू नहीं होने देंगे। जब यह बिल संसद में आया था तब हमारे नेता (नीतीश कुमार) ने साफ कहा था कि मैं बिल का समर्थन करता हूं, लेकिन अपने राज्य में इसे लागू नहीं होने दूंगा. हम उस बात पर कायम हैं।"- श्याम रजक, विधायक, जेडीयू

### RJD ने कहा- सभी अपनी स्थिति स्पष्ट करें

UCC को लेकर राजद ने विरोध जताते हुए कहा है कि भाजपा अपने एजेंडा की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है और संविधान के अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश में लगी है. आरजेडी प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि जदयू, हम, लोजपा (रामविलास) और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि बीजेपी के एजेंडा को स्वीकार करते हैं या बाबा साहब अंबेडकर के संवैधानिक व्यवस्था को, जिसमें सभी धर्म के लोगों को समान रूप से अधिकार मिला हुआ है.

### UCC लागू होना भी चाहिए- BJP

केंद्रीय मंत्री व बीजेपी के राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि बहुत सारे प्रदेश यूसीसी को लागू भी कर चुका हैं और आने वाले दिनों में कई प्रदेश इसे लागू भी करेंगे. ये देश हित में जरूरत भी है. निश्चित रूप से गृह मंत्री ने सोच समझ के बयान दिया होगा. पूरा काम करके ही वो बयान देते हैं. लागू होना भी चाहिए।

# हिंदी की प्रगति के लिए अन्य भारतीय भाषाओं का सम्मान और संरक्षण जरूरी : अमित शाह

**एजेंसी**

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नवी मुंबई में कहा कि हिंदी की प्रगति तभी सार्थक होगी, जब वह अन्य भारतीय भाषाओं की गरिमा, संवर्धन और संरक्षण सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने हिंदी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए भारत की भाषाई विविधता को देश की ताकत बताया। नवी मुंबई में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



अमित शाह ने कहा कि भारत की अनेक भाषाएं किसी कमजोरी का संकेत नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय भाषा का अपना इतिहास, लोक परंपरा और विश्वदृष्टि है, जो नई पीढ़ी के मूल्यों और दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भाषाई विविधता देश में 'विविधता में एकता' की भावना को भी मजबूत करती है। गृह मंत्री ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि किसी समाज की ह्लस्मृतिह्व और ह्लआत्म-जागरूकताह्व भी होती है। हिंदी ने संवाद, संपर्क और समन्वय की भाषा के रूप में विभिन्न वर्गों और समुदायों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमित शाह ने कहा, ह्लहिंदी की प्रगति तभी सार्थक होगी जब वह अन्य भारतीय भाषाओं की गरिमा, संवर्धन और संरक्षण सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हिंदी को किसी एक भाषा के प्रतिनिधि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसे भारत की विभिन्न भाषाओं और राष्ट्रीय एकता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में समझने की जरूरत है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गुजराती उनकी मातृभाषा है, लेकिन हिंदी उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों से सीधे जुड़ने में मदद करती है। उन्होंने युवाओं से अपनी मातृभाषा से जुड़े रहने के साथ दुनिया से सीखने का आह्वान किया। साथ ही माता-पिता से बच्चों के साथ उनकी मातृभाषा में संवाद करने की अपील की।

शाह ने कहा, ह्लभाषा ही वह माध्यम है जो हमें हमारी मातृभूमि, हमारी मिट्टी, हमारे इतिहास और हमारी संस्कृति से जोड़ती है।

उल्लेखनीय है कि 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अपनाया था। इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई के मशहूर लालबाग के राजा श्रीगणेश का किया दर्शन

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को अपने परिवार के साथ मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग के राजा श्री गणेश के दर्शन किए। इस दौरान उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जयेश शाह, बेटी और पोती भी मौजूद थीं। मुंबई सहित समूचे महाराष्ट्र में सोमवार से गणेशोत्सव पूरे हर्ष और उल्हास के साथ मनाया जा रहा है। मुंबई में दो दिवसीय दौरे पर रहे अमित शाह भी लालबाग के राजा का दर्शन करने सपरिवार पहुंचे थे। इस दौरान लालबाग के राजा गणेशोत्सव में आम जनता के लिए दर्शन सुरक्षा कारणों से स्थगित कर दिया गया था। अमित शाह के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार ,मंत्री आशीष शेलार और मंगल प्रभात लोढ़ा भी उपस्थित थीं । लालबाग के राजा श्री सर्वजनिक गणेशोत्सव मंडल के अध्यक्ष बालासाहेब कांबले, उपाध्यक्ष सागर गुप्ता और मानद सचिव सुधीर साल्वी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत किया। इसी तरह अमित शाह ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सरकारी आवास ह्यवर्षाह्न में स्थापित श्री गणेश के दर्शन किए और आरती में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनकी पत्नी अमृता फडणवीस ने अमित शाह और उनकी पत्नी सोनल शाह का स्वागत किया। इसके बाद अमित शाह ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सरकारी आवास ह्यनंदगिरीह्न में भी श्री गणेश के दर्शन किए और आरती की। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अमित शाह और उनकी पत्नी सोनल शाह का स्वागत किया। अमित शाह ने अपने परिवार के साथ बांद्रा पश्चिम सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल में भी श्री गणेश के दर्शन किए।




# डीवीसी सीएसआर, मैथन डैम द्वारा पश्चिम बंगाल एवं झारखण्ड में ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**मैथन।** दामोदर घाटी निगम, मैथन डैम परियोजना द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने तथा स्थानीय स्तर पर खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल एवं झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन/प्रायोजन किया गया।झारखण्ड क्षेत्र में आयोजित ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न पंचायतों के स्थानीय फुटबॉल क्लबों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोरेन स्टार क्लब, तिलकाडी एवं जे.एफ. गोगना के बीच खेला गया।रोमांचक मुकाबले में सोरेन स्टार क्लब,तिलकाडी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।प्रतियोगिता में सचिन बास्की को मैन ऑफ द सीरीज तथा नीरज मुर्मू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।इसी क्रम में पश्चिम बंगाल क्षेत्र में आयोजित ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न पंचायतों के स्थानीय क्लबों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बथानबाड़ी एवं जमतल की टीमों के बीच खेला गया,जिसमें बथानबाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (बेस्ट प्लेयर) का पुरस्कार संजय, बथानबाड़ी को प्रदान किया गया।इस अवसर पर डॉ. कौशलेंद्र कुमार, प्रबंधक (सीएसआर), डीवीसी मैथन डैम ने कहा, ‟डीवीसी अपने नैगम सामाजिक दायित्व के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के विभिन्न आयामों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य और अनुशासन को बढ़ावा नहीं देता, बल्कि युवाओं में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का भी विकास करता है। ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना तथा उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। डीवीसी भविष्य में भी स्थानीय समुदाय के सहयोग एवं सहभागिता से युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी सार्थक पहलों को प्रोत्साहित करता रहेगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से डीवीसी ने ग्रामीण युवाओं को खेल के लिए बेहतर अवसर एवं मंच उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के साथ अपने सहयोगात्मक संबंधों को और सुदृढ़ किया। खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर युवा सशक्तीकरण एवं सामुदायिक विकास की दिशा में डीवीसी सीएसआर, मैथन की सराहनीय पहलई यह पहल युवा सशक्तीकरण, सामुदायिक सहभागिता तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में डीवीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।प्रतियोगिताओं के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, खेलप्रेमी एवं समुदाय के लोग उपस्थित रहे। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे आयोजन का आनंद लिया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन से स्थानीय युवाओं में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली।

## एक नजर

### विशेष नि:शुल्क स्वास्थ जांच शिविर



वर्ल्ड फर्स्ट-एड दिवस के मौके पर आकांक्षा सोशल एजुकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं डॉ.बी.कुमार क्लीनिक, हरमू, रांची के द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन 13 सितंबर 2026(रविवार) सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक शुभाश्री अपार्टमेंट, बरियातू रोड (आरोग्य भवन के सामने), रांची में किया गया। शिविर में लगभग 65 मरीजों का इलाज किया गया एवं उचित दवाएं और जरूरी जांच की भी सलाह दी गई। बता दें कि डॉ.बी.कुमार रांची के आर्किड हॉस्पिटल के कंसल्टेंट कार्डियक, डायबिटिक और फिजिशियन हैं। हरमू रोड, रांची में इनका अपना क्लीनिक भी है। शिविर में डॉक्टर परामर्श, दवाइयां एवं कुछ जरूरी जांच बिल्कुल मुफ्त में किया गया। सोसाइटी के सभी लोगों ने इस स्वास्थ शिविर के आयोजन के लिए डॉ.बी.कुमार और टीम को धन्यवाद कहा और सभी लोगों का सहयोग काफी सराहनीय रहा। शिविर में विशेष रूप से आकांक्षा सोसाइटी के शर्मिला गोस्वामी, विवेक चांद, सतीश अग्रवाल, रिंटू सिंह, कौशिक चांद, सुशांत साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस शिविर को सफल बनाने में कुछ दवा कंपनी जैसे ओल्केयर लेबोरेटरीज, सिंटिगो लाइफसाइंस, इंटास, लुपिन का भी सहयोग रहा।

### कुरमाली गीत का सुटिंग मुरी टुंगरी पार्क में आयोजित किया गया



मुरीः-डॉ राजाराम महतो की जीवनी पर आधारित कुरमाली गीत माड़ भात खांइ ताउ। बेटि के लिखाउ पढ़ाउ।। डॉ राजाराम महतोइ कहउ। बेटि के तबउ लिखाउ पढ़ाउ।। और एक कुरमाली गीत केनिआइ कर करम साड़ी। बरेक छाता धती ना भुलिहा।। कुरमाली गीत का सुटिंग मुरी टुंगरी पार्क में किया गया। सुटिंग कार्यक्रम में कुरमाली गीत गायिका रेबती महतो ने गीत गाया है।सुटिंग कार्यक्रम में कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो,डॉ बी एन प्रमाणिक, कुरमाली कवि देवेन्द्र नाथ महतो,कवि बंशीधर महतो, संजय मेहता, कृष्णा महतो, कल्याणी महतो, मल्लिका रानी महतो,उषा रानी महतो, ससीमा महतो, नीलमणि महतो आदि लोगों के अलावे बहुत से लोग मौजूद थे।

### कुरमाली पुस्तक (बारअ मासे तेरअ परब) का लोकार्पण डॉ राजा राम महतो ने किया



मुरीः-मुरी टुंगरी पार्क में डॉ राजाराम महतो ने बारअ मासे तेरअ परब किताब का लोकार्पण करते हुए कहा इस किताब में पांच परगना क्षेत्र में मनाया जाने वाला त्यौहार का विस्तृत से वर्णन है। यह किताब छात्रों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।इस किताब को पढ़कर लोग अपनी परंपरागत परब त्यौहार को समझ सकेंगे।यह किताब देवनागरी लिपि और बांग्ला लिपि में लिखी गई है।इस किताब को करम आखड़ा मुरी के सदस्य और लेंगहातु कलवाडीह गांव निवासी भगीरथ महतो ने लिखा है।देवा भुता की पारंपरिक पुजा का भी वर्णन है। कुरमाली भाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक देवेन्द्र नाथ महतो ने भी इस किताब की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा यह किताब समाज के लिए काफी फायदेमंद होगा। लोकार्पण समारोह में पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू के कुरमाली भाषा विभागाध्यक्ष डॉ बी एन प्रमाणिक ने इस किताब की प्रसंशा की तथा लोगों से इस तरह की किताब लिखने की अपील की, ताकि हमारे पांच परगना क्षेत्र की संस्कृति बांची रहे। लोकार्पण समारोह में मुक्तिपदो महतो, कुरमाली कवि बंशीधर महतो,संजय मेहता,कुरमाली कवि शिल्पी रेबती महतो, कल्याणी महतो, सशीमा महतो,मल्लिका रानी महतो,उषा रानी महतो,नील मनी महतो के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

### गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गूंजा कटकमसांडी, चट्टी व शाहपुर में स्थापित हुई गणेश प्रतिमा



कटकमसांडी। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर कटकमसांडी प्रखंड के चट्टी सहित शाहपुर व अन्य गांवों में बुद्धि एवं विवेक के प्रतीक भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। गणेश उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में भक्त पूजा पंडालों में पहुंचे और भगवान गणपति का दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। ‟गणपति बप्पा मोरिया” के जयघोष से कटकमसांडी गूंज उठा। वहीं गणेश भजनों और भक्तिमय संगीत पर युवा एवं बच्चे जमकर थिरकते नजर आए। आकर्षक ढंग से सजाए गए पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे। रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से सजे पंडालों की सुंदरता देखते ही बन रही थी। गणेश उत्सव को लेकर गांवों में दिनभर उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा। पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और लोगों ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। इधर, गणेश पूजा के दौरान क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस भी सतर्क रही। कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश एवं पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थापित गणपति पूजा पंडालों के आसपास पेट्रोलिंग करते नजर आए। पुलिस की सक्रियता के कारण पूजा स्थलों पर शांतिपूर्ण माहौल बना रहा।

### 15 सितंबर को कटकमसांडी में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैफाली गुप्ता



कटकमसांडी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती शैफाली गुप्ता मंगलवार, 15 सितंबर को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। इस दौरान वे गणपति पूजा समारोह में शामिल होने के साथ-साथ शोकाकुल परिवारों से मुलाकात करेंगी तथा सामाजिक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्रीमती शैफाली गुप्ता शाम 6 बजे कटकमसांडी चट्टी स्थित गणपति पूजा समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद 7 बजे शाहपुर में आयोजित गणपति पूजा में भाग लेंगी। वहीं, शाम 7:30 बजे हेसाकुदर में शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करेंगी। इसके बाद रात्रि 8:30 बजे आराभुसाई पहुंचकर मुखिया श्री आदित्य दांगी के आवास पर आयोजित द्वादश कार्यक्रम में शामिल होंगी।

## सुहाग की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला तीज व्रत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सोमवार को हरितालिका तीज व्रत की धूम रही। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना को लेकर पूरे दिन निर्जला उपवास रखा। शाम को महिलाओं ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। तीज को लेकर सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने नए वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार किया और पूजा की तैयारियों में जुटी रहीं। गांवों में कई स्थानों पर सामूहिक रूप से तीज व्रत की पूजा-अर्चना की गई। व्रती महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की कथा सुनी तथा पति की लंबी आयु और परिवार में सुख-शांति की प्रार्थना की। वहीं, तीज को लेकर कटकमसांडी के बाजारों में भी काफी चहल-पहल रही। पूजा सामग्री की दुकानों पर भांग, धतूरा, बेलपत्र, कासी के मनमोहक सफेद फूल, नारियल, रोली-सिंदूर समेत अन्य पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी हुई। इसके अलावा पीडुकिया सहित विभिन्न पारंपरिक पकवानों की खुशबू से बाजार गुलजार रहा। तीज पर्व को लेकर बाजारों में देर तक महिलाओं की भीड़ देखी गई।

# डीवीसी मैथन डैम परियोजना में हिंदी पखवाड़ा-2026 का भव्य शुभारंभ

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**मैथन।** राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीवीसी, मैथन डैम परियोजना में हिंदी पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री प्रवीर चाँद, वरिष्ठ महाप्रबंधक (सिविल) ने परियोजना प्रधान महोदय के संदेश का वाचन किया, जबकि शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ महाप्रबंधक (सीटीसी) ने माननीय गृह मंत्री महोदय के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर प्रवीर चाँद, वरिष्ठ महाप्रबंधक (सिविल) ने कहा, ‘हिंदी हमारी राजभाषा होने के साथ-साथ कार्यालयीन कार्यों को सरल, सहज और प्रभावी बनाने का सशक्त माध्यम है। हमें हिंदी के प्रयोग को केवल हिंदी पखवाड़े तक सीमित न रखते हुए अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों और पत्राचार का स्वाभाविक हिस्सा बनाना चाहिए। हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग डीवीसी की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देगा।’ शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ महाप्रबंधक (टीएससी)ने कहा, ‘राजभाषा हिंदी के प्रति सम्मान और अनुराग को व्यवहार में उतारना हम सभी का दायित्व है। हिंदी में कार्य करने से न केवल कार्यालयीन संप्रेषण अधिक सहज एवं सुगम होता है, बल्कि कर्मचारियों और आमजन के साथ संवाद भी अधिक प्रभावी बनता है। हिंदी पखवाड़ा हमें हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रगतिशील प्रयोग का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। समारोह में प्रवीर चाँद, वरिष्ठ महाप्रबंधक (सिविल), शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ महाप्रबंधक (टीएससी), सुखमय नायक, उप महाप्रबंधक (प्रशा./मा.सं.), राम कृष्ण, वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल), सुजीत कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी),पार्थो दास, वरिष्ठ प्रबंधक, डॉ. कौशलेन्द्र कुमार, प्रबंधक (सीएसआर), उदय आर्या, सुबीर दास, शोभन गंगोपाध्याय, जॉन भुइया,रवि कुमार सिन्हा, कार्यपालक (राजभाषा), राम लखन यादव, संजय कुमार संगम, संदीप पाल, परवेज अख्तर, अल्तमस हयात खान, सौरभ सिन्हा, श्रीमती अमिता जैसवाडा, राजु मुखर्जी, जयंत जाना, सुरेश मंडल सहित डीवीसी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।कार्यक्रम का सफल संचालन रवि कुमार सिन्हा, कार्यपालक (राजभाषा) द्वारा किया गया।

## झारखंड में आधुनिक फेफड़ा जांच तकनीक को बढ़ावा, डॉ. अत्रि गंगोपाध्याय बनीं राजस्थान स्टेट कॉन्फ्रेंस में गेस्ट फैकल्टी

उज्जवल दुनिया संवाददाता





**रांची।** छाती एवं फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों की जांच को अधिक सटीक और आधुनिक बनाने की दिशा में रांची की छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. अत्रि गंगोपाध्याय लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने फेफड़ों की जांच की आधुनिक तकनीक ऑसिलोमेट्री को झारखंड में सबसे पहले लाने की जानकारी दी। इस तकनीक के माध्यम से फेफड़ों की कार्यक्षमता की जांच आधुनिक तरीके से की जा सकती है। हाल ही में राजस्थान में आयोजित छाती रोग विशेषज्ञों के राज्य स्तरीय सम्मेलन (राजस्थान स्टेट कॉन्फ्रेंस) में डॉ. रात्रि गंगोपाध्याय को विशेष गेस्ट फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया। सम्मेलन में उन्होंने देशभर से आए चिकित्सकों के समक्ष ऑसिलोमेट्री तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा इस क्षेत्र में प्राप्त अपनी ट्रेनिंग और अनुभव को साझा किया।इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में राजस्थान के करीब 200 छाती रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया। झारखंड जैसे अपेक्षाकृत नए राज्य से किसी चिकित्सक को इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में गेस्ट फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया जाना राज्य के लिए भी गौरव की बात रही। सम्मेलन के दौरान डॉ. गंगोपाध्याय को सम्मानित भी किया गया। डॉ. गंगोपाध्याय ने कहा कि उनका प्रयास है कि रांची और झारखंड में मरीजों को फेफड़ों एवं छाती से संबंधित बीमारियों की आधुनिक जांच और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाकर मरीजों को समय पर और बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। उनका लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में झारखंड का नाम देशभर में और आगे ले जाना है।

### गोपाल मोहन गणेश पूजा समिति द्वारा पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन



रांचीः गोपाल मोहन गणेश पूजा समिति,गोपाल मोहन मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स,अशोक नगर,रोड नंबर 05,रांची द्वारा आज प्रथम दिन पुजारी शेखर पंडित द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश स्थापना हुई।पूजा अर्चना के बाद भगवान जी का खोला गया फिर आरती हुई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कि गई।शुभारंभ में पूर्व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश,रांची मेयर रोशनी खलखो एवं उप मेयर नीरज कुमार मौजूद रहे और भगवान जी आशीर्वाद प्राप्त किए। भव्य पंडाल का प्रारूप केदारनाथ धाम का है।दो भुजा वाले श्री गणेश जी आठ भुजा वाले शिवलिंग (अमरनाथ)में विराजमान हैं। शिव जी के आठ भुजाएं हैं। ऊंचाई 7 फिट है। आज का पूजन समारोह समिति के संस्थापक पंकज कुमार,अध्यक्ष राजू सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, महासचिव अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष विकास चौबे, संगठन मंत्री कुमार अक्षय, मीडिया सलाहकार शिव किशोर शर्मा के देख रेख में संपन्न हुआ।

## चैंबर चुनाव में जीत पर बीजेपी महानगर कोषाध्यक्ष को राज्यपाल और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने दी बधाई

उज्जवल दुनिया संवाददाता



रांचीः फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर के चुनाव में अमित अग्रवाल की प्रचंड जीत पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सोमवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर आयोजित गणेश महोत्सव के दौरान महानगर कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने राज्यपाल से मुलाकात की। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड चैंबर व्यापार और उद्योग जगत की महत्वपूर्ण संस्था है। उन्होंने अमित अग्रवाल को उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चैंबर की मजबूती से राज्य के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर संजय सेठ ने भी अमित अग्रवाल को जीत की बधाई देते हुए कहा कि झारखंड चैंबर की नई टीम व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमित अग्रवाल चैंबर के माध्यम से व्यापार जगत और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्हें बधाई देने वालों में मेयर रोशनी खलको, बीजेपी महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व संसद अजय मारू, बीजेपी महानगर की पूरी टीम, गंगोत्री कुजूर समेत अन्य लोग शामिल है।

# पश्चिमी टुंडी में दो दर्जन से अधिक जंगली हाथियों का आतंक, आठ घर ध्वस्त

## हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत, लाचार ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार से लगाई गुहार

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**टुंडीः** पश्चिमी टुंडी के मनियाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जाताखुंटी पंचायत के ढोंगाबेड़ा मौजा स्थित मोहली टोला में रविवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। ग्रामीणों के अनुसार दो दर्जन से अधिक हाथियों के झुंड ने बराकर नदी पार कर गांव में प्रवेश किया और आठ घरों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के आतंक से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड पड़ोसी जिला गिरिडीह के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के पंडरी-मोहलडीह की ओर से बराकर नदी पार कर मोहली टोला पहुंचा। इसके बाद हाथियों ने घरों को तोड़ना शुरू कर दिया। घरों में रखे चावल समेत अन्य खाद्य पदार्थों को हाथियों ने खा लिया और बिखेर दिया। घरेलू उपयोग की कई आवश्यक वस्तुएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि अधिकांश सामान टूटे मकानों के मलबे में दब गया । हाथियों के हमले में 73 वर्षीय मोती मोहली भी घायल हो गए। बताया गया कि मोती मोहली अपनी पुत्री एवं दामाद के घर शांतिपूर्वक रहने के लिए आए हुए थे। इसी दौरान हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर पटक दिया, जिससे उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई और पैर टूट गया। घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखा गया। वक्ताओं ने बताया कि हाथियों के गांव में प्रवेश करने की सूचना मिलने के बाद वे रात करीब 10:30 बजे से 12:30 बजे तक अपने कुछ सहयोगियों के साथ मौके पर डटे रहे। इस दौरान वन विभाग के पदाधिकारियों से मोबाइल फोन के माध्यम से लगातार सहयोग की अपेक्षा की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार फोन करने पर किसी का मोबाइल बंद मिला, जबकि कुछ नंबरों पर घंटी बजती रही। कुछ लोगों ने आने की बात कही, लेकिन समय पर टीम मौके पर नहीं पहुंची। मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेम्ब्रम एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश हेम्ब्रम सहित ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग की मशालची टीम मौके पर पहुंच जाती तो हाथियों के उत्पात से इतने बड़े पैमाने पर नुकसान से बचा जा सकता था। हाथियों के आतंक के बीच चरककला के ग्रामीणों ने भी साहस दिखाया। बरूण कुमार सिंह, पंचानन सिंह, गिरिश सिंह एवं रण्जीत सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने मोहली टोला से सटे भोगता/पुजहर टोला की ओर हाथियों को बढ़ने से रोकने और ग्रामीणों को सुरक्षित रखने में सहयोग किया। ग्रामीणों की तत्परता से आसपास के अन्य घरों को नुकसान से बचाने का प्रयास किया गया।लगातार जंगली हाथियों के गांवों में पहुंचने और घरों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, वन विभाग तथा हेमंत सरकार से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत एवं उचित मुआवजा देने, घायल बुजुर्ग के इलाज की व्यवस्था कराने तथा हाथियों के आतंक से स्थायी निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# हिंदी को विज्ञान, नवाचार और रोजगार से जोड़ने की जरूरत : मंजूनाथ भजंत्री

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** रांची में सोमवार को हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कवियों, साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने की। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक देश को एक सूत्र में पिरोती है। यह केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और भावात्मक एकजुटता की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में अध्ययन और पठन-पाठन से किशोरों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दौर में मौलिक सोच और भाषा की समृद्धि बनाए रखना बड़ी चुनौती है। ऐसे में हिंदी को केवल साहित्य और संवाद तक सीमित रखने के बजाय विज्ञान, नवाचार, शोध और रोजगार से जोड़ने की जरूरत है। भजंत्री ने हिंदी के संरक्षण के साथ उसके आधुनिक और व्यावहारिक उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और माल्यार्पण के साथ हुआ। उपायुक्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक, राजभाषा रविशंकर मिश्रा ने किया। इसके बाद कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें डॉ. जंगबहादुर पांडेय, डॉ. राजश्री जयंती, डॉ. सुरिंदर कौर नीलम, नसीर अफसर, नरेश कुमार बंका, शालिनी नायक, सदानंद सिंह यादव, सूरज श्रीवास्तव, डॉ. रजनी शर्मा 'चन्दा' और डॉ. विनोद सिंह गहरवार ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कवियों की प्रस्तुतियों ने समारोह में साहित्यिक रंग भर दिया। कार्यक्रम का समापन दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त के सचिव रविंद्र कुमार गगराई के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर रांची सदर एसडीओ कुमार रजत, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) धनंजय, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, उप परिवहन आयुक्त अजय कुमार रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक सुमन सहित आयुक्त कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो रेफरी सेमिनार में 98 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**रांची।** झारखंड ताइक्वांडो संघ की ओर से ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 12 से 14 सितंबर तक साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, पटमदा, जमशेदपुर में राष्ट्रीय रेफरी सेमिनार और रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों के 98 ताइक्वांडो प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रांची जिला ताइक्वांडो संघ के 22 प्रतिभागियों ने सचिव एवं झारखंड ताइक्वांडो संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया। संघ की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सेमिनार में प्रतिभागियों को वर्ल्ड ताइक्वांडो के नवीनतम प्रतियोगिता नियमों, रेफरिंग तकनीक, स्कोरिंग सिस्टम और प्रतियोगिताओं के संचालन की आधुनिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय रेफरी क्लास-2 संतोष श्रीरंगम ने दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को ताइक्वांडो के बदलते नियमों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रेफरिंग प्रणाली से अवगत कराया। रिफ्रेशर कोर्स में एमडी मोदस्सर, ताराकांत पटेल, करमचंद भगत, अनंत नाग चंदन, चंदन कुमार, इम्तियाज जमाल, अंकिता कुमारी और मिलेनियम स्नेहल सहित अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।

### ब्रह्मकुमारी विवि में गणेश चतुर्थी के आध्यात्मिक रहस्यों पर हुई चर्चा



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के हरमू रोड स्थित चौधरी बगान सेवाकेंद्र में सोमवार को गणेश चतुर्थी के आध्यात्मिक रहस्यों पर विशेष चर्चा की गई। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में देवी-देवताओं के स्वरूप दिव्य गुणों और शक्तियों के प्रतीक हैं। श्रीगणेश की हर शुभ कार्य से पहले पूजा किए जाने के पीछे भी गहरा आध्यात्मिक संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दर्द, अराजकता, भय और निराशा के बीच आध्यात्मिकता, ध्यान और मूल्य शिक्षा के माध्यम से नकारात्मकता पर विजय पाई जा सकती है। जीवन में सही निर्णय लेने और खुश रहने के लिए व्यक्ति को अपने आध्यात्मिक पक्ष को मजबूत करने की आवश्यकता है। ब्रह्माकुमारी निर्मला ने श्रीगणेश के जन्म की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें कई आध्यात्मिक रहस्य निहित हैं। उन्होंने गणेश जी के हाथी के सिर और प्रथम पूज्य होने के वरदान की कथा को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझने पर जोर दिया। ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा कि संस्था लोगों को यह समझाने का प्रयास करती है कि व्यक्ति स्वयं अपने जीवन का 'विघ्न विनाशक' कैसे बन सकता है। इसके लिए सेवाकेंद्र में निःशुल्क आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग प्रशिक्षण दिया जाता है। यह सेवा प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे और शाम 4 से 6 बजे तक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नया युग आध्यात्मिक युग होगा और पवित्रता ही सुख एवं शांति की जननी है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया हिंदी दिवस




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदीकृहमारी पहचान, हमारी शान विषय पर एक भावपूर्ण एवं विविधतापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी के प्रति आत्मीयता, गौरव और सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना तथा हिंदी की समृद्ध भाषा-संस्कृति और साहित्यिक विरासत से जुड़ाव को अभिव्यक्त करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं समूह गीत से हुआ। इसके पश्चात स्वागत भाषण के माध्यम से हिंदी दिवस के महत्व और हिंदी की व्यापकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुतियों में दूर देश का राही, हिंदी का अनुरागी ने विशेष आकर्षण उत्पन्न किया। सात समंदर पार यूरोप के बेल्जियम से भारत आए फादर डॉ. कामिल बुल्के के हिंदी-प्रेम, हिंदी-सेवा और भारतीय संस्कृति के प्रति उनके गहरे अनुराग को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। हिंदी के प्रति उनका समर्पण इतना गहरा था कि उन्होंने रामचरितमानस से प्रभावित होकर रामकथा के गहन अध्ययन और शोध को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। उनकी जीवन-यात्रा इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि हिंदी का आकर्षण और उसकी सांस्कृतिक समृद्धि भौगोलिक सीमाओं से परे भी लोगों को अपने साथ जोड़ती है। इसके बाद हिंदीः हृदय की भाषा, ह्यहिंदी की सुरभि, ह्यकौन बनेगा हिंदी का ज्ञानी, ह्यसभ्यता की सरिता, हिंदी की धारा तथा ह्यहिंदीकृमेरी नजर में जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी के विविध आयामों को रचनात्मक एवं रोचक ढंग से सामने रखा गया। इन प्रस्तुतियों ने हिंदी की मिठास, महत्ता, साहित्यिक समृद्धि और भारतीय संस्कृति से उसके गहरे संबंध को उजागर किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने अपने आशीर्वचन के माध्यम से हिंदी के प्रति सम्मान और उसके निरंतर प्रयोग का संदेश दिया। धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात आज की प्रतिज्ञा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### काला बिल्ला लगाकर सड़कों पर उतरे 108 एम्बुलेंस कर्मी

**रामगढ़।** लंबित मांगों को लेकर झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के आह्वान पर राज्यभर के 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने सोमवार को चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया। आंदोलन के पहले दिन कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी करते हुए सरकार के प्रति विरोध जताया और अपनी मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। संघ की प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक के पत्र के अनुरूप जिला स्तर पर सरकारी माध्यम से 108 एम्बुलेंस सेवा का संचालन शुरू करना, सम्मान फाउंडेशन की ओर से हटाए गए कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल करना एवं आईपीएफ/एएसआई ओवरटाइम, ग्रेच्युटी तथा न्यूनतम वेतन सहित सभी वैधानिक अधिकार सुनिश्चित करना शामिल है। संघ ने बताया कि 14 से 19 सितंबर तक काला बिल्ला लगाकर विरोध किया जाएगा। इसके बाद 19 सितंबर को सिविल सर्जन कार्यालय से डीसी कार्यालय तक कैंडल मार्च, 21 सितंबर को भिक्षाटन, 23 सितंबर को धरना-प्रदर्शन और 25 सितंबर को राज्यव्यापी एक दिवसीय पूर्ण हड़ताल की जाएगी। 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया गया है। संघ ने सरकार से तत्काल सकारात्मक पहल की मांग करते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगों का समाधान होने पर आंदोलन को आगे बढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आंदोलन के दौरान कुणाल बनर्जी, विकास, सिकंदर महतो, अरविन्द यादव, भारत महतो, मुकेश कुमार, बसंत महतो, अनिल कुमार, शंकर कुमार, रोहित महतो, हेमंत कुमार, आनंद, मनोज और लोकेश सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## अर्जुन सिंह ने संभाला भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का संकल्प

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित सभागार में सोमवार को किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह का पदभार ग्रहण सह अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह ने विधिवत किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने अर्जुन सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा और मजबूत एवं सशक्त होगा। किसान के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं है। जब किसान विकसित होगा, तभी भारत विकसित होगा और किसान आत्मनिर्भर होगा, तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा। बालमुकुंद सहाय ने किसान मोर्चा के कार्यकताओं से पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को पार्टी के पक्ष और नीतियों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखने का काम करना चाहिए। उन्होंने कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि उन्नत खेती और बेहतर उत्पादन के लिए नई तकनीक तथा वैज्ञानिक शोध महत्वपूर्ण हैं। सहाय ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में किसानों के हित में कई योजनाएं बनाई गई हैं। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने का वे पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा किसानों के हक और अधिकार की आवाज लगातार उठाता रहा है। अर्जुन सिंह ने कहा कि किसानों की कोई जाति नहीं होती। देश का प्रत्येक नागरिक किसान और कृषि व्यवस्था से किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को व्यापक स्तर पर मेहनत करनी होगी। अर्जुन सिंह ने कहा कि किसान मोर्चा को प्रदेश स्तर से लेकर प्रत्येक बूथ तक पहुंचाना और संगठन को पहले से अधिक मजबूत बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने संगठन के विस्तार के साथ किसानों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने की बात कही। अर्जुन सिंह ने राज्य की हेमंत सरकार पर चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को 274 रुपये प्रति किलो की दर से यूरिया उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन किसानों को कथित तौर पर 1,200 रुपये प्रति किलो की दर से यूरिया मिल रहा है। अर्जुन सिंह ने कहा कि इसी तरह 3,200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का वादा किया गया था, जबकि खरीद 2,400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की कथित वादाखिलाफी के खिलाफ किसान मोर्चा आंदोलन को तेज करेगा और किसानों की समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद करेगा। प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा ने इस मौके पर अर्जुन सिंह पर भरोसा जताते हुए कहा कि किसान मोर्चा के माध्यम से संगठन की जो मजबूत नींव तैयार हुई है, उस पर अर्जुन सिंह किसानों के हित में मजबूत संगठन खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में झारखंड के किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई थीं। प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि अर्जुन सिंह अनुभवी कार्यकर्ता हैं और वर्षों से संगठन के लिए काम करते रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव का लाभ किसान मोर्चा को मिलेगा और वे संगठन को मजबूत करने के लिए उचित निर्णय लेंगे। बाउरी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है और किसान मोर्चा भाजपा के लिए जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण संगठन है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान राज्य सरकार किसान हितैषी योजनाओं को कमजोर कर रही है। अमर बाउरी ने कहा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में किसान मोर्चा राज्य सरकार के खिलाफ किसानों के हित में मजबूती से आवाज उठाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी, मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव, बजरंगी प्रसाद यादव, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, राजेश कुशवाहा, ऋषिकेश राणा, राजीव शाहदेव और बिनोद ठाकुर समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसबीयू विद्यार्थियों ने नवाचार और एआई में लहराया परचम




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के विद्यार्थियों ने नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। एसबीयू की ओर से सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि विद्यार्थियों ने विद्यार्थी नवाचार प्रदर्शनी आईसीसीआई 2026 में अपने अभिनव प्रोजेक्ट ई-फॉग कलेक्टर के लिए द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। वहीं बीटेक कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी के विद्यार्थियों की टीम कैफीन कोड ने आईबीएम राष्ट्रीय हैकाथॉन 2026 के पूर्वी क्षेत्र में विजेता का खिताब प्राप्त किया। विज्ञप्ति में बताया गया कि आईसीसीआई 2026 का आयोजन बीआईटी मेसरा के कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी विभाग की ओर से किया गया था। ई-फॉग कलेक्टर परियोजना आयनिक पवन तकनीक के माध्यम से कोहरे से जल संग्रहण की अवधारणा पर आधारित है। विजेता टीम में निखिल शर्मा, आयुष राज और आयुष कुमार सुमन शामिल रहे। टीम का मार्गदर्शन डॉ अविनाश कुमार ने किया। इधर, 11 से 13 सितंबर 2026 तक कोयंबटूर में आयोजित आईबीएम राष्ट्रीय हैकाथॉन में कैफीन कोड टीम ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ग्रामस्वास्थ्य एआई मंच विकसित किया। टीम में रिया कुमारी, रिसु कुमारी, शानवी अग्रवाल और अमन कुमार शामिल थे। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलपति प्रोफेसर सी जगनाथन, राज्यसभा सांसद सह निदेशक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विजेता विद्यार्थियों, मार्गदर्शकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

## एचईसी प्रबंधन हर माह कर्मचारियों की बैंक किस्त करे जमा : लालदेव

**रांची।** हटिया कामगार यूनियन एटक के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने एचईसी प्रबंधन से कर्मचारियों के बैंक ऋण की किस्त हर माह नियमित रूप से जमा करने की मांग की है। उन्होंने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कर्मचारियों को वेतन मिले या नहीं। एचईसी प्रबंधन हर माह बैंक की किस्त जमा करे, ताकि विलंब शुल्क और अतिरिक्त ब्याज का बोझ न बढ़े। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर मानवाधिकार संस्थाओं से हस्तक्षेप की मांग की जाएगी। लालदेव सिंह ने कहा कि एचईसी प्रबंधन और बैंकों के बीच हुए समझौते के अनुसार कर्मचारियों के वेतन से बैंक ऋण की किस्त काटकर बैंक में जमा की जानी है। एचईसी कर्मचारियों का लगभग 34 माह का वेतन बकाया चल रहा है। वेतन नहीं मिलने के बावजूद बैंक ऋण की किस्त नियमित रूप से जमा नहीं हो रहा है।

## राष्ट्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार पिस्का-नगड़ी पहुंचे डॉ. प्रदीप वर्मा

### भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत और अभिनंदन

**नगड़ी, रांची।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री सह राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा के राष्ट्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार पिस्का-नगड़ी आगमन पर चेक पोस्ट स्थित निमार्णाधीन शिव संकट मोचन मंदिर के समीप भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पलामू प्रभारी श्री शशिभूषण भगत सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने डॉ. प्रदीप वर्मा का जोरदार स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। भाजपा मंडल ने अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित नगड़ी मंडल भाजपा अध्यक्ष रितेश राज, महामंत्री अखिलेश केशरी एवं विकास उरांव ने अंगवस्त्र भेंट कर डॉ. प्रदीप वर्मा का सम्मान किया। इस अवसर पर कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शिव संकट मोचन मंदिर परिवार एवं व्यापार संघ ने भी किया अभिनंदन शिव संकट मोचन मंदिर परिवार की ओर से मनोज महतो, मूलचंद महतो, सुरेश महतो, ईश्वर महतो एवं संदीप राज ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर डॉ. प्रदीप वर्मा का अभिनंदन किया। वहीं, चेक पोस्ट व्यापार संघ की ओर से कमलेश केशरी, मनोज महतो एवं संजय कश्यप ने भी पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। केसरवानी वैश्य सभा ने पगड़ी पहनाकर किया विशेष सम्मान केसरवानी वैश्य सभा, पिस्का-नगड़ी की ओर से डॉ. प्रदीप वर्मा का विशेष सम्मान किया गया। सभा के केदार केशरी, विजय केशरी, हेमंत केशरी, अखिलेश केशरी एवं अरविंद केशरी ने पगड़ी पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

## हिंदी दिवस पर प्रेस क्लब रामगढ़ में पत्रकार संगोष्ठी आयोजित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रामगढ़।** हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रेस क्लब रामगढ़ परिसर में पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू सचिव धर्मेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, सह सचिव दिलीप सिंह सहित जिले के वरिष्ठ पत्रकार साथी उपस्थित रहे। संगोष्ठी में हिंदी भाषा के महत्व, पत्रकारिता में हिंदी की भूमिका तथा वर्तमान समय में पत्रकारों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद ने कहा कि हिंदी केवल हमारी भाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और भावनाओं की पहचान है। पत्रकारिता के क्षेत्र में हिंदी का विशेष महत्व है। पत्रकारों का दायित्व है कि वे सरल, सहज और शुद्ध हिंदी का प्रयोग करते हुए समाज की आवाज को मजबूती से सामने रखें। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भाषा के साथ-साथ तथ्यों की शुद्धता पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार बबलू ने कहा कि हिंदी ने पत्रकारिता को आम जनता से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों की समस्याओं को हिंदी पत्रकारिता के माध्यम से प्रमुखता से सामने लाया जा सकता है। उन्होंने पत्रकारों से हिंदी भाषा के अधिक से अधिक प्रयोग तथा नई पीढ़ी को हिंदी के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।सचिव धर्मेंद्र पटेल ने कहा कि आज डिजिटल और सोशल मीडिया के दौर में पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। ऐसे समय में हिंदी पत्रकारों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। समाचार लिखते समय भाषा की गरिमा, तथ्यात्मकता और निष्पक्षता का ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज को दिशा देने का कार्य करती है, इसलिए पत्रकारों को अपनी लेखनी का उपयोग जनहित में करना चाहिए।कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम ने कहा कि हिंदी दिवस हमें अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का एहसास कराता है। पत्रकारिता में प्रभावशाली एवं सरल हिंदी का प्रयोग पाठकों तक समाचार को बेहतर तरीके से पहुंचाने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों के हितों के साथ-साथ भाषा और पत्रकारिता की गरिमा को मजबूत करने के लिए भी निरंतर प्रयास करेगा।

इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने देश और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान समय में तकनीक और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बावजूद हिंदी समाचार-पत्रों और पत्रकारों की प्रासंगिकता बनी हुई है। वरिष्ठ पत्रकारों ने युवा पत्रकारों से भाषा का निरंतर अध्ययन करने, तथ्यों की पुष्टि के बाद ही समाचार प्रकाशित करने तथा पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों का पालन करने की अपील की।संगोष्ठी के दौरान पत्रकारिता में हिंदी भाषा की भूमिका, बदलते मीडिया परिदृश्य, पत्रकारों की जिम्मेदारी, समाचारों की विश्वसनीयता तथा पत्रकार हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने हिंदी भाषा के सम्मान और पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर प्रेस क्लब के पूर्व सचिव योगेंद्र सिन्हा, पूर्व कोषाध्यक्ष तरुण बागी, पूर्व सह सचिव नारायण दत्त व्यास, अशोक मेहता, उमेश सिन्हा, कार्तिक कुमार, मोहम्मद वालीउल्लाह, कार्यकारिणी सदस्य रितेश कश्यप, अमित पाठक, सुरेंद्र सिंह सहित रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटुस मौजूद थे।

# अवैध खनन पर जिलों की खुली पोल, 859 शिकायतों में 443 की ATR लंबित

**अवैध खनन पर जिलों की खुली पोल, 859 शिकायतों में 443 की ATR लंबित**

अजय निराला/उज्जवल दुनिया संवाददाता



जिलावार अवैध खनन शिकायत और ATR

| जिला | 2024-25 शिकायत | 2024-25 ATR | 2025-26 शिकायत | 2025-26 ATR |
|---|---|---|---|---|
| धनबाद | 87 | 20 | 33 | 6 |
| पाकुड़ | 60 | 44 | 33 | 23 |
| गिरिडीह | 56 | 24 | 17 | 5 |
| साहिबगंज | 55 | 0 | 20 | 0 |
| रांची | 45 | 18 | 19 | 13 |
| बोकारो | 34 | 20 | 24 | 13 |
| चतरा | 33 | 23 | 17 | 11 |
| हजारीबाग | 28 | 14 | 8 | 1 |
| दुमका | 28 | 6 | 18 | 4 |
| पलामू | 22 | 20 | 17 | 15 |
| सरायकेला-खरसावां | 21 | 11 | 14 | 7 |
| रामगढ़ | 18 | 18 | 11 | 11 |
| देवघर | 16 | 5 | 5 | 3 |
| जामताड़ा | 12 | 8 | 11 | 4 |
| कोडरमा | 12 | 11 | 9 | 8 |
| चाईबासा | 10 | 9 | 5 | 4 |
| सिमडेगा | 9 | 9 | 3 | 3 |
| जमशेदपुर | 8 | 1 | 8 | 8 |
| लोहरदगा | 8 | 1 | 4 | 1 |
| गुमला | 5 | 5 | 2 | 2 |
| लातेहार | 5 | 4 | 4 | 3 |
| खूंटी | 2 | 2 | 2 | 2 |
| गोड्डा | 1 | 1 | 0 | 0 |
| गढ़वा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल | 575 | 269 | 284 | 147 |

हजारीबाग। इन दिनों झारखंड प्रदेश अवैध खनन, परिवहन और खनिजों के भंडारण के मामले अक्सर सुर्खियों में हैं। इसे रोकने के दावे सरकार के स्तर पर की जाती रही है। लेकिन कार्रवाई करने वाले पदाधिकारी मामले में चुप्पी साध लेते हैं। अवैध खनन और परिवहन को लेकर दर्ज मामले की जांच कर कार्रवाई की जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। शिकायतें दर्ज हो रही हैं, लेकिन दर्ज शिकायतों पर जांच और कार्रवाई लंबित रहने से राज्य के राजस्व को जहां एक ओर भारी क्षति हो रही है, वहीं दूसरी ओर अवैध खनन और परिवहन करने वाले दिन-दूनी, रात-चौगनी तरक्की कर रहे हैं। इससे कोयला, पत्थर और बालू का अवैध कारोबार करने वालों का मनोबल सातवें आसमान पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024-25 और 2025-26 में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से जुड़ी 859 शिकायतें दर्ज हुई। इनमें सिर्फ 416 मामलों की एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) विभाग को भेजी गयी। 443 मामलों की अळफ अब भी लंबित है। इसका मतलब साफ है कि शिकायतों की जांच और कार्रवाई के बाद रिपोर्ट भेजने की व्यवस्था कई जिलों में कागजों तक सीमित नजर आ रही है। कार्रवाई में देरी का सीधा फायदा अवैध खनन कारोबार से जुड़े लोगों को मिलने की आशंका है। इससे सरकार को राजस्व को भारी राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। खनिजों की निगरानी के लिए माइनिंग इंस्पेक्टर से लेकर असिस्टेंट माइनिंग ऑफिसर, जिला खनन पदाधिकारी, डिप्टी डायरेक्टर माइंस और क्षेत्रीय पदाधिकारी तक की व्यवस्था है। इसके बावजूद सैकड़ों मामलों की अळफ लंबित रहना विभागीय निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जिला खनन पदाधिकारियों और संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि शिकायतों की जांच करें। दोष मिलने पर कार्रवाई करें और इसकी रिपोर्ट विभाग को भेजें। आंकड़े बताते हैं कि इस जिम्मेदारी के निर्वहन में कई जिलों का प्रदर्शन बेहद कमजोर है।

**धनबाद में अवैध खनन के सबसे ज्यादा मामले**

कोयला बहुल धनबाद में अवैध खनन की शिकायतों में सबसे ऊपर है। दो वित्तीय वर्षों में यहां 120 शिकायतें दर्ज हुई। 2024-25 में 87 और 2025-26 में 33 मामले सामने आए। इन 120 मामलों में सिर्फ 26 मामलों की अळफ विभाग को मिली। यानी 94 मामलों की रिपोर्ट लंबित है। यह स्थिति जिले में अवैध खनन पर निगरानी और कार्रवाई की प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करती है। पाकुड़ में दोनों वर्षों में 93 शिकायतें दर्ज हुई। इनमें 67 मामलों की अळफ मिली। गिरिडीह में 73 शिकायतों के मुकाबले सिर्फ 29 मामलों की कार्रवाई रिपोर्ट विभाग तक पहुंची। साहिबगंज में 75 शिकायतें, कार्रवाई रिपोर्ट शून्य अळफ भेजने के मामले में साहिबगंज सबसे पीछे है। दो वर्षों में जिले में 75 शिकायतें दर्ज हुई। 2024-25 में 55 और 2025-26 में 20 मामले सामने आए। लेकिन विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, एक भी मामले की अळफ प्राप्त नहीं हुई। यानी 75 शिकायतों पर कार्रवाई की स्थिति विभाग के सामने स्पष्ट नहीं है।

राजधानी रांची भी इस मामले में बहुत बेहतर स्थिति में नहीं है। यहां दो वर्षों में 64 शिकायतें दर्ज हुई। इनमें 31 मामलों की अळफ मिली, जबकि 33 मामलों की रिपोर्ट लंबित है। इसके विपरीत रामगढ़, गुमला, खूंटी और सिमडेगा ने दर्ज शिकायतों की 100 फीसदी अळफ विभाग को भेजी है।

**चेकपोस्ट व्यवस्था भी सवालों के घेरे में**

अवैध खनन और खनिज परिवहन पर निगरानी के लिए चेकपोस्ट और चेकनाका बनाए गए हैं। लेकिन सभी जिलों में इनका संचालन एक जैसा नहीं है। धनबाद, गुमला, सिमडेगा, साहिबगंज, बोकारो, हजारीबाग, जमशेदपुर, गढ़वा, पलामू, पाकुड़, दुमका, रामगढ़ और सरायकेला-खरसावां में चेक पोस्ट चल रहे हैं। फिर भी अवैध परिवहन जारी है। वहीं चतरा, जामताड़ा, गोड्डा, खूंटी और देवघर ने चेकपोस्ट स्थापित करने के लिए राशि की मांग की है। दूसरी ओर रांची, लातेहार, गिरिडीह, चाईबासा और लोहरदगा में वर्तमान में चेकपोस्ट का संचालन नहीं होने से अवैध खनन करने वाले इसका लाभ उठा रहे हैं।

## छत के रास्ते घर में घुसे चोर, नकदी व लाखों के जेवरात लेकर फरार

**बरही थाना क्षेत्र के करसो गांव की घटना, पीड़ित ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। बरही थाना क्षेत्र के करसो गांव में अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़कर नकदी, सोने-चांदी के आभूषण सहित लाखों रुपये के घरेलू सामान की चोरी कर ली। घटना को लेकर पीड़ित विशाल कुमार सिंह, पिता अयोध्या सिंह, ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर जांच एवं उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, 13 सितंबर की रात करीब 11 बजे वह परिवार के साथ सोने चले गए थे। 14 सितंबर की सुबह करीब पांच बजे उठने पर एक कमरे का ताला टूटा मिला। कमरे के अंदर रखी गोदरेज का लॉक भी टूटा हुआ था। जांच करने पर गोदरेज में रखे करीब 25 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य घरेलू सामान गायब मिले। चोरी गए आभूषणों में सोने की चेन, अंगूठी, कनबाली, मंगलसूत्र, मंगटीका, बाला, नथिया, ढोलना, हार व जीतवाहन सहित चांदी की पायल, लॉकेट, कटोरा, मछली समेत अन्य सामान शामिल हैं। पीड़ित ने बताया कि कई आभूषण उसकी पत्नी कविता देवी को शादी के समय मिले थे। घर का निरीक्षण करने पर पता चला कि चोर छत के रास्ते अंदर घुसे और पीछे का दरवाजा खोलकर बाहर निकले। चोरी का सामान ले जाने में इस्तेमाल किया गया एक खाली बैग घर के पीछे बारी में पड़ा मिला। घटना के बाद पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## रसोइयाधामना में अवैध आरा मिल पर वन विभाग का छापा, मशीन समेत अन्य सामग्री जब्त

**नामजद आरोपियों के खिलाफ वन वाद दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू, अवैध लकड़ी चिरान करने वालों में हड़कंप**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**बरही।** बरही वन प्रक्षेत्र अंतर्गत रसोइयाधामना में अवैध रूप से संचालित आरा मिल के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए मशीन समेत अन्य सामग्री जब्त की है। कार्रवाई से अवैध रूप से लकड़ी चिरान करने वालों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, रसोइयाधामना में एक चारदीवारी के अंदर चोरी-छिपे आरा मिल चलाए जाने की सूचना वन विभाग को मिली थी। बताया गया कि मिल का संचालन मुख्य रूप से रात के समय किया जाता था और लकड़ी चिरान के बाद मशीन को हटा दिया जाता था। सूचना के बाद बरही वन प्रक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान कुछ ग्रामीणों एवं महिलाओं के साथ वनकर्मियों की कहासुनी भी हुई, लेकिन टीम ने संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए कार्रवाई पूरी की। मौके से आरा मिल की मशीन, विभिन्न प्रकार के चिरान और अन्य संबंधित सामग्री जब्त की गई है। बरामद कागजात एवं लकड़ी की जांच की जा रही है। वन विभाग ने नामजद लोगों के खिलाफ वन वाद दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही अवैध लकड़ी चिरान और आरा मिल संचालन से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। कार्रवाई में प्रभारी फॉरेस्टर बरही/पदमा अमर आनंद सरस्वती, प्रधान वनरक्षी संजीत कुमार, राकेश कुमार, आशीष कुमार सहित बरही वन प्रक्षेत्र के त्वरित कार्रवाई दल के सदस्य शामिल थे। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि वन क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी चिरान अथवा आरा मिल का संचालन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

## बड़कागांव में दुकान के बाहर से बाइक चोरी, रात के अंधेरे में वाहन लेकर फरार हुआ चोर

**कुछ ही मिनटों में गायब हो गई मोटरसाइकिल, पीड़ित मधेश्वर राणा ने थाना में आवेदन देकर बरामदगी की लगाई गुहार**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटना से वाहन मालिकों में चिंता बढ़ गई है। रविवार की रात दुकान के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल अचानक गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिलने पर पीड़ित मधेश्वर राणा ने बड़कागांव थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से मोटरसाइकिल बरामद करने तथा चोरी में शामिल व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार मधेश्वर राणा अपनी मोटरसाइकिल लेकर रात में दुकान पहुंचे थे। 13 सितंबर 2026 की रात करीब 8:54 बजे से 9:20 बजे के बीच उनकी मोटरसाइकिल दुकान के बाहर खड़ी थी। कुछ देर बाद जब वे वापस वाहन लेने पहुंचे तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। इसके बाद उन्होंने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की और लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने आवेदन में चोरी हुई मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर खल02 अळ 9976 सहित वाहन से संबंधित अन्य पहचान दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच करते हुए जल्द से जल्द वाहन का पता लगाने की मांग की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी नाराजगी है।

## विभावि के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों का दल दिल्ली-एनसीआर पहुंचा

**कुलपति की पहल पर अलग-अलग विभागों के विद्यार्थी लगातार भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों का कर रहे परिभ्रमण**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों का 15 सदस्यीय दल 14-दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए रविवार की देर शाम दिल्ली-ठउफ पहुँचा। नोएडा में स्थित ख्याति प्राप्त नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल्स अर्थात राष्ट्रीय जैविक संस्थान में विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और प्रयोगशाला आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए बायोटेक्नोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. इंद्रजीत कुमार ने सोमवार को बताया कि विभागीय प्राध्यापक कुमार आनंद की देखरेख में विद्यार्थी यह प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के लिए दिल्ली तक आने-जाने तथा दिल्ली में 14 दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त करने से संबंधित संपूर्ण खर्च का वहन राष्ट्रीय जैविक संस्थान द्वारा किया जाएगा। डॉ कुमार ने बताया कि पाठ्यक्रम के अनुसार द्वितीय समसत्र पूर्ण करने के बाद विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रावधान है। इसी के तहत तृतीय समसत्र के विद्यार्थियों के दल को नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल्स (NIB) भेजा गया है। ज्ञात हो कि 1992 में स्थापित एनआईबी (NIB) भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक शीर्ष स्वायत्त संस्थान है। इसके महत्व को रेखांकित करते हुए डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि यहां व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत विद्यार्थी बेहतर तरीके से पाठ्यक्रम से प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने आगे बताया कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों में कौशल विकास तथा भविष्य के रोजगार के अवसरों की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध होगा।

### विधायक ने किया सड़क निर्माण कंपनी के प्लांट का घेराव, पीड़ित परिवार को दिलाया मुआवजा

हजारीबाग। जिले के चौपारण स्थित जीटी रोड पर सड़क हादसे में बारा निवासी स्व. रंजन कुमार सिंह के असामयिक निधन के मामले में बरही विधायक मनोज यादव ने कड़ा तेवर अपनाया है। उन्होंने सोमवार को पाण्डेयबारा स्थित सड़क निर्माण कंपनी के प्लांट का घेराव कर प्रबंधन से वार्ता की और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा तय करवाया। साथ ही सड़क के जानलेवा गड्ढों को तुरंत भरने और निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का सख्त निर्देश दिया।

## बरही में हरितालिका तीज पर शिवालयों में उमड़ी सुहागिनों की भीड़

**पति की दीघार्यु और अखंड सौभाग्य की कामना**

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड की सभी 20 पंचायतों के विभिन्न गांवों, मोहल्लों और टोलों में सोमवार को हरितालिका तीज श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई। पूर्वी व पश्चिमी पंचायत, कोनरा, रसोइया धमना, करियातपुर, बरसोत, केदारुत, खोड़ाहर, करसो, बेंदगी, गौरियाकरमा, धनवार, दुलमाहा, बिजैया और डपोक सहित कई क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने पति की दीघार्यु, अखंड सौभाग्य तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही बरही के विभिन्न शिवालयों में व्रती महिलाओं की भीड़ रही। महिलाओं ने भगवान शिव, माता पार्वती और शिव परिवार की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर तीज व्रत कथा सुनी। कई मंदिरों में सामूहिक पूजा के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। व्रतियों ने सिंदूर, चूड़ी, बिंदी, चुनरी, वस्त्र, नारियल, फल-फूल सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। रविवार को नहाय-खाय के बाद सोमवार को महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा और रात्रि जागरण कर भजन-कीर्तन किया। सुहागिनों ने मेहंदी, जगरा और सोलह श्रृंगार के साथ पूजा-अर्चना की। परिवार के सदस्यों ने भी व्रती महिलाओं का सहयोग किया। कई लोगों ने सुहागिन बेटियों और बहुओं के घर उपहार भेजकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। पुरोहित परमानंद पाण्डेय ने बताया कि हरितालिका तीज भगवान शिव और माता पार्वती के वैवाहिक बंधन की स्मृति में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए यह व्रत किया था।



## एक नजर

### हाईकोर्ट ने शैक्षणिक योग्यता विवाद में लक्ष्मी सिंह को दिया नोटिस



हजारीबाग। हाईकोर्ट ने शैक्षणिक योग्यता विवाद में लक्ष्मी सिंह को नोटिस जारी किया है। वह विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। लक्ष्मी सिंह के शैक्षणिक विवाद को लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका भी दायर की गयी है। न्यायाधीश दीपक रौशन की पीठ ने इसकी सुनवाई के बाद लक्ष्मी सिंह को नोटिस जारी किया। इस याचिका में लक्ष्मी सिंह की शैक्षणिक योग्यता को चुनौती दी गयी है। अलग-अलग शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में अलग-अलग नाम होने का उल्लेख किया गया और शैक्षणिक प्रमाण पत्रों को निरस्त करने की मांग की गयी है। उनकी शैक्षणिक योग्यता पर काफी पहले से विवाद चल रहा है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने इस सिलसिले में मिली शिकायत के आलोक में विश्वविद्यालय से मामले की जांच कर रिपोर्ट मांगी थी। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा भेजे गये पत्र के आलोक में विश्वविद्यालय ने मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया। लेकिन इस समिति ने अब तक अपनी रिपोर्ट नहीं दी है। इस बीच लक्ष्मी सिंह का वेतन आदि बंद कर दिया गया। बाद में विश्वविद्यालय ने एक दूसरी जांच समिति बनायी। इस दूसरी समिति की रिपोर्ट के आधार पर लक्ष्मी सिंह का कॉन्ट्रैक्ट रिनिव्यू किया गया और उन्हें काम करने की अनुमति दे दी गयी। साथ ही पहली जांच समिति की रिपोर्ट प्रतिकूल होने की स्थिति में उनकी सेवा समाप्त करने की शर्त लगा दी गई।

### राजभाषा प्रतिज्ञा के साथ चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में हिंदी पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ



केरेडारी। एनटीपीसी के चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में हिंदी पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ 14 सितंबर को राजभाषा प्रतिज्ञा के साथ किया गया! इस अवसर पर परियोजना प्रमुख धनंजय श्रीखंडे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई! सभी ने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा इसके प्रचार-प्रसार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रतिज्ञा के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरकारी कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने, कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा नीति के अनुरूप हिंदी का अधिकाधिक उपयोग करने तथा हिंदी के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का संकल्प लिया !हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत कर्मचारियों में हिंदी के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं, रचनात्मक गतिविधियों एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ! इन गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

### संगठन के मजबूती और शहीद जयवीर महतो मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का सफल आयोजन का निर्णय



हजारीबाग। चरही स्थित पटेल मैदान में रविवार की देर शाम जेएलकेएम चुरचू प्रखंड कमिटी की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड कमिटी को मजबूत करना, पार्टी का प्रखंड विस्तार करना तथा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद जयवीर महतो मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का सफल आयोजन करने को लेकर विशेष चर्चा परिचर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता जेएलकेएम के चुरचू प्रखंड कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार महतो ने की, जबकि संचालन हेन्देंगढ़ा पंचायत अध्यक्ष शफीक अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वर कुमार, प्रखंड सदस्य कामेश्वर रविदास, प्रीतम उरांव, मीडिया प्रभारी तालेश्वर कुमार, चरही पंचायत अध्यक्ष नंदलाल महतो, चनारो पंचायत अध्यक्ष जय पटेल, संतोष कुमार, अरुण पटेल, अधिराज कुमार, राजा साव, चितरंजन कुमार, संजय कुमार, चिरंगी साव सहित कई जेएलकेएम समर्थक उपस्थित रहे।

### पुलिस की छापेमारी में 45 लीटर महुआ शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल



पदमा। पदमा चौक के पास कथित रूप से अवैध महुआ शराब बनाने और बेचने की सूचना पर पदमा ओपी पुलिस ने छापेमारी कर 45 लीटर महुआ शराब बरामद की। पुलिस ने इस मामले में सुरेंद्र कुमार, पिता गुंजन साव, निवासी पदमा चौक, थाना पदमा, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, पदमा चौक के पास अवैध रूप से महुआ शराब के निर्माण और बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान एक गैलन में रखी 45 लीटर महुआ शराब बरामद होने की बात पुलिस ने कही है। बरामद शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस संबंध में पदमा ओपी कांड संख्या 323/26, दिनांक 13 सितंबर 2026 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में बीएनएस की धारा 274, 275, 292 तथा झारखंड उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए) के तहत मामला दर्ज किए जाने की जानकारी पुलिस ने दी है।कार्रवाई में पदमा ओपी प्रभारी एसआई श्रवण कुमार, एसआई आलोक कुमार सोरेन, एएसआई मनोज कुमार महतो तथा पदमा ओपी के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

### गणेश चतुर्थी और विश्वकर्मा पूजा पर केशरी हीरो में ग्राहकों को 3,500 तक की बचत का मौका



**बरही।** गणेश चतुर्थी एवं विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर पटना रोड, बरही स्थित केशरी हीरो ऑटोमोबाइल्स की ओर से ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की गई है। प्रतिष्ठान में ग्राहकों को 1,500 से 3,500 तक के आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। त्योहार के अवसर पर नई हीरो बाइक खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए यह बेहतर मौका है। केशरी हीरो के प्रोपराइटर कपिल केशरी ने बताया कि गणेश चतुर्थी और विश्वकर्मा पूजा को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए विशेष बचत योजना उपलब्ध कराई गई है। उनका उद्देश्य ग्राहकों को पसंदीदा मॉडल, बेहतर सुविधा और आकर्षक ऑफर का लाभ देना है। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठान में स्प्लेंडर प्लस, पैशन प्लस और एक्सट्रीम 160आर सहित हीरो के विभिन्न मॉडल उपलब्ध हैं। ग्राहकों को बाइक के मॉडल, फीचर्स, कीमत और खरीदारी से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं सहयोग भी दिया जा रहा है। कपिल केशरी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे त्योहार के शुभ अवसर पर पटना रोड स्थित केशरी हीरो पहुंचकर विशेष ऑफर की जानकारी लें और अपनी पसंद की हीरो बाइक घर ले जाने का लाभ उठाएं।

# मध्याह्न भोजन के आडिट के नाम पर लाखों रुपये की हो रही उगाही

## आडिट करने वाली कंपनियों के युवक शिक्षकों से कर रहे वसूली

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** जिले के सरकारी विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना के आडिट को लेकर कथित अवैध वसूली का मामला सामने आया है। आडिट के नाम पर विद्यालयों से प्रति स्कूल औसतन पांच हजार रुपये तक की राशि मांगी जा रही है। जिले में करीब 1575 विद्यालयों के आडिट की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में प्रति विद्यालय पांच हजार रुपये के हिसाब से करीब 78.75 लाख रुपये की राशि होती है। मध्याह्न भोजन के आडिट का टेंडर दो अलग-अलग कंपनियों को मिला है।

1575 स्कूलों के लिए दो कंपनियों को मिला है आडिट का टेंडर
एक कंपनी ने पेटी कान्ट्रेक्ट पर आडिट करने का दे दिया है काम
प्रति विद्यालय चार से पांच हजार रुपये वसूले जाने का आरोप
राशि देने के बाद अनियमितताओं पर पर्दा डालने का आरोप

इनमें ग्राम एंड एसोसिएट्स कंपनी ने आडिट का कार्य किसी युवक को पेटी कान्ट्रेक्ट पर दे दिया है। छह प्रखंडों क्रमशः हंटरगंज, प्रतापपुर, कान्हाचट्टी, इटखोरी, मयूरहंड एवं गिद्धौर के स्कूलों का आडिट कर रहा है। नाम नहीं छापने के शर्त पर एक शिक्षक ने बताया कि आडिट के दौरान कई तरह के अभिलेख और मध्याह्न भोजन से संबंधित कागजात की जांच की जाती है। इसी प्रक्रिया का लाभ उठाकर कथित रूप से शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन पर दबाव बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि अनियमितता हो या नहीं, अवैध पैसा देना ही होगा। राशि उपलब्ध करा देने के बाद संबंधित अनियमितताओं को आडिट रिपोर्ट में गंभीरता से दर्ज नहीं किया जाता। शिक्षकों के बीच इस तरह की चर्चा से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि यदि आडिट वास्तव में पारदर्शी तरीके से किया जाता, तो मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में सुधार होती और शिक्षकों में भय भी रहता। लेकिन पैसा लेकर सबकुछ सामान्य कर दिया जाता है, तो सीधे तौर पर सरकारी योजना की निगरानी व्यवस्था के साथ गंभीर खिलवाड़ है।

**जांच हुई तो सामने आ सकती है पूरी तस्वीर**

शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच होती है, तो पूरी तस्वीर सामने आ जाएगी। उनका कहना है कि सभी विद्यालयों में आडिट प्रक्रिया की निगरानी की जाए और यदि कहीं भी निर्धारित शुल्क के अलावा राशि ली गई है तो संबंधित लोगों की भूमिका की जांच हो। साथ ही आडिट रिपोर्ट और टेंडर की शर्तों की भी समीक्षा की जानी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि प्रति विद्यालय पांच हजार रुपये की वसूली किस परिस्थिति में हो रही है। इतनी बड़ी राशि की वसूली में अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। शिक्षकों का आरोप है कि वसूली की राशि में अधिकारियों की भी मिलीभगत है। विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता के बगैर आडिटर अवैध वसूली नहीं कर सकते हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

आडिट का टेंडर स्टेट स्तर से होता है। जिले में दो कंपनी को आडिट के लिए दिया गया है। शिक्षकों से शिकायतें मिली हैं। हंटरगंज एवं कान्हाचट्टी प्रखंड से शिकायतें मिली हैं। उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 13 माइल में रफ्तार का कहर: हाइवा की टक्कर से पिकअप तीन-चार बार पलटी, सात लोग गंभीर रूप से घायल

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र के 13 माइल के पास रविवार की रात करीब 9 से 9:30 बजे तेज रफ्तार हाइवा ने हजारीबाग की ओर से बड़कागांव आ रही एक पिकअप वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप कुछ क्षण के लिए हवा में उछल गई और अनियंत्रित होकर सड़क पर तीन से चार बार पलट गई। हादसे में पिकअप पर सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जाता है कि पिकअप वाहन हजारीबाग की ओर से बड़कागांव की तरफ आ रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे हाइवा ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पिकअप का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर कई बार पलटते हुए दूर जा गिरी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। इसी दौरान बड़कागांव की ओर से आ रहा एक कैंपर वाहन भी दुर्घटना की चपेट में आ गया। कैंपर में सवार दो लोग भी घायल हो गए। घायलों में टावर चौक निवासी दीपक कुमार तथा एक कंपनी में मैकेनिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत अनिल कुमार शामिल हैं। दोनों को हादसे में गंभीर चोटें आने की बात बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग स्थित एक निजी अस्पताल भेजा गया, जहां दीपक कुमार और अनिल कुमार का इलाज चल रहा है। वहीं पिकअप में सवार पांच घायलों का भी उपचार कराया गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा काफी तेज रफ्तार में था। पीछे से हुई जोरदार टक्कर के कारण पिकअप कई बार पलट गई, जिससे हादसा भयावह हो गया। गनीमत रही कि दुर्घटना के बावजूद बड़ी जनहानि नहीं हुई।

## काला बिल्ला लगाकर सड़कों पर उतरे 108 एम्बुलेंस कर्मी

रामगढ़। लंबित मांगों को लेकर झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के आह्वान पर राज्यभर के 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने सोमवार को चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया। आंदोलन के पहले दिन कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी करते हुए सरकार के प्रति विरोध जताया और अपनी मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। संघ की प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक के पत्र के अनुरूप जिला स्तर पर सरकारी माध्यम से 108 एम्बुलेंस सेवा का संचालन शुरू करना, सम्मान फाउंडेशन की ओर से हटाए गए कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल करना एवं आईपीएफ/एएसआई ओवरटाइम, ग्रेच्युटी तथा न्यूनतम वेतन सहित सभी वैधानिक अधिकार सुनिश्चित करना शामिल है। संघ ने बताया कि 14 से 19 सितंबर तक काला बिल्ला लगाकर विरोध किया जाएगा। इसके बाद 19 सितंबर को सिविल सर्जन कार्यालय से डीसी कार्यालय तक कैंडल मार्च, 21 सितंबर को भिक्षाटन, 23 सितंबर को धरना-प्रदर्शन और 25 सितंबर को राज्यव्यापी एक दिवसीय पूर्ण हड़ताल की जाएगी। 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया गया है। संघ ने सरकार से तत्काल सकारात्मक पहल की मांग करते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगों का समाधान होने पर आंदोलन को आगे बढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा हरियाली तीज व्रत, हर्षोल्लास से मनाया पर्व

### मुगमा शिवडंगाल के शिव मंदिर में महिलाओं ने पुजा अर्चना की

उज्जवल दुनिया संवाददाता





एग्यारकुंड। निरसा विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर हरियाली तीज का व्रत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर सुखी दांपत्य जीवन की कामना की।महिलाओं ने आचार्य की मौजूदगी में भगवान शिव,माता पार्वती सहित अन्य देवी-देवताओं का मुगमा शिवडंगाल के शिव मंदिर में महिलाओं ने पुजा अर्चना किया तथा तीज व्रत की कथा सुनी। हिंदू धर्म में हरतालिका तीज को महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। विशेष रूप से राजस्थान,उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड समेत उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में महिलाएं इस पर्व को पूरी श्रद्धा के साथ मनाती हैं। हरियाली तीज के अवसर पर महिलाओं ने दिनभर उपवास रखकर भगवान शिव एवं माता पार्वती की आराधना की। पूजा के दौरान सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, वैवाहिक जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। वहीं, अविवाहित युवतियों ने भी मनचाहा जीवनसाथी पाने की इच्छा से व्रत रखा।दक्षिण भारत के कई राज्यों, जैसे कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में भी इस पर्व को गौरी हब्बा के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इसी मान्यता के चलते महिलाएं हरियाली तीज पर माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा कर अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि एवं पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। हरियाली तीज को लेकर क्षेत्र की महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान एवं श्रृंगार के साथ पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से तीज की कथा सुनी और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा रहा है। यह पहल नई प्रतिभाओं और समाजसेवियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

## एक शिक्षक के भरोसे चल रहा कई स्कूलों का पठन-पाठन : अमीन

रांची। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा की बैठक सोमवार को धुर्वा स्थित भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में प्रदेश संयोजक मंगलेश्वर उरांव की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद ने कहा कि राज्य के हजारों विद्यालयों में लंबे समय से एक ही शिक्षक के भरोसे पठन-पाठन चल रहा है। विषयवार पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति, जरूरत के अनुसार घंटी आधारित शिक्षकों की व्यवस्था और शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग की गई। प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने बताया कि शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ, छठे वेतन आयोग के अनुरूप उत्क्रमित वेतनमान और वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार विशेष टीईटी आयोजित करने की मांग की। साथ ही विद्यालय विकास एवं कुकिंग कॉस्ट की लंबित राशि में वृद्धि कर जल्द आवंटन और वित्तीय-सामाजिक अंकेक्षण के नाम पर शिक्षकों के कथित आर्थिक भयादोहन पर रोक लगाने की भी मांग की गई।

## पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

### शिव-पार्वती की पूजा कर मांगा सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के बड़कागांव,सिकरी विश्रामपुर, नापो खुर्द, गोसाई बलिया, खरांटी, चोपदार बलिया, तलसवार, बदाम, हरली, महगाई कला, जुगरा, बरवाडी समेत 84 गांवों में सोमवार को हरितालिका तीज का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना को लेकर पूरे दिन निर्जला व्रत रखा। पर्व को लेकर महिलाओं में सुबह से ही विशेष उत्साह देखने को मिला। हरितालिका तीज को लेकर सुबह से ही विभिन्न शिवालयों और घरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। व्रती महिलाओं ने स्नान आदि के बाद विधि-विधान से पूजा की तैयारी की। कई स्थानों पर महिलाओं ने समूह बनाकर बालू से भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा तैयार की। इसके बाद प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें पूजा स्थल पर स्थापित किया गया। महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर तीज व्रत की कथा सुनी। पूजा के दौरान बेलपत्र, दुर्वा, फूल, अक्षत, फल, मिष्ठान समेत दूध, दही, घी, मधु और शर्करा आदि पूजन सामग्री अर्पित की गई। महिलाओं ने शिव-पार्वती से अपने वैवाहिक जीवन में प्रेम, सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। कई स्थानों पर व्रती महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन किया। इसके साथ ही रात्रि जागरण कर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की गई।पर्व को लेकर प्रखंड के विभिन्न बाजारों और चौक-चौराहों पर भी दिनभर काफी चहल-पहल रही। पूजा सामग्री, फल, मिठाई, फूल और श्रृंगार की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। तीज के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से सज-संवरकर पूजा में भाग लिया। गांवों में भी तीज पर्व को लेकर उत्सवी माहौल बना रहा। धार्मिक मान्यता के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पति रूप में स्वीकार किया। इसी मान्यता के आधार पर सुहागिन महिलाएं हरितालिका तीज के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा कर अपने पति की लंबी आयु तथा अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। वहीं, अविवाहित युवतियां भी मनचाहा वर प्राप्त करने की कामना से यह व्रत रखती हैं। पूरे दिन निर्जला उपवास रखने के बाद व्रती महिलाएं मंगलवार को विधि-विधान के साथ व्रत का पारण करेंगी। पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

# मांडू विधायक तिवारी महतो की मां स्व.झुनिया देवी की दूसरी पुण्यतिथि पर सेवा कार्यों से दी गई श्रद्धांजलि

सांसद मनीष जायसवाल ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन, जरूरतमंदों में बांटे कंबल, एंबुलेंस सेवा का हुआ शुभारंभ

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**चरही।** मांडू विधानसभा क्षेत्र भट्ठाटांड़, बुमरी में सोमवार को झुनिया देवी ग्रामीण विकास फाउंडेशन की ओर से स्वर्गीय झुनिया देवी की द्वितीय पुण्यतिथि पर स्मरण एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और स्वर्गीय झुनिया देवी की स्मृति को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद मनीष जायसवाल ने मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो की माता स्वर्गीय झुनिया देवी की स्मृति में स्थापित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने विधायक एवं ग्रामीणों के साथ जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल का वितरण भी किया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जरूरतमंद और असहाय लोगों के साथ खड़ा होना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहयोग और संवेदना पहुंचाना ही सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि दिवंगत परिजनों की स्मृति को समाजसेवा से जोड़ना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में झुनिया देवी ग्रामीण विकास फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ भी किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एंबुलेंस की उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण है। यह सेवा जरूरतमंद मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में सहायक होगी। उन्होंने फाउंडेशन के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सेवा, संवेदना और सहयोग के ऐसे प्रयास समाज को मजबूत बनाते हैं। यहां उनके साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## एक नजर

### अफीमकोठी में गणेश उत्सव शुरू, पूजा स्थल की आकर्षक सजावट बनी आकर्षण का केंद्र



बरही। बरही प्रखंड के अफीमकोठी स्थित मल्लाहटोली में गणपति पूजा समिति के तत्वावधान में गणेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू की गई। प्रतिमा का पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। गणेश उत्सव को लेकर ग्रामीणों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पूजा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि पूजा के दौरान धार्मिक अनुष्ठान सहित अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। समिति एवं ग्रामीणों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पूजा स्थल पर पहुंचकर भगवान गणेश का दर्शन एवं पूजा-अर्चना करने की अपील की है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष सूरज कुमार साव, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ कसेरा, सचिव राजकुमार उर्फ बाबू, संचालक अजय कुमार, अशोक कुमार राम, सोनू कुमार रवि, सौरभ कुमार रवि, सुरेश कुमार गुप्ता, राहुल कुमार, दीपक गुप्ता, रवि कुमार, मंटू कुमार सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए हैं।

### विश्वकर्मा पूजा में शामिल होंगे सांसद मनीष जायसवाल



**हजारीबाग।** सांसद सेवा कार्यालय में सोमवार को चौपारण प्रखंड के आरापगार, पाण्डेबारा से पहुंचे चैय विश्वकर्मा समाज समिति के सदस्यों ने सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात की। समाज के सदस्यों ने आगामी 17 सितंबर को आयोजित होने वाले बाबा विश्वकर्मा पूजा समारोह में शामिल होने के लिए सांसद को निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। इस दौरान समाज के उत्थान, क्षेत्र के विकास और विभिन्न जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। सांसद श्री जायसवाल ने समाज के सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि समाज के लोगों ने के साथ संवाद और उनके सुझाव क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि किशोर कुमार राणा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### जतराहीबाग में City Kart का हुआ शुभारंभ, सांसद कालीचरण सिंह ने किया उद्घाटन



चतरा। शहर के जतराहीबाग स्थित City Kart का सोमवार को चतरा लोकसभा के सांसद श्री कालीचरण सिंह जी ने नारियल फोड़कर, दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद ने प्रतिष्ठान के संचालक एवं पूरी टीम को नए व्यवसाय की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। सांसद श्री कालीचरण सिंह जी ने कहा कि चतरा शहर में नए प्रतिष्ठानों का खुलना क्षेत्र के विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करता है। ऐसे प्रतिष्ठानों से शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होती हैं और उन्हें खरीदारी के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ता है। उन्होंने ड३८ ड१३ के संचालक एवं पूरी टीम के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रतिष्ठान आने वाले समय में चतरा के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरे और लगातार प्रगति करे। उद्घाटन समारोह में चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, संजीत सिंह उर्फ पप्पू, राजेंद्र प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### सुहागिन महिलाओं ने किया तीज पूजन



केरेडारी। केरेडारी प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में हरतालिका तीज की पूजा धूमधाम से किया गया है। इसके लिए सोमवार के सुबह से सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास कर पूजा कर रही है,इस पूजा में भगवान शिव से अपने पति की लंबी आयु की कामना की।यह पूजा सभी गांवों में महिलाएं जत्था बनाकर पूजा का आयोजन की।यह पूजा केरेडारी प्रखण्ड के केरेडारी, कराली, केमो, पेटो, सलगा, बुंडू,बटुका, हेंदेगिर, हेवई, पचड़ा, गरिकला, कंडाबेर समेत सभी गांवों में किया गया।

### 'हजारीबाग रत्न' अवार्ड की तैयारियां तेज, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने की पहल की सराहना



हजारीबाग। हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट द्वारा आगामी 02 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह एवं सम्मेलन 'हजारीबाग रत्न' अवार्ड को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। समारोह के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों, वरीय पदाधिकारियों एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात कर उन्हें सादर आमंत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में ट्रस्ट की टीम ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, उप विजेता महापौर सरफराज अहमद तथा अधिवक्ता सह समाजसेविका मोनालिसा लकड़ा से मुलाकात कर उन्हें समारोह का आमंत्रण दिया। सभी ने हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए 'हजारीबाग रत्न'जैसी पहल को प्रेरणादायक बताया। समारोह में समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, खेल, नशामुक्ति एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं एवं संस्थाओं को 'हजारीबाग रत्न' अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के संस्थापक सह अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि हजारीबाग की पावन धरती पर पहली बार इस तरह का सम्मान समारोह आयोजित कर निस्वार्थ भाव से समाज और जिले के विकास में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा रहा है। यह पहल नई प्रतिभाओं और समाजसेवियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# पश्चिमी टुंडी में दो दर्जन से अधिक जंगली हाथियों का आतंक, आठ घर ध्वस्त

## हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत, लाचार ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार से लगाई गुहार

उज्ज्वल दुनिया संवाददात



**टुंडी।** पश्चिमी टुंडी के मनियाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जाताखुंटी पंचायत के ढोंगाबेड़ा मौजा स्थित मोहली टोला में रविवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। ग्रामीणों के अनुसार दो दर्जन से अधिक हाथियों के झुंड ने बराकर नदी पार कर गांव में प्रवेश किया और आठ घरों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के आतंक से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड पड़ोसी जिला गिरिडीह के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के पंडरी-मोहलडीह की ओर से बराकर नदी पार कर मोहली टोला पहुंचा। इसके बाद हाथियों ने घरों को तोड़ना शुरू कर दिया। घरों में रखे चावल समेत अन्य खाद्य पदार्थों को हाथियों ने खा लिया और बिखेर दिया। घरेलू उपयोग की कई आवश्यक वस्तुएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि अधिकांश सामान टूटे मकानों के मलबे में दब गया । हाथियों के हमले में 73 वर्षीय मोती मोहली भी घायल हो गए। बताया गया कि मोती मोहली अपनी पुत्री एवं दामाद के घर शांतिपूर्वक रहने के लिए आए हुए थे। इसी दौरान हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर पटक दिया, जिससे उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई और पैर टूट गया। घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखा गया। वक्ताओं ने बताया कि हाथियों के गांव में प्रवेश करने की सूचना मिलने के बाद वे रात करीब 10:30 बजे से 12:30 बजे तक अपने कुछ सहयोगियों के साथ मौके पर डटे रहे। इस दौरान वन विभाग के पदाधिकारियों से मोबाइल फोन के माध्यम से लगातार सहयोग की अपेक्षा की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार फोन करने पर किसी का मोबाइल बंद मिला, जबकि कुछ नंबरों पर घंटी बजती रही। कुछ लोगों ने आने की बात कही, लेकिन समय पर टीम मौके पर नहीं पहुंची। मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेम्ब्रम एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश हेम्ब्रम सहित ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग की मशालची टीम मौके पर पहुंच जाती तो हाथियों के उत्पात से इतने बड़े पैमाने पर नुकसान से बचा जा सकता था। हाथियों के आतंक के बीच चरककला के ग्रामीणों ने भी साहस दिखाया। बरूण कुमार सिंह, पंचानन सिंह, गिरिश सिंह एवं रण्जीत सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने मोहली टोला से सटे भोगता/पुजहर टोला की ओर हाथियों को बढ़ने से रोकने और ग्रामीणों को सुरक्षित रखने में सहयोग किया। ग्रामीणों की तत्परता से आसपास के अन्य घरों को नुकसान से बचाने का प्रयास किया गया।लगातार जंगली हाथियों के गांवों में पहुंचने और घरों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, वन विभाग तथा हेमंत सरकार से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत एवं उचित मुआवजा देने, घायल बुजुर्ग के इलाज की व्यवस्था कराने तथा हाथियों के आतंक से स्थायी निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## तीज पर्व पर महिलाओं ने विधि-विधान से किया पूजन, पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना

**बोकारो।** हरितालिका तीज पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुहागिन महिलाओं ने पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ तीज पूजन किया। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक परिधानों और आभूषणों में सज-धजकर पूजा स्थल पर एकत्रित हुईं और भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान महिलाओं ने फल, फूल, मिठाई, पान, सुपारी सहित विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित की। दीप और धूप जलाकर भगवान शिव-पार्वती की आराधना की गई।

## ईएसएल आर्चरी अकादमी के तीन युवा तीरंदाजों को खेल छात्रवृत्ति

उज्ज्वल दुनिया संवाददात

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी के तीन युवा तीरंदाजों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए झारखंड सरकार की ओर से खेल छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। अकादमी के कुलदीप महतो को 70 हजार रुपये, जबकि डोली कुमारी और कृतिका कुमारी को 60-60 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिली है। यह सम्मान खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन, प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण को मान्यता देता है। छात्रवृत्ति की राशि से खिलाड़ियों को आगे के प्रशिक्षण, खेल उपकरण और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी में मदद मिलेगी। तीनों खिलाड़ियों की उपलब्धि ईएसएल आर्चरी अकादमी की ओर से ग्रामीण एवं स्थानीय क्षेत्र की प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और खेल के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों को भी दर्शाती है। अकादमी के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिल रहा है। ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीईओ एवं होल टाइम डायरेक्टर रवीश शर्मा ने कहा कि कुलदीप, डोली और कृतिका की उपलब्धि पर कंपनी को गर्व है। झारखंड सरकार की ओर से दिया गया।

# केबल चोरी के मामले का उद्भेदन, युवक गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** सेक्टर-4 थाना क्षेत्र के सर्कस मैदान के सामने स्थित टावर से केबल चोरी के मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गौतम कुमार (19), पिता मुन्ना रजक, निवासी चांदो, थाना पेटरवार, बोकारो तथा वर्तमान पता गर्ल्स हॉस्टल, सेक्टर-6, बोकारो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 27 अगस्त 2026 को सर्कस मैदान के सामने स्थित टावर से केबल चोरी की घटना हुई थी। इस संबंध में सेक्टर-4 थाना में कांड संख्या 61/2026, दिनांक 5 सितंबर 2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मामले के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी और सूचना संकलन की जा रही थी। इसी क्रम में 14 सितंबर की रात विश्वकर्मा मंदिर, सेक्टर-4 के पास पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को एसी का तार काटने की योजना बनाते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में पुलिस के अनुसार, आरोपी ने टावर और एसी के तार काटकर बेचने की बात स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने टावर से काटे गए करीब सात मीटर केबल के तीन टुकड़े, 2.5 मीटर एसी पाइप, करीब 3.5 मीटर तांबे के तार के दो टुकड़े और चार मीटर एल्युमिनियम तार बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। छापेमारी टीम में नगर डीएसपी राजीव रंजन, सेक्टर-4 थाना प्रभारी संजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक कुमार विक्रम सिंह, अवेन्द्र कुमार साव, सहायक अवर निरीक्षक जोन कुजूर तथा आरक्षी इलियास अंसारी और पवन कुमार महथा शामिल थे।

## शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी गई श्रद्धांजलि



**नावाडीह।** झामुमो प्रखंड कार्यालय नावाडीह में सोमवार को शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की स्मृति में शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रखंड अध्यक्ष सोनाराम हेंब्रम की अध्यक्षता में संपन्न शोकसभा में केंद्रीय कमेटी के सदस्य जयनारायण महतो सहित जिला, प्रखंड व पंचायत स्तरीय नेता व कार्यकताओं ने दो मिनट मौनव्रत रखा और स्व सोनू जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। जय नारायण महतो ने कहा कि गिरिडीह जिला में झामुमो संगठन को मजबूत बनाने में स्व. सोनू जी अहम भूमिका निभाते हुए विकास कार्यों के क्रियान्वयन में भी भरपूर सहयोग किये। मंत्री पद पर रहते हुए भी उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किये। उनके निधन से संगठन को अपूर्णीय क्षति हुई है। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष गणेश महतो, मुखिया देवेंद्र कुमार महतो, पंसस निर्मल महतो , जयनाथ रजक, मुरली सिंह, अमरूल्लाह अंसारी, गौतम मुंडा, जयलाल महतो, हरि प्रसाद महतो, हेमलाल मरांडी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गणेश पूजा पंडाल का एसडीपीओ व जीएम ने किया उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**एग्यारकुंड।** श्री श्री गणेश पूजा सेवा समिति, जुनकुंदर की ओर से श्रम कल्याण केंद्र मैदान में आयोजित गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन सोमवार को निरसा एसडीपीओ लिलेश्वर महतो एवं बीसीसीएल सीवी एरिया नंबर 12 के महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आचार्य निरंजन पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई।मुख्य यजमान के रूप में बीएन मुखर्जी एवं उनकी पत्नी ने पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया।पूजा समिति के आयोजकों ने बताया कि सोमवार की शाम रामराज कुशवाहा की कीर्तन मंडली द्वारा हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। मंगलवार की रात जागरण कार्यक्रम होगा। बुधवार को विधि-विधान के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा।उद्घाटन समारोह में मुखिया रंजीत कुमार पासवान, पूर्व मुखिया अनिल कुमार, पूर्व उपमुखिया मनोज कुमार यादव, ओम प्रकाश बनिया, सहदेव ठाकुर, समिति अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, चुन्नू सिंह, गुड्डू सिंह, सतीश पासवान, जय रवानी, अखिलेश सिंह, शशिकांत प्रसाद, दीपक पासवान, विक्रम सिंह, शुभोजित विश्वास, दिनेश ठाकुर, रोहित कुमार, विनोद यादव, राजन कुमार, मनीष कुमार, राहुल वर्मा, शुभम कुमार, अंशु, रोशन, धीरज, सन्नी सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# मोती दिखाकर महिला से सोने की चेन व टॉप्स ठगने का प्रयास, एक गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बोकारो (जरीडीह)।** जरीडीह थाना क्षेत्र में मोती दिखाकर घर में सुख-शांति और धन प्राप्ति का झांसा देकर महिला से सोने की चेन और कान के टॉप्स ठगने का मामला सामने आया है। घटना 13 सितंबर की दोपहर करीब 1:15 बजे की है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, जैना पंचायत निवासी लालचंद महतो की फुआ सुमिता देवी बांधगोड़ा साइड स्थित अपने घर से पड़ोसी के यहां जा रही थीं। इसी दौरान दो व्यक्ति उनके पास पहुंचे और मोती जैसा पत्थर दिखाकर कहा कि इसे धारण करने से घर के दोष, बीमारी और परेशानियां दूर हो जाएंगी तथा धन की प्राप्ति होगी। आरोपियों ने महिला को विश्वास में लेकर गले की चेन और कान के टॉप्स जमीन पर रखने तथा आंखें बंद कर ॐ का उच्चारण करने को कहा, महिला के आंखें बंद करते ही दोनों आरोपी चेन और टॉप्स लेकर भागने लगे। महिला के शोर मचाने पर उनके भतीजे लालचंद महतो ने पीछा कर जैनामोड़ शराब दुकान के पास बाइक पर पीछे बैठे एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा बाइक लेकर फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के नानौता थाना क्षेत्र के कुतुबपुर निवासी करीब 44 वर्षीय इस्लाम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार फरार आरोपी का नाम असगर अली बताया गया है। उसके साथ आबिद, अख्तर अली और आजाद उर्फ गेंडा उर्फ एजाज के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। मामले में जरीडीह थाना कांड संख्या 152/26 दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से सोने जैसी दिखने वाली पतली चेन, एक जोड़ी कान के टॉप्स और सफेद डिब्बे में रखा सफेद रंग का मोती बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में छत्तीसगढ़ के बस्तर, दुमका टाउन थाना और चास थाना क्षेत्र में भी मामले दर्ज हैं।

## गणेश पूजा की प्रतिमा का उदय प्रताप सिंह ने किया उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गणपति विघ्नहर्ता, भक्तों के संकट और बाधाएं करते हैं दूर
उदय प्रताप सिंह



**धनबाद।** कोयला नगर स्थित शाई मंदिर में सोमवार को गणेश पूजा के अवसर पर स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का उद्घाटन श्रीराम सेना के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता कहा जाता है। वे अपने भक्तों के संकट, बाधाओं और विघ्नों को दूर कर उनका कल्याण करते हैं। सनातन धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य का स्थान प्राप्त है। किसी भी शुभ कार्य, पूजा अथवा नए व्यवसाय की शुरूआत से पहले सबसे पहले गणेश जी की आराधना की जाती है। मान्यता है कि उनके आशीर्वाद से कार्य निर्विघ्न और सफलतापूर्वक संपन्न होता है। कार्यक्रम में मानव प्रोटेक्शन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुदिष्ट कुमार, मानव प्रोटेक्शन के जिलाध्यक्ष संगीत सिंह, मंदिर के मुख्य पुजारी तूफानी बाबा, वशिष्ठ मुनि चौबे, जितेंद्र कुमार पांडेय, अभिषेक दुबे, कामदेव प्रसाद रविंद्र सोनार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बड्स गार्डेन स्कूल में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र सम्मानित

**धनबाद।** बड्स गार्डेन स्कूल, दलूडीह में हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभागार में कक्षा आठवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के मोहम्मद शहबाज शेख, दोहा प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की श्रुति, कविता प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की साक्षी, वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं के आदित्य सौरभ तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य विजेता विद्यार्थियों को द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया ने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिंदी भाषा के महत्व और उसके व्यापक उपयोग पर प्रकाश डाला। विद्यालय के चेयरमैन अमर कुमार पाल ने हिंदी विभाग की सभी शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों को सम्मानस्वरूप उपहार प्रदान किए।

## एक नजर

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नावाडीह पहुंचे डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो




**नावाडीह।** डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नावाडीह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रावास, भोजन, स्वच्छता एवं छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। विद्यालय पहुंचने पर विधायक महतो ने छात्राओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनके साथ संवाद करते हुए पढ़ाई, भविष्य के लक्ष्य एवं विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। छात्राओं से बातचीत के दौरान विधायक ने उन्हें मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां केवल परिवार की नहीं, बल्कि समाज और देश की ताकत हैं। आर्थिक या सामाजिक परिस्थितियां किसी बेटी के सपनों के रास्ते में बाधा नहीं बननी चाहिए। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके जरिए बेटियां अपने सपनों को साकार कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। विधायक ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आपमें से हर एक के भीतर आगे बढ़ने और कुछ बड़ा करने की क्षमता है। अपने लक्ष्य को ऊंचा रखिए, कठिन परिस्थितियों से घबराइए मत और पूरी ईमानदारी से मेहनत कीजिए।इस दौरान उन्होंने विद्यालय की समस्याओं और छात्राओं की आवश्यकताओं को भी गंभीरता से सुना तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया। विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा कि बच्चियों की शिक्षा और उनके सुरक्षित एवं बेहतर भविष्य से जुड़ा हर विषय उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई की जगह नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को आकार देने का केंद्र है और यहां उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रखंड अध्यक्ष देवनारायण महतो, विधायक प्रतिनिधि संदीप झारखंडी, अनंतलाल महतो सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें, ताकि फर्स्ट एड की जरूरत ही ना पड़े : राम कुमार




**बोकारो (चंद्रपुरा)।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन व एस टी एम अस्पताल के चिकित्सकों ने डीवीसी कर्मियों और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान राम कुमार अनुभवी ने कहा कि सुरक्षा का अनुपालन सख्ती से करें ताकि फर्स्ट एड का जरूरत ही ना पड़े। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद अगर कोई घटना घट जाती है, तो फर्स्ट एड से प्रशिक्षित लोग बचाव में समर्थ होंगे। उन्होंने फर्स्ट एड का प्रशिक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशिक्षित लोग स्वयं तो लाभान्वित होंगे, अन्य लोगों को भी उनके प्रशिक्षण का लाभ अवश्य प्राप्त होगा। अस्पताल के उप मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पी के घोष ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को फर्स्ट एड पर विस्तृत जानकारी दी और कहा कि अपने जीवन में आप सभी हमेशा फर्स्ट एड को लेकर सतर्क रहें । डॉक्टर मानिक मंडल, डॉक्टर एस चटर्जी ने फर्स्ट एड पर कई तरह के बीमारियों का जिक्र करते हुए लोगों को उससे बचाव का उपाय बताया। कार्यक्रम का संचालन मीरा बक्सला, हेमंत कुमार ने किया। समारोह को उप समादेष्टा बेहरुल इस्लाम लश्कर ने भी संबोधित किया।

### बोकारो में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू, श्री श्री मां अंबे पूजा समिति ने किया भूमि पूजन



**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। उत्तरी विस्थापित क्षेत्र की श्री श्री मां अंबे दुर्गा पूजा समिति की ओर से सेक्टर-९ए स्थित गायत्री मंदिर आलोक मैदान में विधिवत भूमि पूजन किया गया। पंडितों ने मंत्रोच्चारण और वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर पंडाल निर्माण की शुरूआत की। श्री श्री मां अंबे दुर्गा पूजा समिति पिछले कई वर्षों से यहां भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन करती आ रही है। इसी क्रम में इस वर्ष भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने और आकर्षक पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। समिति के अध्यक्ष दीपू मोदी की अध्यक्षता में इस बार भी दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान समिति के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समिति के सचिव विश्वनाथ प्रताप आश ने बताया कि लगातार कई वर्षों से नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी पूजा को भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि पंडाल को इस बार भी विशेष रूप से तैयार किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। समिति के मुताबिक, पूजा समारोह में साफ-सफाई और आकर्षक पंडाल पर विशेष जोर दिया जाता है। बेहतर व्यवस्था और पंडाल की सजावट के लिए समिति को बोकारो में कई बार सम्मान भी मिल चुका है। खास बात यह है कि इस पूजा आयोजन में हिंदू-मुस्लिम समेत विभिन्न समुदायों के लोग मिल-जुलकर सहयोग करते हैं, जो सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करता है। भूमि पूजन कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी, मेला प्रभारी दुलार चंद महतो, प्रधान मेला प्रभारी संजय गगराई, महासचिव सुनील कुमार रजक और संगठन सचिव उत्तम महतो समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोग भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# कालाजार उन्मूलन को लेकर साहिबगंज सदर अस्पताल पहुंची आईसीएमआर की टीम, पैथोलॉजी कर्मियों को दिया विशेष प्रशिक्षण







उज्जवल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** वर्ष 2026 तक भारत को कालाजार मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर सोमवार को आईसीएमआर (इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च) की टीम साहिबगंज सदर अस्पताल पहुंची। जहां इस टीम में केंद्रीय, राज्य एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन से जुड़े विशेषज्ञ शामिल थे। उधर टीम का नेतृत्व डॉ. मिताली चटर्जी ने किया। जहां उनके साथ डॉ. सूर्या ज्योति चौधरी, सुतापा राय और शिशिर कुंडू भी मौजूद रहे। उधर आईसीएमआर टीम ने सदर अस्पताल पहुंचकर पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। जहां इस दौरान टीम ने कालाजार की जांच प्रक्रिया, लैब की व्यवस्थाओं और जांच के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों का बारीकी से जायजा लिया। वही निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान भी मौजूद रहे। इस मौके पर टीम ने पैथोलॉजी लैब से जुड़े कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जहां सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने बताया कि कालाजार की डायग्नोसिस के दौरान कभी कभी कुछ मामलों में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ऐसे में जांच कर्मियों को प्रशिक्षित करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कालाजार का कोई भी संदिग्ध या वास्तविक केस जांच के दौरान मिस न हो। आगे उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद लैब कर्मी कालाजार के साथ-साथ लेप्रोसी और केपीडीएल से जुड़े मामलों को भी बेहतर तरीके से अलग अलग पहचानने और जांचने में सक्षम होंगे। वहीं आईसीएमआर टीम की लीडर डॉ. मिताली चटर्जी ने कहा कि ह्यकालाजार मुक्त भारतह्न अभियान के तहत साहिबगंज में यह कार्यशाला आयोजित की गई है। आगे उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से लगातार किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है और लक्ष्य है कि 2026 में भारत को कालाजार मुक्त किया जाए। वही उन्होंने साहिबगंज की पैथोलॉजी लैब की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां जांच की व्यवस्था काफी अच्छी है। वही बड़े शहरों को छोड़ दें तो साहिबगंज की लैब देश की बेहतर लैब में शामिल है। वही उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कालाजार के मामले सामने आते हैं, वहां बेहतर जांच सुविधा वाली लैब का होना बेहद जरूरी है और साहिबगंज की लैब इस दिशा में एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उधर आईसीएमआर टीम के इस दौरे और प्रशिक्षण को जिले में कालाजार की पहचान एवं रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बरहरवा में सिटीकार्ट मॉल का भव्य उद्घाटन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**बरहरवा:** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर जिले के बरहरवा में सिटीकार्ट मॉल का भव्य उद्घाटन किया गया। जहां मॉल का शुभारंभ प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास एवं प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत टुडू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। उधर उद्घाटन के मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने कहा कि बरहरवा में सिटीकार्ट मॉल का खुलना स्थानीय लोगों के लिए सुविधाजनक और लाभकारी साबित होगा। अब बरहरवा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विभिन्न प्रकार के सामानों की खरीदारी के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। आगे उन्होंने कहा कि मॉल में अलग अलग श्रेणियों के सामान और कई तरह की वैरायटी एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई गई है। साथ ही साथ सामानों की कीमत भी आम लोगों की पहुंच को ध्यान में रखते हुए किफायती रखी गई है। वही अशोक कुमार दास ने कहा कि इससे पहले बरहरवा के लोगों को आधुनिक मॉल में खरीदारी के लिए दूसरे शहरों की ओर जाना पड़ता था, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही खरीदारी की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो गई है। वही उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील किया कि वे बरहरवा में उपलब्ध इस नई सुविधा का लाभ उठाएं और अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी स्थानीय स्तर पर करें। उधर उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोग, व्यवसायी एवं कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जहां मॉल के शुभारंभ को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। वही समारोह के दौरान लोगों ने मॉल का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं और उत्पादों की जानकारी ली।

## गणेश चतुर्थी, तीज और चकचंदा की धूम, भक्ति के रंग में रंगा साहिबगंज

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** गणेश चतुर्थी, तीज और चकचंदा (चौरचन/चौठचंद्र) पर्व को लेकर सोमवार को साहिबगंज शहर से लेकर जिलेभर में उत्साह और भक्ति का माहौल है। जहां बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल बढ़ गई है। वहीं विभिन्न पूजा समितियों की ओर से आकर्षक पंडाल, भव्य गणेश प्रतिमाओं और विद्युत सज्जा के साथ पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उधर तिथि को लेकर अलग अलग पूजा समितियों की ओर से गणेश प्रतिमा स्थापित करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जहां कई समितियां सोमवार दोपहर से ही प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा-अर्चना करेंगी, जबकि कुछ पूजा समितियों की ओर से 15 सितंबर को गणेश पूजा आयोजित की जाएगी। जहां शहर के सकरोगढ़ बड़ी गणेश पूजा समिति, पोखरिया गणेश पूजा समिति, केलाबाड़ी धनगढ़सी गणेश पूजा समिति, रसूलपुर दहला गणेश पूजा समिति, गुल्ली भट्टा पांच मोड़ गणेश पूजा समिति, जड्डू मोड़ गणेश पूजा समिति, सब्जी मंडी गणेश पूजा समिति, शहीद चौक बघवा कुआं, कॉलेज रोड के एन क्लब समेत विभिन्न स्थानों पर गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। तीज और चकचंदा को लेकर भी महिलाओं में उत्साह उधर गणेश चतुर्थी के साथ तीज पर्व को लेकर भी बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## साहिबगंज के मुद्दों पर सिद्धो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू का बड़ा बयान, बिजली, सड़क से लेकर जेएसएससी, सीजीएल और जेपीएससी पर उठाए सवाल

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिले की बुनियादी समस्याओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं अमर शहीद सिद्धो कान्हू के छठे वंशज मंडल मुर्मू ने बड़ा बयान दिया है। खान उन्होंने साहिबगंज में बिजली, सड़क, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े कई अहम सवाल उठाते हुए सरकार और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। आगे मंडल मुर्मू ने कहा कि जिले के ग्रामीण इलाकों में आज भी लोगों को कई मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की जरूरत है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके। युवाओं के भविष्य को लेकर उठाए सवाल वही मंडल मुर्मू ने युवाओं के रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। जहां उन्होंने जेपीएससी, जेएसएससी और सीजीएल जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर युवाओं के बीच बनी चिंताओं का जिक्र करते हुए कहा कि परीक्षा व्यवस्था पारदर्शी और भरोसेमंद होनी चाहिए, ताकि मेहनत करने वाले युवाओं के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो। आगे उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों में राशनकार्डधारियों को सितंबर का खाद्यान्न, प्रशासन ने दो दिनों में वितरण पूरा करने का दिया निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न की कमी नहीं होने देने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जहां सदर, बड़हरवा, तालझारी, उधवा समेत अन्य प्रखंडों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशनकार्डधारी लाभुकों के बीच सितंबर 2026 माह के खाद्यान्न का वितरण शुरू कर दिया गया है। जहां राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। वही जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि शेष सभी पात्र लाभुकों के बीच अधिकतम दो दिनों के अंदर खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि बाढ़ की विकट परिस्थितियों के बीच कोई भी पात्र परिवार राशन से वंचित न रहे। राशन कार्ड नहीं है तो भी होगी पात्र परिवारों की पहचान उधर जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ऐसे परिवारों और व्यक्तियों की भी पहचान करने का निर्देश दिया है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लिए पात्र हैं, लेकिन किसी कारणवश अब तक योजना का लाभ नहीं ले सके हैं या उनके पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है। जहां संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ऐसे पात्र परिवारों की सूची तैयार कर तत्काल प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि नियमानुसार उन्हें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़कर आवश्यक खाद्य सुरक्षा का लाभ दिलाया जा सकें। आगे

जिला प्रशासन ने साफ किया है कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में प्रभावित एवं पात्र परिवारों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। वही जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के किसी भी बाढ़ प्रभावित पात्र परिवार को भोजन और राशन के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे अपर समाहर्ता, घीशु टोला और मकई टोला का लिया जायजा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति के बीच जिला प्रशासन का राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को अपर समाहर्ता विजय कुमार ने साहिबगंज अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू एवं एनडीआरएफ की टीम के साथ विभिन्न बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता ने घीशु टोला, मकई टोला समेत अन्य प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर बाढ़ की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत सामग्री की जरूरत के संबंध में जानकारी ली। उधर निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण कर तत्काल राहत पहुंचाई गई। जहां प्रशासनिक टीम ने मौके पर मौजूद लोगों से उनकी आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिलाया। राहत कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं अउधर अपर समाहर्ता विजय कुमार ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री और जरूरी सेवाएं हर हाल में समय पर पहुंचनी चाहिए। आगे उन्होंने प्रभावित इलाकों में लगातार निगरानी रखने, जरूरतमंद लोगों की तत्काल सहायता करने और राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी तरह की शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया।

वही उन्होंने कहा कि बाढ़ की इस विषम परिस्थिति में जिला प्रशासन प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। प्रशासन की प्राथमिकता प्रत्येक प्रभावित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ साथ समय पर राहत पहुंचाना है। जहां जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। वही प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को तेज करते हुए जरूरतमंद परिवारों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने का सिलसिला लगातार जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने निकले एसपी अमित कुमार सिंह, लंगर की व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा



**साहिबगंज:** जिले में गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जहां दियारा इलाकों के साथ साथ शहरी क्षेत्र भी बाढ़ के पानी प्रवेश कर जाने से कई इलाके प्रभावित हो गए हैं। ऐसे मुश्किल हालात में पुलिस प्रशासन भी राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में साहिबगंज एसपी अमित कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। जहां इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों के लिए चलाए जा रहे लंगर की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आपको बता दें कि साहिबगंज जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। जहां गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से करीब सवा मीटर ऊपर बह रहा है, जिससे दियारा क्षेत्र से लेकर शहरी इलाकों तक लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उधर बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए एसपी अमित कुमार सिंह खुद जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए निकले। जहां उन्होंने मुफस्सिल थाना, गंगा नदी थाना सहित विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और बाढ़ की स्थिति के साथ साथ राहत एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद एसपी मिजाचौकी थाना भी पहुंचे, जहां उन्होंने थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव से क्षेत्र की विधि-व्यवस्था और बाढ़ की स्थिति को लेकर जानकारी ली। वही उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूरी तरह सतर्क रहने और जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। वहीं, बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से जिले के चार थानों गंगा नदी थाना, मुफस्सिल थाना, राजमहल थाना और राधानगर थाना में तीनों समय लंगर की व्यवस्था की गई है। इस दौरान एसपी ने लंगर की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और कहा कि बाढ़ की इस मुश्किल घड़ी में कोई भी प्रभावित व्यक्ति भूखा न रहे, इसे सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है।वही बाढ़ के बीच एसपी का यह जमीनी निरीक्षण साफ तौर पर बताता है कि प्रशासनिक अमला राहत और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। अब जरूरत इस बात की है कि बाढ़ प्रभावित लोगों तक राहत और मदद का सिलसिला लगातार जारी रहे।

### सूर्यास्त के बाद चांद के करीब चमका शुक्र, भारत के कई शहरों में दिखा अद्भुत नजारा



**साहिबगंज:** 14 सितंबर की शाम सूर्यास्त के बाद आसमान में एक खूबसूरत खगोलीय नजारा देखने को मिला। जहां भारत के कई शहरों में पश्चिमी आसमान की ओर पतले अर्धचंद्र के बेहद करीब चमकीला शुक्र ग्रह नजर आया। जहां चांद और शुक्र की यह नजदीकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। सूर्यास्त के बाद कुछ समय के लिए चंद्रमा और शुक्र को एक साथ देखा जा सकता था। हालांकि, पश्चिमी क्षितिज के काफी करीब होने के कारण दोनों को देखने का समय सीमित रहा और कुछ देर बाद वे क्षितिज के नीचे चले गए। अर्थशाइन ने बढ़ाई चांद की खूबसूरती इस खगोलीय नजारे की खूबसूरती उस समय और बढ़ गई, जब चंद्रमा के रौशन हिस्से के साथ उसके अंधेरे हिस्से पर भी हल्की चमक दिखाई दी। इस घटना को ह्यअर्थशाइनह्न कहा जाता है। उधर अर्थशाइन में पृथ्वी से परावर्तित सूर्य का प्रकाश चंद्रमा के उस हिस्से को हल्का प्रकाशित करता है, जिस पर सीधे सूर्य का प्रकाश नहीं पड़ रहा होता। साफ आसमान की स्थिति में इसे बिना दूरबीन के भी देखा जा सकता है। कुछ क्षेत्रों में चांद ढक देगा शुक्र को इस खगोलीय घटनाक्रम का अगला चरण और भी दिलचस्प होगा। वही कुछ क्षेत्रों से चंद्रमा शुक्र ग्रह को कुछ समय के लिए ढकता हुआ दिखाई दे सकता है। इस घटना को खगोल विज्ञान में ह्यऑकल्टेशनह्न कहा जाता है। हालांकि, ऑकल्टेशन हर स्थान से दिखाई नहीं देगा। इसे देखने के लिए स्थान और समय बेहद महत्वपूर्ण होंगे। भारत के जिन क्षेत्रों में यह घटना दिखाई देगी, वहां सूर्यास्त के तुरंत बाद पश्चिमी क्षितिज की ओर नजर रखना उपयोगी रहेगा। जहां चंद्रमा और शुक्र की यह नजदीकी खगोलीय घटना आसमान को निहारने वाले लोगों और खगोल प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का विषय बनी हुई है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र के हरिचरण गांव निवासी 32 वर्षीय मेथियस मुर्मू की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जहां मृतक बड़का मुर्मू का पुत्र था। उधर इस घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मेथियस मुर्मू अपने गांव हरिचरण से मोटरसाइकिल से रिश्तेदार के घर घुटीबड़ा जा रहा था। इसी दौरान डुमरिया तसर सेंटर के समीप उसकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराई। जहां इस हादसे में मेथियस मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर दुर्घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे इलाज के लिए बोरियो अस्पताल पहुंचाया जहां अस्पताल में चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही घटना की सूचना मिलते ही बोरियो थाना क्षेत्र की पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया। उधर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। जहां घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# संपादकीय

## हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है हिन्दी

हिन्दी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। हिन्दी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। भारत में हर वर्ष 14 सितंबर' को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी विश्व में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है। विश्व की प्राचीन, समृद्ध और सरल भाषा होने के साथ-साथ हिन्दी हमारी 'राष्ट्रभाषा' भी है। वह दुनियाभर में हमें सम्मान भी दिलाती है। यह भाषा है हमारे सम्मान, स्वाभिमान और गर्व की। हम आपको बता दें कि हिन्दी भाषा विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। हिन्दी भारत सरकार की आधिकारिक भाषा है और हिंदी बोलने वालों की संख्या भारत में सर्वाधिक है। इसका इतिहास प्राचीन संस्कृत और प्राकृत भाषाओं से जुड़ा है। हिन्दी भाषा का जन्म भारत में ही हुआ था । एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बांग्ला और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था। हिन्दी एक भारतीय इंडो-यूरोपीय भाषा है जो संस्कृत से विकसित हुई और देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। देवनागरी लिपि में ही संस्कृत, मराठी, नेपाली और कई अन्य भारतीय भाषाएँ भी लिखी जाती है। देवनागरी का अर्थ है 'देवताओं की लिपि' या 'शहर की लिपि'। यह संस्कृत के दो शब्दों देव' (ईश्वर/देवता) और 'नागरी' (नगर/शहर से लिया गया विशेषण) से मिलकर बना है। देवनागरी एक ब्राह्मी-आधारित वर्णमाला है जिसका उपयोग भारत की कई भाषाएँ जैसे हिंदी, मराठी और संस्कृत को लिखने के लिए किया जाता है। इसीलिए हिंदी भाषा को संस्कृत भाषा की प्रत्यक्ष वंशज कहा जाता है।

## आज का राशिफल

**मेष-** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**वृष-** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुन-** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कर्क-** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह-** नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या-** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**तुला-** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक-** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**धनु-** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मकर-** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंगे।

**कुंभ-** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा।

**मीन-** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

## दैनिक पंचांग

**15 सितम्बर को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | सिंह में |
| चंद्र | तुला में |
| मंगल | मिथुन में |
| बुध | कन्या में |
| गुरु | कर्क में |
| शुक्र | तुला में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कन्या | 05.59 बजे से |
| तुला | 08.10 बजे से |
| वृश्चिक | 10.24 ब.से |
| धनु | 12.40 बजे से |
| मकर | 14.45 बजे से |
| कुंभ | 16.32 बजे से |
| मीन | 18.05 बजे से |
| मेष | 19.35 बजे से |
| वृष | 21.15 बजे से |
| मिथुन | 23.13 बजे से |
| कर्क | 01.27 बजे से |
| सिंह | 03.43 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 258 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 07.45 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 15.21 बजे को समाप्त।
**योग** इन्द्र 12.20 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 07.45 बजे तदनन्तर बव 20.18 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 06'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872833
**जूलियन दिन** 2461298.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 03
**विशेष** ऋषि पंचमी, डॉ.विश्वेश्वरैया जयंती, अभियंता दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सचिवालय से संगठन तक सुशासन की नई रेस में देश में सबसे आगे भाजपा शासित राज्य



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारतीय राजनीति में सत्ता के केंद्र बदल रहे हैं। कभी आम नागरिक की शिकायत का रास्ता गांव से तहसील, जिला और फिर सचिवालय तक जाता था, अब भाजपा शासित राज्यों में सरकार को संगठन के दरवाजे तक लाने का प्रयोग तेजी से आकार ले रहा है। प्रदेश भाजपा कार्यालयों में मंत्रियों की मौजूदगी, सीधे शिकायत सुनना, अधिकारियों को मौके पर फोन और डिजिटल पोर्टल पर शिकायत की निगरानी ने जनसुनवाई को राजनीतिक कार्यक्रम से आगे शासन के नए औजार में बदल दिया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान इस प्रयोग में अलग-अलग मॉडल लेकर सामने हैं। कहीं समय की सीमा टूट रही है, कहीं तकनीक शिकायत का पीछा कर रही है, कहीं संगठन मंत्री के साथ बैठ रहा है और कहीं राजधानी से बाहर जाकर सरकार जनता तक पहुंच रही है। इस प्रतिस्पर्धा का सीधा असर नौकरशाही की जवाबदेही और आम नागरिक की सरकार तक पहुंच पर पड़ रहा है। दरअसल, इस संबंध में ह्यस्वदेशह्न की पड़ताल ने भाजपा बनाम अन्य राज्यों की तुलना में एक अलग ही तस्वीर भारत के राज्यों की पेश की है। लोकतंत्र में सरकार चुनने के बाद नागरिक की सबसे बड़ी परेशानी अक्सर अपनी समस्या को सही अधिकारी तक पहुंचाना होती है। फाइलों की लंबी प्रक्रिया, दफ्तरों के चक्कर और स्थानीय स्तर पर सुनवाई में देरी इस दूरी को और बढ़ाती है। भाजपा शासित राज्यों में पार्टी कार्यालयों में मंत्रियों की नियमित जनसुनवाई ने इस पारंपरिक व्यवस्था के समानांतर एक सीधा राजनीतिक संपर्क तंत्र खड़ा किया है। मंत्री सचिवालय की औपचारिक व्यवस्था से बाहर निकलकर संगठन कार्यालय में बैठते हैं और आम नागरिक, कार्यकर्ता, किसान या जरूरतमंद व्यक्ति सीधे अपनी शिकायत सामने रखता है। इससे सरकार और संगठन के बीच संवाद भी बढ़ता है और जमीनी स्तर से आने वाली समस्याओं का फीडबैक सीधे सत्ता के शीर्ष तक पहुंचता है। दूसरी ओर गैर भाजपा शासित राज्य हैं, इन राज्यों में मंत्रियों के नियमित रूप से पार्टी दफ्तरों में बैठने का चलन नहीं है। यहाँ की व्यवस्था मुख्य रूप से सचिवालय, मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) और सरकारी पोर्टलों पर केंद्रित है।आम आदमी पार्टी (पंजाब-दिल्ली): 'आप' का मुख्य ध्यान 'सरकार आपके द्वार' या 'जनता मिलनी' जैसे कार्यक्रमों पर रहता है। कांग्रेस शासित राज्य (कर्नाटक-हिमाचल), यहाँ पारंपरिक व्यवस्था लागू है, जिसमें मुख्यमंत्री और मंत्री अपने सरकारी आवास या सचिवालय में जनता दरबार लगाते हैं। दक्षिण व वामपंथी राज्य (केरल-तमिल नाडु) में पंचायती राज व्यवस्था है, पर भाजपा जैसा तकनीकि मॉडल अब तक विकसित नहीं हुआ है। तमिल नाडु में 'आपके निर्वाचन क्षेत्र में मुख्यमंत्री' अभियान के तहत सीधे जिलों में शिकायत शिविर लगाए जाते हैं। उधर तकनीकि का भरपूर उपयोग करने के कारण मध्य प्रदेश (जैसे डिजिटल लिंकेज) और उत्तर प्रदेश (ऑन-द-स्पॉट फोन कॉल्स) के मॉडलों में शिकायतों के निपटारे की दर अधिक है। चूंकि यहाँ आवेदन सीधे सरकारी तंत्र (जैसे सीएम हेल्पलाइन) में दर्ज हो जाते हैं, इसलिए अधिकारियों के पास निश्चित समय-सीमा होती है। इस पैमाने पर भाजपा शासित राज्यों का 'सहयोग सेल' मॉडल अधिक परिणामोन्मुखी दिखाई देता है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश ने इस व्यवस्था को बड़े पैमाने पर जनसंपर्क का माध्यम बनाया है। लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंत्रियों के बैठने का निर्धारित समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक है। मगर बड़ी संख्या में फरियादियों के पहुंचने पर यह समय सीमा लगातार चार से छह घंटे तक पहुंच जाती है। संदेश यह है कि राजधानी तक पहुंचे किसी भी यूपी वासी को समय पूरा होने का हवाला देकर वापस नहीं लौटाया जाता। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में इस जनसुनवाई के दौरान प्रति माह करीब 4,500 से 5,000 लोग पहुंचते हैं। ऑन-द-स्पॉट निवारण दर यूपी की 75 प्रतिशत तक सामने आई है। उत्तर प्रदेश मॉडल की सबसे प्रभावी तस्वीर तब दिखाई देती है जब मंत्री शिकायत सुनने के बाद संबंधित जिले के जिलाधिकारी या पुलिस अधीक्षक से सीधे फोन पर बात करते हैं। जमीन पर कब्जे, भूमि विवाद, पुलिस में सुनवाई न होने अथवा प्रशासनिक लापरवाही जैसी शिकायतों पर तत्काल निर्देश देने की कोशिश की जाती है। इस व्यवस्था ने शिकायतकर्ता और जिला प्रशासन के बीच राजनीतिक जवाबदेही की सीधी कड़ी बनाई है। पार्टी कार्यालय से निकला फोन जिला प्रशासन तक पहुंचते ही शिकायत को प्राथमिकता मिलने की संभावना बढ़ जाती है। यही ह्यअसीमित समय और त्वरित कार्रवाईह्न वाला मॉडल यूपी को इस प्रतिस्पर्धा में अलग पहचान देता है। मध्य प्रदेश ने जनसुनवाई को तकनीक से जोड़कर इसका दूसरा मॉडल सामने रखा है। भोपाल स्थित सहयोग केंद्र में आने वाली शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन से जोड़े जाने के कारण पार्टी कार्यालय में दी गई अर्जी सरकारी डिजिटल तंत्र में दर्ज हो जाती है। शिकायत दर्ज होने के बाद उसकी निगरानी और प्रगति का पता लगाया जा सकता है। मंत्री के निर्देश के साथ आवेदन संबंधित सरकारी प्रणाली तक पहुंचता है और विभागीय स्तर पर उसके निस्तारण की समय-सीमा निर्धारित होती है। यानी यहां मॉडल का जोर इस बात पर है कि शिकायत सुनने के बाद वह फाइलों के ढेर में खो न जाए। डिजिटल ट्रैकिंग उसे लगातार निगरानी के दायरे में रखती है। उपलब्ध तुलनात्मक आंकड़ों में मध्य प्रदेश का सहयोग सेल 82 प्रतिशत निवारण दर के साथ सबसे है। प्रति माह यहां करीब 3,500 से 4,000 आवेदक पहुंचते हैं। पूर्ण डिजिटल पोर्टल लिंक इसकी प्रमुख विशेषता है। यूपी जहां मानवीय हस्तक्षेप और तत्काल राजनीतिक कार्रवाई को ताकत बना रहा है, वहीं मध्य प्रदेश ने शिकायत के समाधान को तकनीकी निगरानी से जोड़ने की कोशिश की है। दोनों मॉडल की दिशा एक ही है, शिकायतकर्ता को यह भरोसा दिलाना कि उसकी अर्जी दर्ज होने के बाद उसका पीछा भी किया जाएगा। छत्तीसगढ़ ने इस दौड़ में सरकार और संगठन के बीच संतुलन को अपना आधार बनाया है। रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होने वाली जनसुनवाई में मंत्री के साथ संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी को महत्व दिया गया है। यहां ऐसा माना जाता है कि हर समस्या का जवाब सिर्फ प्रशासनिक आदेश नहीं है। यदि मामला सरकार से जुड़ा है, पर सामाजिक हस्तक्षेप से समाप्त हो सकता है तो मंत्री के साथ संगठनात्मक रूप से भी पार्टी पदाधिकारी उसे संभालते हैं। इससे सत्ता और संगठन के बीच संवाद की दोहरी व्यवस्था बनती है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में प्रति माह करीब 2,000 से 2,500 आवेदक पहुंचते हैं और निवारण दर लगभग 70 प्रतिशत है। राजस्थान ने इस व्यवस्था में सबसे बड़ा जोर विकेंद्रीकरण पर दिया है। विशाल भौगोलिक विस्तार वाले राज्य में हर नागरिक के लिए जयपुर पहुंचना आसान नहीं। इसलिए जयपुर मुख्यालय की जनसुनवाई के साथ संभाग और जिला स्तर पर इसे ले जाने की कोशिश की जा रही है। जयपुर में सोमवार, मंगलवार और बुधवार को जनसुनवाई का रोस्टर निर्धारित है। वरिष्ठ मंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की ड्यूटी रोटेशन से लगती है। इसके अलावा प्रभारी जिलों और संभाग मुख्यालयों में स्थानीय पार्टी कार्यालयों पर ह्यमिनी जनसुनवाईह्न की व्यवस्था विकसित की जा रही है। इस मॉडल का लक्ष्य सीधा है, जैसलमेर या बाड़मेर के नागरिक को छोटी प्रशासनिक समस्या लेकर सैकड़ों किलोमीटर दूर जयपुर आने की जरूरत न पड़े।






**आंकड़े बता रहे हैं किसकी क्या ताकत**

*राज्य - मॉडल - सक्रियता - मासिक आवेदक - निवारण दर
*उत्तर प्रदेश - मानवीय जुड़ाव और त्वरित कार्रवाई - 5 दिन - 4,500-5,000 - 75 फीसद
*मध्य प्रदेश - डिजिटल ट्रैकिंग और सीएम हेल्पलाइन - 5 दिन - 3,500-4,000 - 82 फीसद
*छत्तीसगढ़ - सत्ता-संगठन समन्वय - 5 दिन - 2,000-2,500 - 70 फीसद
*राजस्थान - संभागीय विकेंद्रीकरण - 3 दिन - 2,500-3,000 - 68 फीसद
*बिहार - भाजपा कोटा आधारित सुनवाई - 3-4 दिन - 1,500-1,800 - 60 फीसद
*महाराष्ट्र - क्षेत्रीय प्रभार आधारित मॉडल - 2-3 दिन - 1,200-1,500 - 55 फीसद

उपलब्ध तुलनात्मक सूचकांक में मध्य प्रदेश निवारण दर में सबसे आगे है, जबकि आवेदकों की संख्या और जनसुनवाई के समय के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे व्यापक मॉडल के रूप में सामने आता है।

**पूर्ण बहुमत बनाम गठबंधन की अलग तस्वीर**

इस प्रयोग का एक राजनीतिक पहलू भी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की अपने दम पर सरकार होने से संगठन और सरकार के बीच समन्वय अपेक्षाकृत सीधा है। वहीं बिहार और महाराष्ट्र जैसे गठबंधन वाले राज्यों में पार्टी कोटे के मंत्री अपनी जनसुनवाई करते हैं। यहां जनसुनवाई सरकार के सामूहिक कामकाज के साथ-साथ भाजपा के संगठनात्मक जनाधार को मजबूत रखने का माध्यम भी बनती है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार गठबंधन वाले राज्यों में भी भाजपा मंत्रियों के बीच जनता और कार्यकताओं तक पहुंच बनाने की प्रतिस्पर्धा मौजूद है।

**नौकरशाही के लिए सीधा संदेश: अब जवाब देना होगा**

इस पूरी व्यवस्था का सबसे बड़ा दबाव प्रशासनिक तंत्र पर पड़ता है। जब कोई मंत्री पार्टी कार्यालय से ही जिलाधिकारी या पुलिस अधीक्षक को फोन कर शिकायत की स्थिति पूछता है, तो स्थानीय स्तर पर मामले को लंबित रखने की गुंजाइश कम होती है। शिकायतकर्ता के सामने अधिकारी से सीधा संपर्क उसे यह संकेत देता है कि उसकी समस्या सत्ता के संज्ञान में आ चुकी है। भाजपा शासित राज्यों में शुरू हुई यह प्रतिस्पर्धा आने वाले समय में शासन की राजनीतिक कसौटी बदल सकती है। चुनावी राजनीति में अब यह सवाल भी महत्वपूर्ण होगा कि सरकार ने कितनी योजनाएं घोषित कीं, इसके साथ यह भी कि आम आदमी की शिकायत कितनी जल्दी सुनी और सुलझाई गई। उत्तर प्रदेश ने समय और तत्काल कार्रवाई का रास्ता चुना है। मध्य प्रदेश ने डिजिटल निगरानी को अपनी ताकत बनाया है। छत्तीसगढ़ ने सत्ता और संगठन को एक मंच पर खड़ा किया है। राजस्थान राजधानी से शासन को संभागों और जिलों तक ले जाने की कोशिश कर रहा है। एक तरह से देखें तो चारों मॉडल अलग हैं, लेकिन राजनीतिक संदेश एक है, वह यही है कि सत्ता की दूरी घटानी होगी और शिकायत के समाधान की गति बढ़ानी होगी। यही श्रम बार-बार सत्ता में आने एवं सतत बने रहने का मूल मंत्र हैं, जिसे अब भाजपा सिर्फ समझ ही नहीं चुकी है, इसका सफल प्रयोग भी अपने शासित राज्यों में कर रही है।

**(लेखक के निजी विचार)**

# मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया: आधुनिक भारत की विकास-गाथा के महान शिल्पी

**– योगेश कुमार गोयल**

इंजीनियरिंग अब एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है। वर्तमान समय में देश में कई महत्वपूर्ण विषयों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई जाती है। प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को भारत में इंजीनियर्स डे (अभियंता दिवस) मनाया जाता है। आज के समय में अभियंता दिवस मनाने का उद्देश्य भारत में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करना भी है। इंजीनियर अपनी कुशलता से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को गति प्रदान कर देश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य तथा देश के विकास में इंजीनियरों के महत्वपूर्ण योगदान के चलते ही भारत आज इंजीनियरिंग तथा आईटी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है। सही मायनों में देश के विकास के धुरी इंजीनियर ही हैं, जिनका देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। दरअसल, आपदा प्रबंधन से लेकर निर्माण तक कोई भी कार्य इंजीनियरों के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता। मानव जीवन में रचनात्मक बदलाव का श्रेय इंजीनियरों को ही जाता है। देश की आजादी के बाद प्रतिभावान इंजीनियरों ने नए भारत के निर्माण तथा विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शहरों तथा गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, पुलों, सिंचाई जलाशयों सहित अधोसंरचना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। देश में प्रतिवर्ष अभियंता दिवस इसीलिए मनाया जाता है ताकि देशभर के इंजीनियरों को प्रोत्साहित किया जा सके और हमारे इंजीनियर अपने ज्ञान और कौशल की बदौलत देश को तरक्की की नई राह पर आगे ले जाएं। इंजीनियरिंग के बारे में अमेरिका के जाने-माने इंजीनियर हेनरी पेट्रोस्की ने कहा था कि विज्ञान का अर्थ है जानना जबकि इंजीनियरिंग का अर्थ है करना अथवा करके दिखाना। भारत के महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को ही भारत में इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है, जो वास्तव में अभियंताओं का संकल्प दिवस माना जाता है। भारत के महान इंजीनियरों में से एक मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया द्वारा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दिया गया असाधारण योगदान अविस्मरणीय है, जिन्हें भारतीय सिविल इंजीनियरिंग का जनक तथा आधुनिक भारत का विश्वककर्मा भी कहा जाता है। देशभर में बने कई नदियों के बांधों और पुलों को सफल बनाने के पीछे कर्नाटक में मैसूर के कोलार जिले में 15 सितम्बर 1860 को जन्मे विश्वेश्वरैया का बहुत बड़ा योगदान रहा। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश में मैसूर में कृष्णाराज सागर बांध, पुणे के खड़कवासला जलाशय में बांध, ग्वालियर में तिगरा बांध इत्यादि कई महत्वपूर्ण बांध बनवाए। हैदराबाद शहर को बनाने का पूरा श्रेय भी ह्यफादर ऑफ मॉडर्न मैसूर स्टेटह्न कहे जाने वाले विश्वेश्वरैया को ही जाता है। दरअसल मैसूर सरकार के साथ मिलकर उन्होंने मैसूर संदल ऑयल एंड सोप फैक्टरी, मैसूर आयरन एंड स्टील फैक्ट्री, मैसूर चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, परजीवी प्रयोगशाला, श्री जयचमराजेंद्र पॉलीटेक्निक संस्थान, बैंगलोर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, सेंचुरी क्लब इत्यादि कई फैक्ट्रियों और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करवाई थी। विश्वेश्वरैया द्वारा शुरू की गई बहुत सी परियोजनाओं के कारण देश आज गर्व का अनुभव करता है। उन्होंने एक बाढ़ सुरक्षा प्रणाली तैयार की थी, जिसके बाद वे देशभर में विख्यात हो गए थे। विशाखापत्तनम बंदरगाह की समुद्री कटाव से सुरक्षा के लिए एक प्रणाली विकसित करने में भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। घर-घर में प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करने के अलावा गंदे पानी की निकासी के लिए नाली-नालों की समुचित व्यवस्था भी विश्वेश्वरैया ने ही की थी। तिरुमला और तिरुपति के बीच सड़क निर्माण के लिए योजना को अपनाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। उनके इन प्रयासों ने ही आधुनिक भारत की रचना करने के साथ देश को एक नया रूप भी प्रदान किया। वर्ष 1955 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विश्वेश्वरैया के उल्लेखनीय योगदान के मद्देनजर वर्ष 1968 में उनकी जन्मतिथि को भारत सरकार द्वारा ह्यअभियंता दिवसह्न घोषित किया गया। तभी से प्रतिवर्ष 15 सितंबर को अभियंता दिवस मनाया जाता है। विश्वेश्वरैया की जयंती पर मनाया जाने वाला यह दिवस वास्तव में देश के विकास में योगदान देने और देश का मान बढ़ाने वाले इंजीनियरों के सम्मान में समर्पित होता है। शुरूआती पढ़ाई मैसूर में करने के बाद विश्वेश्वरैया ने 1881 में मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज से बीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। 1883 की एलसीई और एफसीई परीक्षा में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया और उनकी योग्यता को देखते बॉम्बे सरकार ने उन्हें नासिक में सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त किया। एक इंजीनियर के रूप में उसके बाद उन्होंने अनेक अद्भुत कार्यों को अंजाम दिया। विश्वेश्वरैया एक आदर्शवादी और अनुशासन प्रिय व्यक्ति थे, जो अपने हर कार्य को परफैक्शन के साथ करते थे। 92 वर्ष की आयु में भी वे बिना किसी सहारे के चलते थे और सामाजिक तौर पर सक्रिय रहते थे। कोई भाषण देने से पहले वे स्वयं उसे लिखते थे और फिर कई बार उसका अभ्यास करते थे। अपनी योग्यता से उन्होंने बड़े-बड़े ब्रिटिश इंजीनियरों के समक्ष भी अपनी योग्यता और प्रतिभा का लोहा मनवाया। 1905 में उन्हें ब्रिटिश शासन द्वारा ह्यकमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द इंडियन एंपायरह्न से सम्मानित किया गया था। विश्वेश्वरैया वर्ष 1912 से 1918 तक मैसूर के 19वें दीवान रहे। वर्ष 1903 में विश्वेश्वरैया ने पुणे के खड़कवासला जलाशय में ऐसा बांध बनवाया, जिसमें इस्पात के ऐसे दरवाजे थे, जो बाढ़ के दबाब को भी झेल सकते थे और इससे बांध को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता था।

**(लेखक के निजी विचार)**

# 17 दुकानदारों को मिली दुकान की चाबी, वर्षों का इंतजार हुआ खत्म

## जिला परिषद के मार्केट कॉम्प्लेक्स में प्रथम चरण का आवंटन पूरा, शेष 17 दुकानों का सैरात के माध्यम से होगा आवंटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के राजगढ़िया रोड स्थित जिला परिषद की जमीन पर बने दो मंजिला मार्केट कॉम्प्लेक्स में सोमवार को प्रथम चरण के तहत 17 पात्र दुकानदारों को दुकानों की चाबी सौंपी गई। वर्षों से दुकान मिलने का इंतजार कर रहे दुकानदारों के हाथों में चाबी पहुंचते ही उनके चेहरों पर खुशी और नई उम्मीद नजर आई। जिला परिषद की स्व-आय मद से परिसंपत्ति निर्माण के तहत तैयार किए गए इस मार्केट कॉम्प्लेक्स में कुल 34 दुकानें बनाई गई हैं। इनमें अहर्ता पूरी करने वाले 17 दुकानदारों को जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने चाबी सौंपी। शेष 17 दुकानों का आवंटन दूसरे चरण में सैरात के माध्यम से किया जाएगा।

**रेलवे अधिग्रहण के बाद बची जमीन का हुआ उपयोग**

राजगढ़िया रोड स्थित जिला परिषद की जमीन के एक हिस्से का रेलवे द्वारा अधिग्रहण किए जाने के बाद बची जमीन का उपयोग करते हुए मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया। इसका उद्देश्य परिसंपत्ति निर्माण के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराना और जिला परिषद के लिए स्थायी राजस्व का स्रोत तैयार करना है। चाबी वितरण कार्यक्रम से पहले पूजा-अर्चना की गई। जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य लक्ष्मण यादव सहित अन्य लोगों ने पूजा में हिस्सा लिया। मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद जिप अध्यक्ष ने फीता काटकर मार्केट कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ किया और पात्र दुकानदारों को चाबी सौंपी।

**रोजगार के साथ बढ़ेगा जिला परिषद का राजस्व : रामधन**

जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि जिला परिषद विकास के साथ रोजगार के नए अवसर तैयार करने और अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। रेलवे द्वारा जमीन अधिग्रहण के बाद बची जमीन का बेहतर उपयोग कर मार्केट कॉम्प्लेक्स तैयार कराया गया है। उन्होंने कहा कि यहां की दुकानें छोटे कारोबारियों और बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार का माध्यम बनेंगी। इससे परिवार की आजीविका मजबूत होने के साथ जिला परिषद को नियमित राजस्व भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में तकनीकी और अन्य अड़चनों का समाधान कर वर्षों से लंबित योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। झुमरीतिलैया में जिला परिषद की ओर से दो मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है। तिलैया थाना के सामने निर्माणाधीन मार्केट कॉम्प्लेक्स को भी फरवरी-मार्च तक जनता को समर्पित करने का लक्ष्य है।

**चाबी मिलते ही दुकानदारों में दिखा उत्साह**

दुकान की चाबी मिलने के बाद दुकानदारों में खासा उत्साह देखा गया। लंबे समय से दुकान मिलने की प्रतीक्षा कर रहे दुकानदारों ने इसे रोजगार की नई शुरुआत बताया। कार्यक्रम में एएओ राकेश रौशन, जिला परिषद कार्यालय के लिपिक वीरेंद्र कुमार, संवेदक गुरु सहाय यादव, राहुल कुमार, गोविंद यादव, सहदेव यादव, अरुण सिंह, साजन कुमार, रामचंद्र यादव, विजय कुमार पासवान, गौतम प्रसाद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पहली जिला जंप रोप प्रतियोगिता में डीपीएस नीमडीह का दबदबा, बना चैंपियन

**झुमरीतिलैया।** रामेश्वर वैली स्कूल, कोडरमा में कोडरमा जिला जंप रोप संघ के तत्वावधान में प्रथम कोडरमा जिला जंप रोप प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से करीब 220 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने जंप रोप की विभिन्न स्पधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक दक्षता का परिचय देते हुए मुकाबलों को रोमांचक बना दिया। समग्र प्रदर्शन के आधार पर डीपीएस नीमडीह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। मेजबान रामेश्वर वैली स्कूल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि बीआर इंटरनेशनल स्कूल एवं चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कोडरमा जिला जंप रोप संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश राय, सचिव अंशु राज, संरक्षक एमडी तौफीक हुसैन, प्रवीण मोदी (ऑर्गेनाइजिंग अध्यक्ष), उपाध्यक्ष गौतम कुमार, अर्चना कुमारी, अंशु मेहता, तकनीकी निदेशक कौशल कुमार, कोडरमा जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह, जिला गतका संघ के अध्यक्ष अभिजीत आनंद, जिला योगासन संघ के अध्यक्ष आकाश सेठ, योगासन संघ की कोषाध्यक्ष ईशा कुमारी, रामेश्वर वैली स्कूल की प्राचार्या रश्मि मोदी, कौंडिण्य पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेश ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

## नवलशाही में गणपति महोत्सव का आगाज, पूजा-अर्चना को उमड़े श्रद्धालु

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**नवलशाही।** नवयुवक श्रद्धा संघ, नवलशाही के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्री गणपति महोत्सव का सोमवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना कर महोत्सव का उद्घाटन किया। भव्य पंडाल में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। महोत्सव के पहले दिन सुबह 11 बजे पूजा-अर्चना हुई। शाम छह बजे आरती का आयोजन किया गया, जबकि रात नौ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 सितंबर को भी सुबह पूजा, शाम में आरती और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 16 सितंबर को सुबह पूजन एवं हवन, दोपहर दो बजे भोग के रूप में खिचड़ी वितरण तथा शाम पांच बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नवलशाही थाना प्रभारी सुमन कुमार एवं डोमचांच की उपप्रमुख नेहा कुमारी मौजूद रहीं। आयोजन को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव शंकर साव सहित राजू मोदी, डॉ. स्वपन विश्वास, विजय शर्मा, रिंकू साव, राजेश साव, राजू साव, चरखु साव, मोहन कुमार, विजय ठाकुर, बिनोद साव समेत अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। इस दौरान गिरिधारी शर्मा, प्रकाश साव, कृष्णा कुमार, सुरेंद्र साव, उत्तम अग्रवाल, चंदन साव, कुलदीप दास, शकुंतला देवी, रंजीत राणा, बबलू राणा, पिंटू मोदी, बीरेंद्र मोदी, रतन कुमार साव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने श्रद्धालुओं से सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

## भारत विकास परिषद की बैठक में सितंबर में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता कराने का निर्णय

### सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र उत्थान के लिए परिषद कर रहा कार्य : अरुण ओझा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** भारत विकास परिषद, झुमरीतिलैया-कोडरमा की बैठक विवेक विला स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के बाद वंदे मातरम् के सामूहिक गान से हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने की, जबकि संचालन सचिव विमल पच्चीसिया ने किया। अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से परिषद के प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन सितंबर माह में ही बड़े स्तर पर कराने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता को लेकर परिषद के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयों से संपर्क करने की जिम्मेदारी दी गई, ताकि जल्द ही प्रतियोगिता की तिथि घोषित की जा सके। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के चयन की जिम्मेदारी अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा, कार्यक्रम संयोजक एमआर भार्गव, संजय अग्रवाल, राधेश्याम शुक्ला एवं अजय अग्रवाल को सौंपी गई। बैठक में परिषद के इस वर्ष के आय-व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय महिला एवं बाल विकास संयोजक जयंती सेठ, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रो. कैलाश राणा, वरिष्ठ सदस्य नारायण सिंह, संस्कार प्रमुख डीएसपी एमआर भार्गव, संपर्क प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, सेवा प्रमुख गोपाल कुमार गुतुल, कोषाध्यक्ष छोटे लाल पांडे, मनोज कुमार सिंह, विनय कुमार बेलू, वार्ड पार्षद नीरज कर्ण, अभय चरण पहाड़ी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## मॉडर्न किड्स पैराडाइज में गणेश चतुर्थी पर बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**झुमरीतिलैया।** मॉडर्न किड्स पैराडाइज, ए यूनिट ऑफ मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना से हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों के साथ विधिवत पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर ह्यगणपति बप्पा मोरयाह्ल के जयकारों से गूंज उठा। उत्सव में प्ले ग्रुप से लेकर यूकेजी तक के नन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें क्ले मॉडलिंग के माध्यम से मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाना, पत्तों से गणेश जी की आकृति तैयार करना, स्पंज डैबिंग से गणेश जी की चित्रकारी और कागज से गणेश जी का मुकुट एवं अन्य क्राफ्ट तैयार करना शामिल रहा। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ पर्यावरण अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने का संदेश दिया गया। नन्हे बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य ने बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद बच्चों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।_

## मेरिडियन अकादमी में हिंदी दिवस पर कविता व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों के जरिए हिंदी भाषा के प्रति व्यक्त किया प्रेम और सम्मान




**झुमरीतिलैया।** मेरिडियन अकादमी, गुमो में हिंदी दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, सम्मान और गौरव की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार लाहा ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी दिनकर को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्राचार्य ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, साहित्य और भावनाओं को जोड़ने वाली भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में हिंदी का सही एवं प्रभावी प्रयोग करने का आह्वान किया। हिंदी दिवस के अवसर पर प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों के बीच कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ विभिन्न कविताओं का पाठ किया। वहीं सीनियर सेक्शन के विद्यार्थियों के लिए हिंदी का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने हिंदी की उपयोगिता, महत्ता और समृद्ध साहित्यिक विरासत पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी शिक्षक विजय मोदी एवं स्वाति सोनल के मार्गदर्शन में किया गया। सीसीए इंचार्ज राजकुमार एवं सुचित्रा सिन्हा ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ हिंदी भाषा के प्रति अपनी समझ और रुचि व्यक्त करने का अवसर मिला।

## 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 28 सितंबर 2026 से राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। संघ की प्रमुख मांगों में 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन सरकारी स्तर पर सिविल सर्जन के माध्यम से कराने, कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान, श्रमिक एवं वैधानिक अधिकार सुनिश्चित करने तथा सम्मान फाउंडेशन द्वारा हटाए गए कर्मचारियों को संबंधित जिलों में पुनः बहाल करना शामिल है। संघ के अनुसार, एनएचएम के छह अगस्त 2026 के निर्देश के बावजूद जिला स्तर पर 108 सेवा के संचालन को लेकर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में संघ ने 24 अगस्त, 27 अगस्त और दो सितंबर को स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजकर वर्तमान टेंडर प्रक्रिया निरस्त करने और सिविल सर्जनों के माध्यम से सेवा संचालित करने की मांग की है।

### निजी कंपनियों की कार्यप्रणाली पर सवाल

संघ ने आरोप लगाया कि निजी कंपनियों को एंबुलेंस संचालन के लिए राशि उपलब्ध कराने के बावजूद वाहनों के रखरखाव, ईंधन और कर्मचारियों के नियमित वेतन भुगतान जैसी व्यवस्थाएं पर्याप्त रूप से सुनिश्चित नहीं हो रही हैं। संघ का दावा है कि सिविल सर्जन के माध्यम से सरकारी स्तर पर सेवा संचालित होने से कर्मचारियों के अधिकार सुरक्षित होंगे और सरकारी राशि की भी बचत हो सकती है।

### 14 सितंबर से चरणबद्ध आंदोलन

नौ सितंबर को हुई राज्यस्तरीय बैठक में आंदोलन की रणनीति तय की गई। इसके तहत 14 से 19 सितंबर तक कर्मचारी काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। 19 सितंबर को कैंडल मार्च, 21 सितंबर को सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष भिक्षाटन और 23 सितंबर को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, 25 सितंबर को रांची में एकदिवसीय पूर्ण हड़ताल कर एनएचएम कार्यालय, नामकुम के समक्ष धरना दिया जाएगा। इसके बाद भी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 28 सितंबर से राज्यभर में 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल और विरोध-प्रदर्शन शुरू करेंगे।

## एक नजर

### आरपीवाई बीएड कॉलेज में हिंदी दिवस पर भाषा के महत्व पर हुई चर्चा

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कोडरमा में आइक्यूएसी के तत्वावधान में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करने और दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार पासवान ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, परंपरा और भावनाओं को अभिव्यक्त करने वाली भाषा है। हिंदी ने विभिन्न क्षेत्रों और भाषायी समुदायों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के महत्व को समझते हुए इसके प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य भाषा के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ विद्यार्थियों और समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा, साहित्य, पत्रकारिता, तकनीक और संचार के क्षेत्र में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। विद्यार्थियों को हिंदी के साथ अन्य भाषाओं का भी ज्ञान प्राप्त करना चाहिए और अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान हिंदी भाषा की उपयोगिता, वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता और प्रचार-प्रसार को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने हिंदी को दैनिक व्यवहार में अधिक से अधिक प्रयोग करने तथा इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### अधिवक्ता शंकर कुमार को आजाद समाज पार्टी में मिली नई जिम्मेदारी, बने प्रदेश सचिव

**कोडरमा।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने संगठन में विस्तार करते हुए अधिवक्ता शंकर कुमार को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके समर्थकों और कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। अधिवक्ता शंकर कुमार लंबे समय से बहुजन समाज से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे हैं। कार्यकताओं के अनुसार, झारखंड में भीम आर्मी के संगठनात्मक विस्तार और बहुजन समाज को एकजुट करने की दिशा में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके संगठनात्मक अनुभव और सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी है। नई जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों और कार्यकताओं ने शंकर कुमार को बधाई दी। कार्यकताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व और संगठनात्मक अनुभव से झारखंड में आजाद समाज पार्टी को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। साथ ही संगठन को राज्य के विभिन्न जिलों और प्रखंडों तक पहुंचाने के लिए अभियान को गति देने की बात कही गई। कार्यकताओं ने कहा कि पार्टी संविधान, सामाजिक न्याय और बहुजन महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार काम करेगी। उन्होंने शंकर कुमार को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रति आभार जताया। नई जिम्मेदारी के बाद शंकर कुमार के समर्थकों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पार्टी का संगठनात्मक आधार झारखंड में और मजबूत होगा तथा सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाया जाएगा।

### हिंदी दिवस पर डीएवी में दिखा भाषा प्रेम, विद्यार्थियों ने प्रस्तुत कीं रचनात्मक प्रस्तुतियां

**झुमरीतिलैया।** पी.वी.एस.एस. डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरीतिलैया में हिंदी दिवस हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ, कहानी वाचन, नृत्य और पोस्टर के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और गौरव को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा सात की छात्रा निष्ठा गुप्ता के प्रभावशाली भाषण से हुई। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का संदेश दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में खुशी तिवारी, रशिका श्रीवास्तव, सौम्या कुमारी एवं कक्षा तीन की वाणी गुप्ता ने कविता पाठ किया। कक्षा छह की विद्या गुप्ता ने कहानी वाचन से उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। वहीं कक्षा आठ की प्रत्यूषा कुमारी ने हिंदी भाषा से जुड़े रोचक एवं ज्ञानवर्धक तथ्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कुमुद सिंह ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नंदनी एवं उनके समूह की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति रही। विद्यार्थियों द्वारा तैयार आकर्षक पोस्टरों में हिंदी भाषा की महत्ता, सुंदरता और समृद्धि को रचनात्मक तरीके से प्रदर्शित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। अपनी भाषा का सम्मान करना अपनी संस्कृति और पहचान का सम्मान करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं निधि अम्बष्ट, मिथिलेश कुमारी, मुकेश कुमारी, नीशू कुमारी, अंगद मिश्र एवं राजेन्द्र शर्मा का विशेष योगदान रहा।

### _राज इंटरनेशनल स्कूल में गणेश चतुर्थी व हिंदी दिवस पर सजी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा में 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी एवं हिंदी दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, संस्कार, नैतिक मूल्यों और हिंदी भाषा के प्रति अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान गणेश की वंदना एवं पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना दिया। भगवान गणेश के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से ज्ञान, विनम्रता, धैर्य, माता-पिता के सम्मान और दृढ़ संकल्प का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने भगवान गणेश की प्रेरणादायक कथा पर आधारित लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। नाटिका के माध्यम से सच्ची बुद्धिमत्ता, संस्कार, समर्पण और सकारात्मक सोच के महत्व को दशार्या गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने सराहा। वहीं हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण, कविता और कहानी के माध्यम से हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रस्तुतियों में हिंदी को भारतीय संस्कृति, भावनाओं और विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल घोष ने गणेश चतुर्थी और हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अपनी संस्कृति, भाषा और परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश के जीवन से ज्ञान, अनुशासन, विनम्रता और समर्पण की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज के सुख, शांति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भगवान गणेश से प्रार्थना की गई।

### गोमिया में ओएनजीसी के स्टोर रूम में चोरी के बाद दोबारा दुस्साहस, गार्ड की मुस्तैदी से वारदात नाकाम

**गोमिया (बोकारो)।** ओएनजीसी गोमिया क्षेत्र अंतर्गत साईट इङ # 11 (खुदगड्डा) स्थित स्टोर रूम में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। पहले स्टोर रूम से लाखों रुपये के कीमती उपकरणों और केबलों पर हाथ साफ करने के बाद चोरों ने महज तीन दिनों के भीतर दोबारा ताला तोड़कर चोरी का दुस्साहस किया। हालांकि, दूसरी घटना के दौरान ऑन-ड्यूटी सुरक्षा गार्ड की सतर्कता के कारण चोर अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके और मौके से भाग खड़े हुए। 10 सितंबर को पहली घटना, 11 को थाने में दर्ज हुई स्टेशन डायरी मामले की शुरूआत 10 सितंबर 2026 को हुई, जब टेस्टिंग सुपरवाइजर बीरजू कुमार ने स्टोर रूम से सामान गायब होने की सूचना कनिष्ठ अभियंता शुभम गुप्ता को दी।

# वैज्ञानिक उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने में हिंदी प्रभावी माध्यम : अरुण सज्जन






उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूमः** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में सोमवार को हिंदी सप्ताह समारोह का शुभारंभ हुआ। 14 से 22 सितंबर तक आयोजित होने वाले समारोह की अध्यक्षता प्रयोगशाला के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधुरी ने की। साहित्यकार डॉ. अरुण सज्जन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि डॉ. अरुण सज्जन ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कार और संस्कृति की परिचायक है। संस्कृत से विकसित हिंदी की सरलता और वैज्ञानिक प्रकृति इसे सहज भाषा बनाती है। हिंदी जैसी बोली जाती है, सामान्यतः उसी अनुरूप लिखी भी जाती है, जिससे इसे सीखना और समझना आसान होता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी और वैज्ञानिक उपलब्धियों को आम लोगों तक सरल एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाने में हिंदी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वैज्ञानिक संस्थानों में होने वाले शोध का लाभ व्यापक समाज तक तभी पहुंचेगा, जब उसकी जानकारी आमजन की समझ वाली भाषा में उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने विश्व व्यापार के विस्तार में भी हिंदी की संभावनाओं का उल्लेख किया। अध्यक्षीय संबोधन में निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधुरी ने कहा कि राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में प्रत्येक वर्ष हिंदी सप्ताह का आयोजन किया जाता है। हिंदी राजभाषा होने के नाते इसके प्रचार-प्रसार और अधिकाधिक प्रयोग की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने कहा कि हिंदी के साथ देश की संस्कृति, संस्कार और परंपराएं भी जुड़ी हैं। वैज्ञानिक संस्थानों का दायित्व है कि वे अपनी खोजों और उपलब्धियों को समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। इस कार्य में हिंदी प्रभावी माध्यम साबित हो सकती है। प्रयोगशाला की हिंदी अधिकारी डॉ. रानू वर्मा ने हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 14 से 22 सितंबर तक प्रयोगशाला परिसर में विभिन्न हिंदी संबंधी कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## खुलेआम शराबखोरी के खिलाफ एसएसपी से कार्रवाई की मांग

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूमः** डिमना चौक के आसपास लाइसेंसी शराब दुकानों के बाहर कथित तौर पर खुलेआम शराबखोरी और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। सोमवार को पूर्व भाजपा नेता सह समाजसेवी विकास सिंह ने इस मामले को लेकर पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि डिमना चौक के दोनों ओर स्थित शराब दुकानों के सामने सुबह से लेकर रात तक सड़क किनारे शराब पीने वालों की भीड़ लगी रहती है। अंधेरा होते ही शराब के नशे में धुत लोग महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं, जिससे आसपास के लोगों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। विकास सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन यदि समय रहते इन शराब दुकानों के आसपास खुलेआम शराब पीने वालों पर कार्रवाई नहीं करता है तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी घटना हो सकती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी घटना होने के बाद स्थिति जिला प्रशासन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक से मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों शराब दुकानों के आसपास नियमित जांच और शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

## करमपदा में स्वास्थ्य भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूमः** गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के करमपदा में नए स्वास्थ्य भवन के निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। भूमि पूजन के बाद जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य भवन का निर्माण पूरा होने के बाद करमपदा और आसपास के गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। इससे सामान्य इलाज के लिए ग्रामीणों को दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की परेशानी कम होगी। देवकी कुमारी ने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि स्वास्थ्य भवन का निर्माण समय पर पूरा कराने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।

बैठक में ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या भी उठाई। उन्होंने नल-जल व्यवस्था में सुधार के साथ खराब पड़े डीप बोरिंग की मरम्मत कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि डीप बोरिंग खराब होने के कारण कई स्थानों पर लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर देवकी कुमारी ने आश्वासन दिया कि वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद खराब पड़े डीप बोरिंग की मरम्मत कराकर उन्हें चालू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी के अलावा मुखिया लिपि मुंडा, मुखिया पार्वती किड़ो, ग्राम मुंडा राहुल नायक, राजेश मुंडा, सहिया सुमती देवी, लाली देवी और अमृता देवी सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य भवन के निर्माण को क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## किशोरियों ने सीखा नेतृत्व का हुनर, शिक्षा और बाल विवाह रोकथाम पर चर्चा

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम** : सामाजिक संस्था युवा यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) की ओर से रिबिल्ड इंडिया फंड के सहयोग से सुंदरनगर में दो दिवसीय किशोरी नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रशिक्षण का समापन किशोरियों से फीडबैक लेने के साथ हुआ। कार्यक्रम में पोटका प्रखंड के जुड़ी पहाड़ी, बड़ा बाघलता, भुटका और काशीडीह गांव की 50 किशोरियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान किशोरियों को आत्मविश्वास बढ़ाने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और परिस्थितियों में सही निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता से जुड़े अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षक अंजना देवगम और चांदमनी सवैया ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया, जबकि चन्द्र कला और रीला ने सहयोग किया। कार्यक्रम में लैंगिक समानता, बाल विवाह के दुष्परिणाम और कानूनी प्रावधान, स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, प्रभावी संवाद और पीयर लीडरशिप जैसे विषयों पर चर्चा हुई। किशोरियों ने समूह चर्चा और नाटक के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा, बाल विवाह, जबरन विवाह, महिलाओं के कामकाज और किशोरियों के खेलकूद जैसे मुद्दों को प्रस्तुत किया। मलाला यूसुफजई और सुधा मूर्ति के जीवन से जुड़ी प्रेरक कहानियों के माध्यम से नेतृत्व के गुणों को समझाया गया। गुड टच और बैड टच पर आधारित वीडियो भी दिखाया गया। दूसरे दिन सुनने, चित्र बनाने और संवाद से जुड़ी गतिविधियों के साथ किशोरियों को अपने आसपास की समस्याओं की पहचान कर उन्हें पंचायत स्तर पर उठाने की रणनीति बताई गई। संस्था के अनुसार यह पहल किशोरियों को विद्यालय से जोड़े रखने, उनका नेतृत्व विकसित करने और बाल विवाह की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे दीर्घकालिक प्रयासों का हिस्सा है।

## स्वर्णरेखा नदी में बह रहे किशोर को स्थानीय लोगों ने बचाया

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** :साकची थाना क्षेत्र स्थित स्वर्णरेखा घाट पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक किशोर तेज बहाव वाली नदी में बहने लगा। घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए किशोर को नदी से बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई, जिसके बाद साकची थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किशोर को अपने संरक्षण में लेकर थाने ले गई। बताया जाता है कि किशोर गोलमुरी क्षेत्र का रहने वाला है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घर में परिजनों की डांट से नाराज होकर वह स्वर्णरेखा घाट पहुंचा था। इसके बाद उसने नदी में छलांग लगा दी। नदी का बहाव तेज होने के कारण वह पानी की धारा में बहने लगा। घाट पर मौजूद लोगों की नजर जब उस पर पड़ी तो उन्होंने बिना देर किए उसे बचाने का प्रयास शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बचाव के दौरान किशोर लगातार कह रहा था कि उसे बचाया नहीं जाए और वह मरना चाहता है। इसके बावजूद स्थानीय लोगों ने हिम्मत नहीं हारी और काफी प्रयास के बाद उसे सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया। सूचना मिलने के बाद साकची थाना पुलिस घाट पर पहुंची और किशोर को थाने ले गई। पुलिस उससे पूछताछ करने के साथ ही उसे समझाया-बुझाया। थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव ने बताया कि उसके परिजनों से संपर्क करने में जुटी है।

# बर्तन फेरी करने वाले को गोली मारने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पश्चिमी सिंहभूम** :पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के सिमेरिता गांव में बर्तन फेरी करने वाले लोगों के घर में घुसकर लूटपाट और गोलीबारी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मनोहरपुर के धानापाली निवासी जशवंत महतो उर्फ छोटू (25) और अजय गोप उर्फ कालू (19) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 7.65 एमएम की पिस्टल, मैगजीन, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बहामन टुटी ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 12 सितंबर की रात करीब साढ़े नौ बजे सिमेरिता गांव में बर्तन फेरी का काम करने वाले सुरोजित दास अपने दो साथियों के साथ खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान हथियार से लैस दो अपराधी उनके घर में घुस आए और पिस्टल का भय दिखाकर करीब 20 से 25 हजार रुपये लूट लिए। वारदात के बाद दोनों अपराधी भागने लगे। पीड़ितों ने शोर मचाते हुए एक अपराधी को पकड़ने का प्रयास किया, तो उसने फायरिंग कर दी। गोली सुरोजित दास के पेट को छूते हुए निकल गई। भागने के दौरान जशवंत महतो गिर पड़ा और उसके पैर में गंभीर चोट लग गई। इसके कारण वह मौके से भाग नहीं सका और स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में जशवंत ने अपने साथी अजय गोप का नाम बताया। पुलिस के अनुसार, दोनों ने पहले बर्तन फेरी करने वालों के घर की रेकी की थी और घटना वाले दिन शराब पीने के बाद लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ में जशवंत ने हथियार को भागने के दौरान अंधेरे में फेंकने की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पिस्टल, मैगजीन, कारतूस और खोखा बरामद किया। इसके बाद विशेष छापेमारी दल ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर अजय गोप को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। लूट की रकम के बारे में पूछताछ करने पर दोनों आरोपितों ने बताया कि पकड़े जाने के डर से उन्होंने रुपये अंधेरे में ही कहीं फेंक दिए थे। मामले को लेकर मनोहरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार जशवंत महतो के खिलाफ सिमडेगा जिले के जलडेगा थाना में भी मामला दर्ज है। छापामारी दल में एसडीपीओ डेविड ए डोडराय, पुलिस निरीक्षक अमित रोशन कुल्लू, मनोहरपुर थाना प्रभारी पुअनि अन्मीएल एक्का, पुअनि सुधीर कुमार, सअनि नवकिशोर कुदादा सहित पुलिसकर्मी शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ता के घर से 17 लाख की चोरी, सीसीटीवी में पांच संदिग्ध कैद



**पूर्वी सिंहभूम** :पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर हृदय नगर में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने अधिवक्ता जावेद जमाल के घर का ग्रिल का ताला तोड़कर करीब 17 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। चोरी गए सामान में करीब 16 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 95 हजार रुपये नकद शामिल हैं। घटना के बाद कोवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अधिवक्ता जावेद जमाल के अनुसार, रविवार देर रात करीब दो से तीन बजे के बीच पांच की संख्या में चोर उनके घर में दाखिल हुए। करीब 3:10 बजे उनकी नींद खुली तो उन्हें आंखों में तेज जलन महसूस हुई। पानी से आंखें साफ करने के बाद उन्होंने घर के अंदर देखा तो उनके पिता के कमरे का दरवाजा खुला था। बाहर निकलने पर मुख्य गेट भी खुला मिला। इसके बाद उन्होंने अपनी मां को जगाया और पिता के कमरे की जांच की। कमरे में रखा गोदरेज टूटा हुआ था। उसमें रखे करीब 16 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 95 हजार रुपये नकद गायब थे। चोरी का पता चलने के बाद परिजनों ने तत्काल कोवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस सुबह करीब चार बजे जावेद जमाल के घर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। परिवार के अनुसार, घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में पांच संदिग्धों की गतिविधियां कैद हुई हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान में जुटी है। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और चोरों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन तेज कर दी है।

### टाटा स्टील यूआईएसएल कर्मचारियों को 17.85 प्रतिशत बोनस



**पूर्वी सिंहभूमः** टाटा स्टील यूआईएसएल के कर्मचारियों के बोनस को लेकर सोमवार को कंपनी प्रबंधन और टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड सर्विसेज श्रमिक यूनियन के बीच समझौता हुआ। समझौते के तहत इस वर्ष कर्मचारियों को 17.85 प्रतिशत बोनस मिलेगा। बोनस की न्यूनतम राशि 33,176 रुपये और अधिकतम राशि 34,23,294 रुपये निर्धारित की गई है। बोनस की राशि इसी महीने कर्मचारियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। बोनस समझौते पर कंपनी प्रबंधन की ओर से प्रबंध निदेशक अतुल भटनागर, सीनियर जीएम विजय प्रकाश सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। वहीं, यूनियन की ओर से अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, डिप्टी प्रेसीडेंट रविकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष पिंटू शर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते की खास बात यह है कि कंपनी प्रबंधन और यूनियन ने अगले तीन वर्षों के बोनस को लेकर भी सहमति बनाई है। इस वर्ष का बोनस वर्तमान बोनस फॉमूर्ले के आधार पर तय किया गया है, जबकि आगामी तीन वर्षों के लिए बोनस भुगतान की व्यवस्था और फॉमूर्ले को लेकर भी प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। कंपनी और यूनियन के बीच हुए इस समझौते से कर्मचारियों को अगले तीन वर्षों तक बोनस भुगतान की व्यवस्था को लेकर स्पष्टता मिलेगी। बोनस की राशि इसी माह कर्मचारियों के खातों में भेजे जाने से उन्हें तत्काल आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

### विजया गार्डन की 10वीं मंजिल से कूदकर टाटा स्टील के पूर्व चीफ की मौत, पुलिस जांच में जुटी



**पूर्वी सिंहभूमः** बिरसानगर थाना क्षेत्र के बारीडीह स्थित विजया गार्डन फेज-7 में सोमवार तड़के टाटा स्टील के मर्चेंट मिल के पूर्व चीफ संदीप पाल ने 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। 62 वर्षीय संदीप पाल के इस कदम से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार संदीप पाल पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थे। करीब 15 दिन पहले वह अपनी बेटी को बीकॉम की पढ़ाई के लिए मुंबई के एक कॉलेज में छोड़कर जमशेदपुर लौटे थे। बताया गया कि मुंबई में बेटी के रहने और वहां की परिस्थितियों को लेकर वह काफी चिंतित थे। इसके बाद से उनकी परेशानी बढ़ गई थी और वह तनाव में रहने लगे थे। घटना की सूचना मिलते ही बिरसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल खुदकुशी के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### नो-एंट्री व्यवस्था को सख्ती से लागू करे प्रशासनः पूर्णिमा साहू

**पूर्वी सिंहभूम** :एग्रिको स्थित अपने आवास के समीप हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मानगो निवासी पिता और उनके मासूम पुत्र की मौत पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सोमवार को गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि रविवार को एक ही परिवार के दो सदस्यों की एक साथ असमय मौत बेहद दुखद और हृदयविदारक है। इस घटना से पूरा शहर मर्माहत है और पीड़ित परिवार के दुख की घड़ी में सभी उनके साथ खड़े हैं। पूर्णिमा साहू ने दिवंगत पिता-पुत्र की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों को इस अपार पीड़ा को सहन करने की शक्ति देने की कामना की। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है, लेकिन इसके बावजूद नो-एंट्री के दौरान भारी वाहनों के परिचालन पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। विधायक ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब शहर में भारी वाहनों के लिए नो-एंट्री का प्रावधान है तो इसके बावजूद ऐसे वाहनों का परिचालन कैसे हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि नो-एंट्री के दौरान भारी वाहन शहर की सड़कों पर नहीं पहुंचें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल नो-एंट्री व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और दुर्घटना संभावित इलाकों में सड़क सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की।

# बाढ़ से भागलपुर त्रस्त, 8.5 लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में, दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष जारी

एजेंसी



**भागलपुर** :जिले में गंगा नदी के रौद्र रूप धारण करने से बाढ़ की स्थिति अत्यंत भयावह हो गई है। जिले के 111 गांव और 437 वार्ड पूरी तरह बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे 2,00,102 परिवारों के 8,56,379 लोग गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। गंगा पार के इलाकों में हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक बने हुए हैं। पूर्व मंत्री बुलो मंडल के आवास के आसपास के इलाके में भी अब तक गर्दन तक पानी भरा हुआ है, और पानी कब उतरेगा, इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए जिला प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत कार्यों में मुस्तैद हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्रों से अब तक 24,812 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। आवागमन और रेस्क्यू के लिए 122 नावों का परिचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 80 चिकित्सा केंद्र सक्रिय किए गए हैं, जबकि पशुओं की सुरक्षा भी बड़ी चुनौती है, क्योंकि प्रभावित पशुओं की संख्या 79,390 तक पहुंच गई है। भूख से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा 317 सामुदायिक रसोई चलाई जा रही हैं। सरकारी दावों और प्रयासों के बावजूद जमीन पर बेघर परिवारों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। सैकड़ों परिवार ऊंचे स्थानों पर शरण लेकर खानाबदोश की जिंदगी जीने को विवश हैं। बाढ़ के इस संकट ने परिवारों के भीतर पारंपरिक जिम्मेदारियों को भी बदल कर रख दिया है। पीड़ित बताते हैं कि चारों तरफ लबालब पानी भरे होने के कारण बच्चों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बन गई है। अनहोनी के डर से महिलाएं चौबीसों घंटे बच्चों की निगरानी में जुटी हैं, ताकि वे खेलते हुए पानी की तरफ न चले जाएं। वहीं दूसरी ओर, पुरुष अब परिवार के लिए भोजन जुटाने और पकाने की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में कई जगहों पर सामुदायिक किचन चलने के बावजूद लोग अपने स्तर पर भी चूल्हा जलाने का प्रयास कर रहे हैं, जो किसी जंग से कम नहीं है। चारों तरफ पानी होने के कारण सूखी लकड़ियां मिलना नामुमकिन हो चुका है। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि जो भी जलावन उपलब्ध है, वह पूरी तरह भीगा हुआ है। ऐसे में भीगी लकड़ियों को सुलगने और आग जलाने के लिए घंटों हाथ से पंखा झेलना पड़ता है, तब कहीं जाकर दो वक्त की रोटी का इंतजाम हो पाता है। वहीं बाढ़ का पानी उतरने की धीमी रफ्तार ने ग्रामीणों के सामने आजीविका और सुरक्षा का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है।

## लूटकांड का चार घंटे में खुलासा, तीन आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी



**बक्सर** :जिले में नावानगर थाना क्षेत्र के छवड्डुआ मोड़ के पास ट्रक चालक से नकदी और मोबाइल लूट की घटना का पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर उद्भेदन करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 13 सितंबर को सूचना मिली थी कि छवड्डुआ मोड़ के समीप चार अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने एक ट्रक चालक से नकद राशि एवं मोबाइल फोन लूट लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बक्सर के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरांव के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने सूचना के सत्यापन और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार और अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में मुकेश कुमार छवड्डुआ, थाना नावानगर का निवासी है। कृष्ण कुमार, थाना वासुदेवा क्षेत्र का निवासी है, जबकि अभिषेक कुमार सिकरौल थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया गया है। कृष्ण कुमार के विरुद्ध रोहतास जिले के दावथ थाना में भी एक मामला दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। इस संबंध में नावानगर थाना कांड संख्या 86/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जनता के दरबार में डीएम ने सुनीं 51 फरियादें, राजस्व से जुड़े सर्वाधिक 25 आवेदन

एजेंसी



**बक्सर;** आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में ह्लजनता के दरबार में जिलाधिकारीह्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी साहिला ने विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं।जनसुनवाई के दौरान कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें सर्वाधिक 25 आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित रहे। वहीं 15 आवेदन विकास विभाग तथा 11 आवेदन अन्य विभागों से जुड़े थे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी एवं न्यायोचित तरीके से किया जाए। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि आम जनता की समस्याओं के समाधान और प्रशासन से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को ह्लजनता के दरबार में जिलाधिकारीह्व कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। प्रशासन ने जनसहभागिता एवं जनसुनवाई को प्राथमिकता देते हुए लोगों की शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## खिड़की काटकर घर में घुसे चोर, गैस सिलेंडर, मोबाइल व रुपये ले जाने का आरोप

एजेंसी



**किशनगंज** :शहर के मोतीबाग कर्बला, वार्ड संख्या पांच में घर की खिड़की काटकर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पीड़ित महिला यासमीन ने सोमवार को किशनगंज सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में घर से भरा गैस सिलेंडर, मोबाइल फोन और किराना दुकान में रखे रुपये चोरी किए जाने का आरोप लगाया गया है। महिला ने चोरी का विरोध करने पर आरोपितों के परिजनों पर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का भी आरोप लगाया है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, यासमीन अपने घर में ही किराना की छोटी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। 14 सितंबर की सुबह कुछ युवक कथित तौर पर खिड़की काटकर उनके घर में प्रवेश कर गए। आरोप है कि घर से भरा हुआ गैस सिलेंडर और एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया। इसके अलावा दुकान में रखे डिब्बे से रुपये भी निकाल लिए गए। पीड़िता के अनुसार, खिड़की से बाहर निकलने के दौरान आवाज सुनकर घर के लोगों की नींद खुल गई। दरवाजा खोलने पर आरोपित भागने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान घर का सामान भी इधर-उधर कर दिया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपों की सत्यता और घटना में शामिल लोगों की पहचान को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

## लंबित मामलों के निष्पादन में देरी बर्दाश्त नहीं: डीएम

एजेंसी




**नालंदा:** नालंदा जिला प्रशासन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह, की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित मामलों, जन शिकायतों, राज्य स्तरीय सहयोग पोर्टल, सेवा संकल्प अभियान, राजस्व महाभियान, राशन कार्ड, विद्युत तथा शिक्षा से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों एवं कैलेंडर की समीक्षा से हुई। जिलाधिकारी ने अभियान को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंड एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यरत कर्मियों में से दो-दो कर्मियों को दस्तावेजीकरण एवं संबंधित कार्यों के लिए प्रशिक्षित कराने का निर्देश दिया, ताकि अभियान के दौरान कार्यों का सही तरीके से रिकॉर्ड संधारित किया जा सके। इस मौके पर डीएम ने कहा कि किसी भी मामले के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। विशेष रूप से राज्य स्तरीय सहयोग पोर्टल से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। अनुमंडल स्तर पर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवश्यक निर्णय शीघ्र लेते हुए मामलों को आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत योजना से संबंधित मामलों की समीक्षा में बताया गया कि पिछली समीक्षा के दौरान लंबित मामलों की संख्या 13 थी, जो वर्तमान में घटकर 7 रह गई है। जिलाधिकारी ने शेष सभी मामलों का निष्पादन इसी सप्ताह के अंदर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संबंधित पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी मामलों का समाधान कर लिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर सी.एम. डैशबोर्ड पर लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिक संख्या में लंबित मामलों के कारणों की जानकारी ली बताया गया कि इनमें अधिकांश मामले पुलिस प्रशासन से संबंधित हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर मामलों के त्वरित समाधान की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बल्क मिल्क वॉयलिंग एवं कूलिंग यूनिट के लिए चिह्नित भूमि से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। हीं, नगरनौसा में डिग्री कॉलेज के लिए भूमि संबंधी प्रस्ताव अब तक प्राप्त नहीं होने पर उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, हिलसा से जानकारी ली।अनुमंडल पदाधिकारी, हिलसा द्वारा बताया गया कि भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है तथा विभागीय दिशा-निर्देश प्राप्त करने के लिए पत्र भेजा गया है। दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही प्रस्ताव भेज दिया जाएगा। राशन कार्ड से संबंधित समीक्षा में जिलाधिकारी ने केवाईसी की प्रगति को 39 प्रतिशत से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। साथ ही एक अनुमंडल से दूसरे अनुमंडल के बीच कार्य प्रतिशत के अंतर के कारणों की जानकारी ली।

# निरीक्षण में कॉलेज की मनमानी उजागर डीईओ ने मांगा स्पष्टीकरण

एजेंसी




**नालंदा:** जिला मुख्यालय स्थित अयोध्या प्रसाद महिला महाविद्यालय, गगन बिगहा बिहारशरीफ में छात्राओं से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूले जाने की शिकायत की जांच के बाद सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय ने महाविद्यालय प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा नालंदा की ओर से जारी निरीक्षण प्रतिवेदन में महाविद्यालय में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने का उल्लेख किया गया है। विभाग ने प्राचार्य को निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लिखित बिंदुओं पर जवाब देने तथा संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जारी निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार,12 सितंबर 2026 को महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य से महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की संख्या और उनके द्वारा स्पष्ट रूप से पढ़ाए जाने वाले विषयों की जानकारी मांगी गई। प्रतिवेदन में कहा गया है कि प्राचार्य इस संबंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं करा सके, जिससे उनकी लापरवाही एवं मनमानी परिलक्षित होती है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि महाविद्यालय में विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए कई अभिलेखों पर प्राचार्य के हस्ताक्षर नहीं थे। वहीं, निरीक्षण में एक शिक्षक/प्राध्यापक के अनुपस्थित पाए जाने का भी उल्लेख किया गया है। छात्राओं से पूछताछ में एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया। छात्राओं ने बताया कि कक्षा 12वीं की परीक्षा फॉर्म भरने के लिए उनसे 3,500 रुपये शुल्क लिया जाता है। इसके अलावा परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान विश्वविद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा निर्धारित शुल्क के रूप में 1,430 रुपये लिए जाने की बात भी बताई गई। निरीक्षण प्रतिवेदन में कहा गया है कि इस तरह निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लिए जाने की शिकायत प्रथम दृष्टया प्राचार्य की मनमानी एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करती है।निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने के संबंध में प्राचार्य से पूछताछ किए जाने पर न तो विभागीय आदेश की प्रति उपलब्ध कराई गई और न ही महाविद्यालय में संबंधित कोई अभिलेख दिखाया गया। छात्राओं से विभिन्न मदों में प्राप्त राशि किस बैंक खाते में जमा की जाती है, इसके संबंध में भी प्राचार्य की ओर से कोई स्पष्ट साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया।निरीक्षण के दौरान उपलब्ध अभिलेखों की जांच में यह भी सामने आया कि विज्ञान संकाय में कुल 379 तथा कला संकाय में 114 छात्राओं का नामांकन है। हालांकि नामांकन पंजी के अवलोकन से यह बात सामने आई कि उक्त पंजी पर संबंधित पदाधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं। इन तमाम बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, नालंदा ने महाविद्यालय प्रबंधन को निरीक्षण प्रतिवेदन की प्रति भेजते हुए स्पष्ट कारण बताने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लिखित बिंदुओं के संबंध में विचार कर स्पष्टीकरण के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में विभाग एकतरफा कार्रवाई के लिए बाध्य होगा, जिसकी सारी जवाबदेही महाविद्यालय प्रबंधन की होगी। विभाग ने मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### छह चक्का कंटेनर से 5916 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद,चालक गिरफ्तार



**अररिया :** जोकीहाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचन पर काकन टोल टैक्स के पास संदेह के आधार पर छह चक्का कंटेनर से भारी मात्रा में विदेशी शराब का खेप बरामद किया।कंटेनर से कुल 5916 लीटर अंग्रेजी शराब का खेप बरामद किया गया है। मामले में पुलिस ने गाड़ी के चालक वैशाली जिला के अमृतपुर वार्ड संख्या तीन निवासी 34 वर्षीय रमेश कुमार राय पिता बाबूलाल राय को गिरफ्तार किया है। जानकारी एसपी जितेन्द्र कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एसपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि सोमवार को जोकीहाट थानाध्यक्ष को यह गुप्त सूचना मिली कि पश्चिम बंगालके सिलीगुड़ी से शराब से भरा एक कंटेनर जोकीहाट के रास्ते वैशाली जिला जाने वाला है। सूचना पर जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार, अनिल कुमार यादव, एएसआई बालकृष्ण महतो और गृहरक्षक के जवानों के साथ एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने संदेह के आधार पर पश्चिम बंगाल नंबर के छह चक्का कंटेनर संख्या डब्ल्यूबी 41 एफ/4271 को रोककर उनकी तलाशी ली तो तलाशी के क्रम में कंटेनर से 5916 लीटर अंग्रेजी शराब का खेप बरामद किया गया मामले में गाड़ी के चालक वैशाली जिला निवासी रमेश कुमार राय को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पूछताछ में पश्चिमबंगाल से वैशाली शराब का खेप लेकर जाने की बात स्वीकार की है।

### 42 बोतल विदेशी शराब बरामद,एक शराब तस्कर गिरफ्तार



**नवादा** :नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के फूलवरिया डैम के समीप सोमवार को उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए बाइक सवार एक युवक को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। टीम ने उसके पास से विभिन्न ब्रांड की कुल 42 बोतल शराब बरामद की है। गिरफ्तार युवक की पहचान सिमरकोल गांव निवासी छोटन प्रसाद यादव के पुत्र महेश कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जांच चौकी प्रभारी सह उत्पाद निरीक्षक अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने फूलवरिया डैम के समीप वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान शराब लेकर जा रहे बाइक सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बाइक से विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुईं। बरामद शराब में 750 एमएल की 8 पीएम की 12 बोतल, रॉयल ग्रीन की 12 बोतल, रॉयल स्टैग की 6 बोतल तथा 375 एमएल की रॉयल स्टैग की 12 बोतल शामिल हैं। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने उत्पाद विभाग को बताया कि शराब झारखंड के कोडरमा क्षेत्र से लाकर रजौली के जंगल इलाके के रास्ते सिमरकोल में बेचने के लिए ले जाई जा रही थी। उत्पाद अधीक्षक गणेश चंद्रा ने बताया कि बिहार-झारखंड सीमा पर शराब की तस्करी रोकने के लिए जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। मुख्य मार्ग के अलावा वैकल्पिक रास्तों पर भी निगरानी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उत्पाद विभाग ने गिरफ्तार युवक के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मेडिकल जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, पांच लोग गिरफ्तार, दो ई-रिक्शा और चार बैट्री



**भागलपुर:** शातिर वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने पांच सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है और दो ई-रिक्शा, चार बैटरी तथा 3,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। यह जानकारी सोमवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) नगर-01 ने दी। उन्होंने बताया कि भागलपुर पुलिस को यह बड़ी सफलता वरीय पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश और नगर पुलिस अधीक्षक की सीधी निगरानी में मिली। पिछले कुछ दिनों से जोगसर थाना क्षेत्र में टोटो गायब होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पीड़ित टोटो चालकों रामानंद कुमार और रोहित कुमार द्वारा वाहन चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर-01 और जोगसर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। विशेष टीम ने तकनीकी सर्विलांस और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरोह के पांचों सदस्यों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान उज्जवल कुमार, सन्नी कुमार, प्रदुमन कुमार राय, राजेश महतो और शालिग्राम साह के रूप में हुई है। इस ताबड़तोड़ छापेमारी और गिरफ्तारी में जोगसर थानाध्यक्ष सह पु.अ.नि. विनोद कुमार, पु.अ.नि. रंगलाल कुमार, पु.अ.नि. महेन्द्र प्रसाद यादव, पु.अ.नि. चितरंजन प्रसाद, स.अ.नि. शैलेश कुमार तथा थाने का सशस्त्र बल शामिल रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ के बाद चोरी के अन्य मामलों का भी खुलासा होने की संभावना है। इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय ई-रिक्शा चालकों ने राहत की सांस ली।

### बक्सर पुलिस के विशेष अभियान में 24 गिरफ्तार, 710.31 लीटर शराब बरामद

**बक्सर:** जिले में अपराध एवं शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर बक्सर पुलिस द्वारा 12 सितंबर को चलाए गए विशेष अभियान में विभिन्न मामलों में 24 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी 24 आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अभियान के दौरान गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में हत्या के प्रयास के दो आरोपित तथा आर्म्स एक्ट के एक आरोपित की गिरफ्तारी हुई। शराब से संबंधित मामलों में सेवन के आरोप में 12 तथा शराब बरामदगी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# रक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में दावा- एलएसी पर चीनी सेना की तैनाती में आई कमी

## रक्षा मंत्रालय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय वायु सेना की भूमिका पर जोर दिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आये चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की द्विपक्षीय वार्ता में भले ही सीमा विवाद का मुद्दा न उठा हो, लेकिन रक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर चीनी सेना की तैनाती में काफी कमी आने की बात कही गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत और चीन के बीच राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य स्तरों पर द्विपक्षीय बातचीत से उत्तरी सीमाओं पर सकारात्मक विकास हुआ है। साथ ही रक्षा मंत्रालय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय वायु सेना की भूमिका पर जोर दिया है।




यह रिपोर्ट चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के नई दिल्ली में ब्रिक्स समिट से घर लौटने के एक दिन बाद आई है। रक्षा मंत्रालय ने 2025-26 के लिए अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि भारतीय सेना ने उत्तरी सीमाओं को सुरक्षित किया। भारत और चीन के बीच राजनीतिक, राजनयिक और सैन्य स्तर पर आपसी बातचीत से भी अच्छे संबंध विकसित हुए, जिससे स्थिरता आई। रिपोर्ट में दोनों देशों के बीच बढ़े हुए राजनयिक और सैन्य जुड़ाव के बारे में बताते हुए कहा गया है कि दोनों देश दुश्मनी के बजाय पार्टनरशिप और शांति से मतभेदों को सुलझाने की प्रतिबद्धता चाहते हैं। यह भी बताया गया है कि भारत के लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) और ट्रेनिंग एरिया में 10 ब्रिगेड साइज की सेना तैनात करने के कदम के बाद उत्तरी बॉर्डर पर चीनी सेना की तैनाती में काफी कमी आई है।

सालाना रिपोर्ट में कहा गया है कि एलएसी के साथ सभी सेक्टर में भारतीय सेना अच्छी तरह से तैनात और किसी भी अचानक आने वाली स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। वर्ष 2025 में उत्तरी मोर्चे पर पूरी स्थिति के बारे में बताते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अलग-अलग लड़ाकू ब्रांच जैसे पैदल सेना, टैंक, आर्टिलरी और एयर डिफेंस एक ही छत के नीचे स्वतंत्र रूप से और सबसे असरदार तरीके से लड़ने के लिए तैनात हैं। साल 2025 में उत्तरी बॉर्डर के दूसरी तरफ पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की तैनाती में काफी कमी देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च और जुलाई 2025 में वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोआर्डिनेशन (डब्ल्यूएमसीसी) की 33वीं और 34वीं राउंड की बैठक के साथ नए सिरे से बातचीत हुई।

इसके अलावा इस साल भारत-चीन सीमा के सवाल को सुलझाने के लिए स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव्स की बातचीत भी फिर से शुरू हुई, जिसके दो राउंड दिसंबर 2024 और अगस्त 2025 में हुए। रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले साल अगस्त में तियानजिन में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) समिट के लिए चीन गए थे। इससे पहले राष्ट्रपति जिनपिंग ब्रिक्स समिट के लिए नई दिल्ली पहुंचे थे। शनिवार को ब्रिक्स समिट के दौरान मोदी और शी के बीच हुई बातचीत में कई मुद्दों पर बात हुई, जिसमें उनका व्यापार घाटा कम करना, आतंकवाद जैसी चुनौतियों से निपटना और बहुपक्षीय मंच पर फेयर ट्रेड पक्का करना शामिल है। इस बैठक में एलएसी के मुद्दे पर कोई बात नहीं हुई।

रक्षा मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय वायु सेना की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि पूरे पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए, जिसमें नूर खान और रहीम यार खान एयर बेस जैसी जगहों को निशाना बनाया गया। वायु सेना ने जवाबी ड्रोन और यूएवी हमलों के दौरान भारतीय एयरस्पेस की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाई। एक लेयर्ड एयर डिफेंस ग्रिड में स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम, पेचोरा और ओएसए-एके प्लेटफॉर्म को असरदार तरीके से तैनात किया गया था। इंटीग्रेटेड एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम ने रियल-टाइम कोऑर्डिनेशन को मुमकिन बनाया, जिससे हवाई खतरों को बेअसर करने और पूरे संघर्ष के दौरान नेट-सेंट्रिक ऑपरेशन बनाए रखने में मदद मिली। रक्षा मंत्रालय ने अपनी सालाना रिपोर्ट में सबसे लंबे समय तक जमीन से हवा में मार करने वाले विमानों पर रोशनी डाली है। एस-400 यूनिट के एक ऑपरेशन में एक पाकिस्तानी स्पेशल मिशन एयरक्राफ्ट को 314 किमी. की दूरी से सफलतापूर्वक निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया। इस ऑपरेशन से वायु सेना ने एयर डिफेंस के नियमों को फिर से लिखा और भारतीय रडार ने चुपचाप और बिना किसी गलती के एकदम सही तरीके से खतरे को ट्रैक किया। लंबी दूरी की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल को उसकी दूर की सीमा तक गाइड किया गया। इस जरूरी ऑपरेशन ने दुश्मन को साबित कर दिया कि जमीन या हवा में कोई भी जगह वायु सेना के हमलों की पहुंच से बाहर नहीं थी।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा ने की आशीर्वाद का दीया जलाने की अपील

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देशवासियों से ह्यआशीर्वाद का दीया जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मूल ध्येय जन सेवा से देश सेवा रहा है और पिछले 25 वर्षों में उन्होंने इसी संकल्प के साथ देश की सेवा की है। नितिन नवीन ने सोमवार को जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि जब मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला, उस समय देश के सामने कई चुनौतियां थीं। उन्होंने नई नीतियों और योजनाओं के जरिए आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया। कोरोना महामारी के दौरान भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने संकट को अवसर में बदलने का प्रयास किया और वैक्सीन विकसित कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए। स्टार्टअप के जरिए युवाओं को नए अवसर मिले, वहीं शौचालय निर्माण और लखपति दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तीकरण पर जोर दिया गया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश की सुरक्षा के मोर्चे पर भी बड़ा बदलाव आया है। नक्सलवाद के प्रभाव को काफी हद तक खत्म किया गया है और आतंकवाद के खिलाफ भी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि आज देश अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर पहले से अधिक मजबूत स्थिति में है। नितिन नवीन ने कहा कि देश ह्यविकसित भारत @ 2047ह्ण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर को शाम 6 से 7 बजे के बीच अपने घरों में आशीर्वाद का दीया जलाएं और उनके दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना करें।

## केंद्रीय मंत्रियों ने हिंदी दिवस पर दी बधाई, भाषा को ज्ञान, विज्ञान और तकनीक से जोड़ने पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई प्रमुख नेताओं ने सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने हिंदी को भारतीय संस्कृति, सभ्यता और जीवन-मूल्यों की अभिव्यक्ति बताते हुए इसे ज्ञान, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हिंदी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, सभ्यता और जीवन-मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करती है। ओम बिरला ने कहा कि हिंदी की महिमा को बढ़ाना देश की समृद्ध भाषाई




और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करना है। उन्होंने लोगों से हिंदी को संरक्षित, प्रोत्साहित और प्रचारित करने का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने ज्ञान, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में हिंदी को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हिंदी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिंदी भारत की संस्कृति, सभ्यता और जीवन-मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति है। यह भाषा देश की विविधता को एकता के सूत्र में बांधने का काम करती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंदी की महिमा को बढ़ाना भारतीय भाषाई और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान है। हिंदी को संरक्षित, प्रोत्साहित और प्रचारित करने के साथ ही ज्ञान, विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के क्षेत्रों में इसे अधिक प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि राजभाषा के रूप में हिंदी जनसंचार, सुशासन और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय भाषाओं के साथ आगे बढ़ते हुए हिंदी अब तकनीक और शोध के क्षेत्र में भी अपनी जगह बना रही है। शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर लोगों से हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं को सशक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं का विकास देश की भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी महत्वपूर्ण है।

## डीआरआई ने पाकिस्तान मूल के 362 मीट्रिक टन से अधिक छुहारे किए जब्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पाकिस्तान से आयात पर लगे प्रतिबंध को दरकिनार करने की कोशिश का भंडाफोड़ करते हुए पाकिस्तान मूल के 362 मीट्रिक टन से अधिक छुहारे (ड्राई डेट्स) जब्त किए हैं। यह कार्रवाई डीआरआई के विशेष अभियान ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट के तहत की गई। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने नासिक के अंबड स्थित कंटेनर फ्रेट स्टेशन पर मुंबई की एक कंपनी द्वारा आयात किए गए छुहारों से भरे 13 कंटेनरों को रोका। आयात से संबंधित दस्तावेजों में माल का मूल देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) बताया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि माल के वास्तविक स्रोत को छिपाने के लिए सुनियोजित तरीके से ट्रांस-शिपमेंट का सहारा लिया गया था। जांच के अनुसार, ये छुहारे पहले पाकिस्तान के कराची बंदरगाह से यूएई के जेबेल अली बंदरगाह भेजे गए। इसके बाद वहां माल को केवल दूसरे कंटेनरों में स्थानांतरित कर भारत भेज दिया गया। जांच में यह भी पता चला कि इस पूरी प्रक्रिया में पाकिस्तानी नागरिकों द्वारा संचालित कुछ संस्थाओं की भूमिका थी। डीआरआई ने दस्तावेजों और माल की वास्तविक उत्पत्ति के बीच अंतर को गंभीरता से लेते हुए खेप को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, पहलगाम आतंकी हमले के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने दो मई, 2025 से पाकिस्तान से आने वाले या पाकिस्तान मूल के सभी सामानों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आयात और पारगमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

## मणिपुर में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के कैडर और वसूलीकर्ता गिरफ्तार, हेरोइन व नशीली कैप्सूल बरामद

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस ने बीते 24 घंटे में चलाए गए अलग-अलग अभियानों में विभिन्न प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े कई सक्रिय कैडरों और कथित वसूलीकताओं को गिरफ्तार किया। इस दौरान मादक पदार्थ भी बरामद किए गए। असम राइफल्स से मिली सूचना के आधार पर सीडीओ-इंफाल पश्चिम की टीम ने मोइदांगपोक इलाके में अभियान चलाकर केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के सक्रिय कैडर 26 वर्षीय थांगजाम सनातोम्बा सिंह उर्फ थेम्बुंग को गिरफ्तार किया। वह मोइदांगपोक माखा लीकाई का रहने वाला है। एक अन्य अभियान में सीडीओ-इंफाल पश्चिम ने तकीयेल खोंगबल लैराक अचौबा इलाके में तलाशी अभियान चलाकर केसीपी (अपुनबा) के सक्रिय सदस्य 26 वर्षीय संजेनबाम अल्बर्ट मीतेई उर्फ लुखोई को उसके आवास से गिरफ्तार किया। उस पर वसूली गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। पटसोई यूनिक-खोंग बाजार इलाके में चलाए गए अभियान में पीआरई-पीएके (पीआरओ) के सदस्य 48 वर्षीय खोंगबंतबाम इनाओ सिंह उर्फ इबोयाइमा को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 18,500 नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इधर, लिलोंग थाना और सीडीओ-थौबल की संयुक्त टीम ने लिलोंग उसोइपोकपी से बीबी लेइहान (66) और मोहम्मद फारूक (40) को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 182 एसपी कैप्सूल तथा कुल 133 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसमें 12 ग्राम हेरोइन एक साबुनदानी में और 121 ग्राम हेरोइन 91 प्लास्टिक शीशियों में रखी हुई थी। एक अन्य संयुक्त अभियान में सीडीओ-इंफाल पूर्व और 31 असम राइफल्स ने फाकनुंग, इंफाल पूर्व से केसीपी (अपुनबा) के दो कथित वसूलीकताओं को गिरफ्तार किया।

## होर्मुज के नए समुद्री रास्ते पर क्षेत्रीय बैठक टली, बहरीन ने ईरान से बातचीत से बनाई दूरी

एजेंसी

**मस्कट/सलालाह।** होर्मुज जलडमरूमध्य में नए समुद्री रास्ते को लेकर ईरान और खाड़ी देशों के बीच प्रस्तावित क्षेत्रीय बैठक टल गई है। ओमान के सलालाह में होने वाली इस बैठक से पहले बहरीन ने ईरान के साथ सामूहिक मंत्री-स्तरीय वार्ता में शामिल होने से इनकार कर दिया, जिसके बाद मस्कट ने बैठक स्थगित करने का फैसला किया। तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू के मुताबिक, ओमान के विदेश मंत्रालय ने रविवार देर रात कहा कि बैठक को रचनात्मक बातचीत के लिए सही माहौल बनाने के उद्देश्य से बाद की तारीख तक स्थगित किया गया है। हालांकि, बैठक की नई तारीख की घोषणा नहीं की गई है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने सोशल




मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि क्षेत्रीय सहमति बनाने के लिए बैठक को स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि ओमान ऐसी बातचीत को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो क्षेत्र में स्थिरता और लंबे समय तक चलने वाले सहयोग को मजबूत करे। बैठक टाले जाने से पहले बहरीन ने ईरान के साथ प्रस्तावित सामूहिक मंत्री-स्तरीय वार्ता में शामिल होने से इनकार कर दिया था। बहरीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध बहाल होने तक मनामा ईरान के साथ ऐसी किसी सामूहिक बैठक में हिस्सा नहीं लेगा। गौरतलब है कि, प्रस्तावित बैठक में बहरीन, ईरान, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, कतर, सऊदी अरब और कुवैत के शामिल होने की उम्मीद थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि बैठक का मुख्य एजेंडा, बल्कि एकमात्र एजेंडा, होर्मुज जलडमरूमध्य में नए समुद्री रास्ते की व्यवस्था है। अरागची के मुताबिक, ईरान और ओमान ने नए समुद्री मार्ग को निर्धारित करने वाले एक समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। दोनों देशों ने इस मार्ग के नक्शे और संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी वाला संयुक्त बयान भी जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओमान के साथ हुआ समझौता होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के बराबर नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा और समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। क्षेत्र में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़े सैन्य तनाव के बीच इस जलमार्ग की सुरक्षा और आवाजाही को लेकर खाड़ी देशों की चिंता बढ़ी है। ईरान ने इससे पहले बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों से जुड़ी मानी जाने वाली कुछ जगहों को निशाना बनाया था। इनमें ईसा एयर बेस भी शामिल है। तेहरान ने इन हमलों को ईरानी ठिकानों पर अमेरिकी हमलों की प्रतिक्रिया बताया था। ऐसे में बहरीन का ईरान के साथ सामूहिक वार्ता से दूरी बनाना और उसके बाद ओमान द्वारा बैठक स्थगित किया जाना क्षेत्रीय कूटनीति के लिए महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। फिलहाल, ओमान ने बैठक की नई तारीख या इसे स्थगित करने के किसी विशिष्ट कारण की आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

## एक नजर

### बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के काफिले पर हमला, बीएलए-बीआरजी ने ली कई हमलों की जिम्मेदारी



**बलूचिस्तान।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स (बीआरजी) ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के लासबेला, जिवाणी, मशकेल और कच्छी इलाकों में किए गए कई ऑपरेशनों की अलग-अलग जिम्मेदारी ली है। इन दावों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के काफिले पर हमला, चार लोगों की हत्या, लिथियम खोज स्थल पर उपकरणों को नुकसान पहुंचाना और सड़कों पर नाकाबंदी शामिल है। बलूचिस्तान की ऑनलाइन समाचार नेटवर्क 'द बलूचिस्तान पोस्ट' ने बीएलए प्रवक्ता जियांद बलूच के हवाले से बताया कि रविवार को जारी बयान में दावा किया कि संगठन के 'फतह स्क्वाड' ने शनिवार सुबह लासबेला के वल्लापत इलाके में पाकिस्तानी सेना की 15 सीमांत बल बम डिस्पोजल पार्टी के काफिले को निशाना बनाया। बीएलए के मुताबिक, हमला आईईडी विस्फोट से शुरू हुआ और इसके बाद गोलीबारी हुई। संगठन ने दावा किया कि दो सैन्य वाहन पूरी तरह नष्ट हुए, जबकि दो अन्य को भारी नुकसान पहुंचा। बीएलए ने नौ सैनिकों के मारे जाने और 11 से अधिक के घायल होने का भी दावा किया। हालांकि, पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में चार सुरक्षाकर्मी मारे गए और सात अन्य लोग घायल हुए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में एक आम नागरिक भी शामिल है। बीएलए ने जिवाणी में एक कथित खुफिया-आधारित ऑपरेशन में चार लोगों को मारने का दावा भी किया। संगठन ने आरोप लगाया कि मारे गए लोग पाकिस्तानी सेना और मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़े थे। बीएलए ने उनकी पहचान गुलाम मुस्तफा, सनम मसीह, कंवल शहजाद और दानिश इकबाल के रूप में की और दावा किया कि वे नेशनल लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन (एनएलसी) के साथ काम करते हुए खुफिया गतिविधियों में शामिल थे। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। एक अन्य घटनाक्रम में बीएलए ने मशकेल में लिथियम की खोज करने वाली एक साइट को निशाना बनाने का दावा किया। संगठन के अनुसार, उसके सदस्यों ने चार ड्रिलिंग मशीनों और पांच वाहनों को आग लगा दी। बीएलए ने कहा कि साइट पर मौजूद कर्मचारियों को हिरासत में लेने के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। संगठन ने बलूचिस्तान में लिथियम खोज और खनन परियोजनाओं का विरोध करते हुए स्थानीय और विदेशी कंपनियों को ऐसे प्रोजेक्ट्स से दूर रहने की चेतावनी दी।

### दक्षिण कोरिया-जापान-अमेरिका ड्रिल के बाद उत्तर कोरिया का पलटवार, किया स्ट्राइक ड्रिल



**सियोल।** दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच पांच दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास के खत्म होने के बाद उत्तर कोरिया ने आर्टिलरी और मिसाइल इकाइयों के साथ बड़े पैमाने पर फायरपावर स्ट्राइक ड्रिल की। उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया ने सोमवार को इस सैन्य अभ्यास की जानकारी दी। दक्षिण कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी योनहाप के अनुसार, यह रिपोर्ट दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के उस बयान के दो दिन बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि उत्तर कोरिया ने वोनसान इलाके से ईस्ट सी की ओर कई शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। गौरतलब है कि, बीते 12 सितंबर को कोरियन पीपुल्स आर्मी की लंबी दूरी की आर्टिलरी और मिसाइल इकाइयों ने संयुक्त फायरपावर अटैक ड्रिल में हिस्सा लिया। अभ्यास में पांच आर्टिलरी और मिसाइल संयुक्त इकाइयों से चुनी गई सब-यूनिट्स शामिल थीं। इस दौरान कई आधुनिक हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें कई प्रकार के अटैक ड्रोन, टैक्टिकल क्रूज मिसाइलें, बड़े कैलिबर वाले थर्मल-प्रेशर मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर और टैक्टिकल बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल थीं। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने दावा किया है कि सभी स्ट्राइक हथियार प्रणालियों ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को 100 प्रतिशत सटीकता के साथ निशाना बनाया। उत्तर कोरिया ने इस अभ्यास को अपनी फायरपावर और विभिन्न सैन्य इकाइयों के बीच समन्वय की क्षमता का प्रदर्शन बताया। उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग-उन इस ड्रिल में मौजूद नहीं थे। अभ्यास की निगरानी उत्तर कोरिया के सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के वाइस चेयरमैन पाक जोंग-चोन ने की। वहीं, उत्तर कोरियाई सेना के आर्टिलरी ब्यूरो के डायरेक्टर यू चांग-सन ने कहा कि इस तरह के व्यावहारिक अभ्यास से दुश्मन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तैयारी और सैन्य विशेषज्ञता को मजबूत किया जाएगा।

### ब्रिक्स से दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति का आह्वान- एआई की निगरानी के लिए बने अंतरराष्ट्रीय तंत्र

**नई दिल्ली/अंकारा।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने ब्रिक्स देशों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के स्वतंत्र वैज्ञानिक मूल्यांकन और निगरानी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय तंत्र स्थापित करने का आह्वान किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि एआई की तकनीकी क्षमता इंसानों की उसे समझने, निगरानी करने और नियंत्रित करने की क्षमता से आगे नहीं बढ़नी चाहिए। तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू व स्थानीय मीडिया के अनुसार, नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए रामफोसा ने कहा कि एआई उत्पादकता और मानव प्रगति के नए दौर की शुरूआत कर सकता है। हालांकि, उन्होंने तेजी से शक्तिशाली होते एआई सिस्टम से जुड़े संभावित जोखिमों पर भी चिंता जताई। रामफोसा ने कहा कि जिम्मेदारी और प्रभावी तरीके से इस्तेमाल किए जाने पर एआई असमानता, गरीबी और अविकास को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह चिकित्सा, शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और कृषि उत्पादकता के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकता है। लेकिन उन्होंने उन्नत एआई सिस्टम से जुड़े कई संभावित खतरों का भी जिक्र किया। इनमें उन्नत साइबर ऑपरेशन, जैविक हथियारों के विकास में सहायता, स्वायत्त कार्रवाई, हेरफेर, बड़े पैमाने पर निगरानी और रोजगार पर असर शामिल हैं। कहा कि हमें न तो एआई से डरना चाहिए और न ही इसे लापरवाही से अपनाना चाहिए। हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि मानव शासन एआई जितनी तेजी से आगे बढ़े। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने एआई कंपनियों की स्वतंत्र बाहरी निगरानी की जरूरत पर जोर देते हुए एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई के विचारों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि एआई कंपनियों को औपचारिक बाहरी जांच, स्वतंत्र ऑडिट और सरकारी निगरानी के दायरे में होना चाहिए।